धनबाद
मंगलवार 04.03.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-13 पृष्ठ- 12
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-5
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

बिहार ऑब्जर्वर

वित्त मंत्री ने पेश किया 1 लाख 45 हजार 400 करोड़ का बजट

पाँच नए लॉ यूनिवर्सिटी खोले जाएंगे, पाँच जिलों में बिज़नेस और मॉस कम्यूनिकेशन संस्थान ✪ राज्य की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण

रांची (एजेंसी): झारखंड के वित्त मंत्री ने २०२५-२६ के बजट को विधानसभा में प्रस्तुत करते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था की मजबूती पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक विकास दर लगातार सुधार रही है। वर्ष २०१९-२० में राज्य की विकास दर केवल १.१ प्रतिशत थी, जबकि २०२२-२३ में यह ७.८ प्रतिशत तक पहुंची और २०२३-२४ में ७.५ प्रतिशत रही। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि आगामी वर्ष २०२५-२६ में विकास दर ७.५ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

झारखंड के वित्त मंत्री ने २०२५-२६ के बजट को विधानसभा में प्रस्तुत करते हुए राज्य की अर्थव्यवस्था की मजबूती पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की आर्थिक विकास दर लगातार सुधार रही है। वर्ष २०१९-२० में राज्य की विकास दर केवल १.१ प्रतिशत थी, जबकि २०२२-२३ में यह ७.८ प्रतिशत तक पहुंची और २०२३-२४ में ७.५ प्रतिशत रही। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि आगामी वर्ष २०२५-२६ में विकास दर ७.५ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने आगामी वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के लिए एक लाख ४५ हजार ४०० करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जो पिछले वर्ष से १३ प्रतिशत अधिक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार का आर्थिक स्वास्थ्य मजबूत है और यह बजट राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

वित्त मंत्री ने बताया कि गठबंधन सरकार ने राज्य के राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। वित्तीय वर्ष २०२२-२३ में राजकोषीय घाटा १.१ प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जिससे राज्य का डेट-जीडीपी रेशियो सुधरा है। २०२१-२२ में यह ३०.२ प्रतिशत था, २०२२-२३ में २८.४ प्रतिशत और २०२३-२४ में २७.७ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

राजस्व आय में लगातार वृद्धि

वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य की राजस्व आय (कर और गैर-कर राजस्व) में लगातार वृद्धि हो रही है। २०१९-२० में राज्य की कुल राजस्व आय २५,५२१ करोड़ रुपये थी, जो २०२३-२४ में बढ़कर ४१,४२९.८८ करोड़ रुपये हो गई है। २०२५-२६ में राज्य की कुल राजस्व आय ६१,०५६.१२ करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

वित्त मंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि राज्य सरकार ने विकास कार्यों को प्राथमिकता दी है और पूंजीगत परिव्यय में वृद्धि की है। वित्तीय वर्ष २०२४-२५ के लिए पूंजीगत परिव्यय में ९.०६ प्रतिशत की वृद्धि की गई है, और इस वर्ष इसे २५,७२० करोड़ ४१ लाख रुपये के स्तर पर रखा गया है।

सिंकिंग फंड में 2282 करोड़ का निवेश

सड़क और आधारभूत संरचना के विकास के लिए सरकार ने ऋण लिया है, और इससे संबंधित पहले लिए गए ऋणों के भुगतान के लिए सिंकिंग फंड में निरंतर निवेश किया जा रहा है। वित्त मंत्री ने बताया कि २०२०-२१ से अब तक सिंकिंग फंड में कुल २२८२ करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। इस वर्ष इसके लिए ६३८ करोड़ १३ लाख रुपये का पुनः निवेश प्रस्तावित है।

वित्त मंत्री ने राज्य के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए पेंशन कोष के गठन की भी घोषणा की। २०२३-२४ में पेंशन कोष में ७०० करोड़ रुपये और २०२४-२५ में ७८० करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि २०२५-२६ में इस कोष में ८३२ करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है।

रॉयल्टी व बकाया राशि पर विशेष जोर

बजट भाषण के दौरान वित्त मंत्री ने राज्य की आर्थिक स्थिति और योजनाओं का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने सदन में यह जानकारी दी कि झारखंड सरकार केंद्र से राज्य की रॉयल्टी का एक-एक पाई वापस लाएगी, और इसके लिए कार्रवाई की जा रही है। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार केंद्र सरकार के खिलाफ कानूनी कदम भी उठा सकती है।

बकाया राशि का मुद्दा

सत्र की कार्यवाही सुबह ११:०५ बजे शुरू हुई, जिसके बाद प्रश्नकाल हुआ। इस दौरान जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने केंद्र सरकार पर झारखंड के १.३६ लाख करोड़ रुपये बकाया होने का मुद्दा उठाया। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब दिया कि बकाया राशि की सही गणना के लिए एक समिति का गठन किया गया है, और शीघ्र ही इस मुद्दे का समाधान निकाला जाएगा।

प्रमुख घोषणाएं

वाल्मिकी छात्रावृत्ति योजना लागू की जा रही है।

जमशेदपुर-रांची, पलामू, देवघर और धनबाद- हजारीबाग में स्कूल ऑफ बिज़नेस और मॉस कम्यूनिकेशन संस्थान खोले जाएंगें। पाँच जिलों में लॉ यूनिवर्सिटी खोले जाएंगे।

एससी-एसटी छात्राओं के लिए निशुल्क छात्रावासों का निर्माण कराया जा रहा है।

मरांग-गोमके जयपाल सिंह मुंडा के लिए चयनित संस्थानों में एससी-एसटी और अल्पसंख्यकों को मिलेगा लाभ।

आदिवासियों के लिए ख़ुशख़बरी है कि झारखंड में टीएसी के तर्ज पर झारखंड अनुसूचित जनजाति परामर्शदात्री कमेटी बनेगी।

पलामू किला को संरक्षित और विकसित किया जाएगा।

ग्लास ब्रिज का निर्माण होगा।

सिंदरी और देवघर में सॉफ़्टवेयर पार्क भारत सरकार को हैंडवओवर किया जाएगा।

४५ वर्ष के राजनीतिक जीवन में पहली बार झारखंड का बजट पहली बार पेश कर रहा हूं- वित्त मंत्री।

मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी , सोनिया गांधी और हेमंत सोरेन का शुक्रिया- राधाकृष्ण किशोर।

जमशेदजी टाटा के जन्मदिन के मौके पर बजट पेश करना गौरव की बात।

राजस्व संवर्धन विभाग बनाया गया है।

राज्य के संसाधन सीमित हैं।

झारखंड में इनोवेशन हब बनेगा।

झारखंड में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं।

टूरिज्म सर्किट के लिए सरकार काम कर रही है।

केंद्र के पास १.३६ लाख करोड़ बकाया है, अगर आवाश्यक हुआ तो सरकार कानूनी कार्रवाई भी करेगी।

केंद्रांश कम प्राप्त हो रहा है और इससे सरकार का व्यय कम हो जाता है।

२०२३-२४ में विकास दर ७.४ रहा।

२०२४-२५ में विकास दर ७.५ रहा।

योजना व्यय में लगातार वृद्धि हुई है।

स्थापना व्यय से ज्यादा योजना व्यय में खर्च हुए।

राजकोषीय घाटा को नियंत्रित करने की कोशिश में सफलता मिली है।

१३ प्रतिशत अधिक का बजट है इस बार।

पहली बार कोई दलित वित्त मंत्री बजट पेश कर रहा है। सबसे अधिक बार रघुवर दास ने बजट पेश किया था। झारखंड का पहला बजट महत १७०० करोड़ का था।

जनता पर बिना कोई बोझ बढ़ाये हमने एक सुंदर और संतुलित बजट पेश किया है : हेमंत सोरेन

रांची (एजेंसी): विधानसभा में आज बजट पारित होने के बाद सीएम हेमंत सोरेन मीडिया को संबोधित किया। सोरेन ने कहा कि जनता पर बिना किसी तरह का आर्थिक बोझ दिये हमने एक संतुलित बजट पेश किया है। हर क्षेत्र में विकास के लिए राशि का प्रावधान किया है और कोई भी क्षेत्र इससे अछूता नहीं है। हमने पिछली सरकार में विकास की गति को बनाये रखा और हमारा खर्च भी आगे बढ़ा है। लेकिन किसी तरह का बोझ किसी नागरिक पर नहीं डाला गया। ये सबको जोड़ने वाला बजट है और जो इससे छूटेंगे उनको या उस क्षेत्र का आनेवाले समय में जोड़ेंगे। झारखंड एक पिछड़ा राज्य होते हुए भी अपनी वित्तीय व्यवस्थाओं को मजबूती प्रदान कर रहा है। सोरेन ने आगे कहा, मैंने किसी अखबार में पढा है कि अपनी वित्तीय व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में हमारा राज्य देश में चौथे स्थान पर है।

यूनिवर्सिटी में छात्रों के बीच मारपीट

कोलकाता (ईएमएस): कोलकाता के जादवपुर यूनिवर्सिटी में छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर तृणमूल कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी की स्टूडेंट विंग एसएफआई समर्थक छात्रों के बीच सोमवार को मारपीट हो गई। कुछ वीडियो सामने आए हैं जिसमें लडक़े-लड़कियां एक-दूसरे के साथ हाथापाई करते हुए नजर आ रहे हैं। जादवपुर यूनिवर्सिटी में पिछले ५ साल से छात्र संघ के चुनाव नहीं हुए है। स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया सहित दूसरे स्टूडेंट फ्रंट राज्य की ममता बनर्जी सरकार से चुनाव की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर रहे है।

माधबी बुच मामले की सुनवाई आज

नई दिल्ली (ईएमएस): सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश से जुड़े मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट में ४ मार्च को सुनवाई होगी। मुंबई की एक स्पेशल एंटी-करप्शन कोर्ट ने शेयर फ्रॉड से जुड़े मामले में माधबी बुच समेत ६ लोगों पर एफआईआर का आदेश दिया है। सेबी ने कोर्ट के आदेश को चुनौती दी है, जिसपर ४ मार्च को जस्टिस एसजी डिगे के समक्ष सुनवाई होगी।

दृष्टिहीन भी बन सकेंगे जज:सुप्रीम कोर्ट

मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियमों को किया खारिज

नई दिल्ली (ईएमएस): सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए कहा कि दृष्टिहीन (नेत्रहीन) लोग भी न्यायिक सेवाओं में नियुक्त हो सकते हैं। अदालत ने साफ किया कि दिव्यांगता के आधार पर किसी भी व्यक्ति को न्यायिक सेवाओं से वंचित नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियमों को खारिज कर दिया, जो दृष्टिहीन उम्मीदवारों को जज बनने से रोकते थे। इस फैसले के बाद अब दृष्टिहीन उम्मीदवार भी न्यायिक सेवाओं के लिए चयन प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की डबल बेंच ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा, कि किसी भी व्यक्ति को उसकी दिव्यांगता के आधार पर न्यायिक सेवा से वंचित नहीं किया जा सकता। दृष्टिहीन लोगों को भी समान अवसर मिलना चाहिए, ताकि वे अपने अधिकारों का उपयोग कर सकें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मध्य प्रदेश के न्यायिक सेवा नियमों में भेदभावपूर्ण भाषा का इस्तेमाल किया गया था, जिससे दृष्टिहीन उम्मीदवारों को बाहर रखा जाता था। इस फैसले की शुरुआत मध्य प्रदेश की एक महिला की याचिका से हुई थी, जिसका दृष्टिहीन बेटा न्यायिक सेवा में जाना चाहता था। जब उसे चयन प्रक्रिया में भाग लेने से रोका गया, तो उसकी मां ने सुप्रीम ▶▶ 8

2050 तक तीन वैश्विक महाशक्तियों में से एक होगा भारत : रानिल विक्रमसिंघे

नई दिल्ली (ईएमएस): भारत के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने दिल्ली में एनएक्सटी २०२५ कॉन्क्लेव में भारत के उदय की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। उनके अनुसार, २०५० तक भारत अमेरिका और चीन के साथ वैश्विक महाशक्तियों में से एक होगा। विक्रमसिंघे ने भारत की अर्थव्यवस्था के विकास के अवसरों पर भी चर्चा की और बताया कि भारत केंद्रित सप्लाई चेन में आसियान देशों को जोड़कर नए अवसरों की सृजना करेगा। उन्होंने यह भविष्यवाणी की कि भारत की अर्थव्यवस्था २०५० तक ३० ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगी। विक्रमसिंघे ने कहा कि मैं १९६३ से भारत आ रहा हूं। अब आपको यह देखना होगा। भारत आर्थिक महाशक्ति बनने के लिए उड़ान भरने के चरम बिंदु पर पहुंच गया है। उन्होंने भारत के उदय को वह इंजन बताया जो पूरे दक्षिण एशिया को साझा समृद्धि के एक नए युग में ले जा सकता है। विक्रमसिंघे ने भारत के उदय से उत्पन्न आर्थिक अवसरों को लेकर भी अपना मत साझा किया। उन्होंने कहा कि अकेला दक्षिण भारत २०५० तक ६ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल और दक्षिण पूर्व एशिया को भारत-केंद्रित सप्लाई चेन में जोड़ने वाले गलियारे बनाएगी, जबकि आसियान देश भारत और चीन के बीच अपनी आर्थिक ▶▶ 8

हिंदी फिल्म अनुजा को नहीं मिला ऑस्कर, प्रियंका-मोंगा का सपना टूटा

नई दिल्ली (ईएमएस): ऑस्कर्स २०२५ में इस बार हिंदी भाषा की फिल्म अनुजा ऑस्कर जीतने से चूकी है। इसे बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म कैटिगरी में नॉमिनेट किया गया था। इस कैटिगरी में ए लीन, अनुजा, आई एम नॉट ए रोबोट, द लास्ट रेंजर, द मैन हू कुड नॉट रिमेन साइलेंट नॉमिनेटेड थे। सबको पछाड़ते हुए डच फिल्म आई एम नॉट अ रोबोट ने ऑस्कर जीता है।

वहीं फिल्म अनुजा को एडम जे ग्रेव्स ने बनाया है। प्रियंका चोपड़ा और गुनीत मोंगा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर थे।

उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट किया, भगवा पार्टी से नहीं होगा कोई गठबंधन

जम्मू (ईएमएस): जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्पष्ट कर दिया कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी के साथ गठबंधन की न कोई गुंजाइश है और न ही इसकी कोई जरूरत है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके विचार काफी अलग हैं। जम्मू-कश्मीर बजट सत्र से पहले सीएम कहा कि हम (भाजपा के साथ) किसी गठबंधन की बात नहीं कर रहे हैं, न इसकी कोई गुंजाइश है और न ही इसकी जरूरत है। हमारे विचार भी मेल नहीं खाते। इसपहले उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी सरकार लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कथित तौर पर छाया मंत्रिमंडल (शैडो ▶▶ 8

अयोध्या में राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश...

फरीदाबाद से हैंड ग्रेनेड के साथ संदिग्ध गिरफ्तार, आईएसआई से ली थी ट्रेनिंग

नई दिल्ली (ईएमएस): गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वाड और फरीदाबाद स्पेशल टास्क फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन में आतंकी कनेक्शन के संदेह में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अब्दुल रहमान (१९) पुत्र अबूबकर के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फैजाबाद (अयोध्या) का निवासी है। संदिग्ध को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया, जहां वह आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी में था। उसके पास से दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए गए, जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत निष्क्रिय करा दिया।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार संदिग्ध अब्दुल रहमान पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ▶▶ 8

सुनवाई के दौरान वकील ने दी खुदकुशी की धमकी जस्टिस ओका ने कहा धमकियों से नहीं डरती कोर्ट

नई दिल्ली (ईएमएस): सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओका की पीठ सोमवार को उस मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें दो वकीलों ने आपसी झगड़े में एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जब इस मामले में सुनवाई शुरु हुई तब याचिकाकर्ता वकील वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। इस दौरान दलीलें देते हुए याचिकाकर्ता वकील पीठ के सामने खुदकुशी करने की धमकी देने लेगे, इस पर जस्टिस ओका हैरान हो गए, फिर उन्होंने सख्त रुख अपना लिया। जस्टिस ओका ने याचिकाकर्ता से कहा, कोर्ट, बार काउंसिल और बार एसोसिएशन की ओर से आपसे माफी मांगी गई है, फिर क्यों ऐसा कह रहे? इस पर याचिकाकर्ता ने कहा,मैं आत्महत्या कर लूंगा। मीलॉर्ड! ▶▶ 8

मुस्लिम कर्मचारियों को इफ्तार के लिए शाम 4 बजे कार्यालय से जाने की होगी अनुमति : राज्यपाल

रांची (एजेंसी): झारखंड सरकार ने रमजान के पाक महीने को देखते हुए मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों के लिए विशेष आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार, रमजान के दौरान हर दिन शाम ४ बजे के बाद मुस्लिम कर्मचारियों को कार्यालय से जाने की अनुमति होगी। इसके अलावा, रमजान के प्रत्येक शुक्रवार को जुमे की नमाज अदा करने के लिए दोपहर १२ बजे से २ बजे तक विशेष अवकाश दिया जाएगा। यह आदेश राज्यपाल की स्वीकृति से संयुक्त सचिव के हवाले से जारी किया गया है।

गौरतलब है कि आज, २ मार्च से रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है।

रमजान इस्लामी कैलेंडर का नौवां महीना होता है और इसे बेहद पवित्र माना जाता है। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखते हैं और इबादत में लीन रहते हैं। पूरे महीने खुदा की बंदगी के बाद रमजान के आखिरी दिन ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।

हैदराबाद हाउस बन चुका इतिहास और कूटनीति का अहम केंद्र

नई दिल्ली (ईएमएस): ९७ साल पुरानी इमारत हैदराबाद हाउस इतिहास और कूटनीति का अहम केंद्र बन चुकी है, लेकिन इसकी कहानी बेहद दिलचस्प है। हाल ही यूरोपियन यूनियन (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन दो दिवसीय भारत दौरे पर है।

उन्होंने नई दिल्ली स्थित ऐतिहासिक हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। यह वही स्थान है जहां भारत के प्रधानमंत्री अक्सर विदेशी मेहमानों से मुलाकात करते है। आजादी से पहले भारत में ५६० देसी रियासतें थीं, जिन्हें ब्रिटिश शासन का हिस्सा नहीं माना जाता था। इन रियासतों के लिए ब्रिटिश सरकार ने १९२० में 'चैंबर ऑफ प्रिंसेस' की स्थापना की। बैठकें अक्सर दिल्ली में होती थीं, लेकिन रियासतों के प्रमुखों के लिए ठहरने की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं थी। इसी जरूरत को देखते हुए हैदराबाद के निजाम मीर ओस्मान अली खान ने राजधानी में एक भव्य निवास बनाने का फैसला किया। वायसराय हाउस (अब राष्ट्रपति भवन) के पास ८.२ एकड़ भूमि खरीदने के बाद, उन्होंने अतिरिक्त ३.७३ एकड़ जमीन भी हासिल कर ली। इस आलीशान इमारत को प्रसिद्ध ब्रिटिश आर्किटेक्ट एडविन लुटियंस ने डिजाइन किया था, जिन्होंने राष्ट्रपति भवन सहित नई दिल्ली की कई ऐतिहासिक इमारतों का निर्माण किया। आजादी के बाद १९५४ में भारत सरकार ने इसे लीज पर लेकर विदेश मंत्रालय को सौंप दिया। ७० के दशक में एक समझौते के तहत इसे पूरी तरह केंद्र सरकार की संपत्ति बना दिया गया। अब यह भारत की राजनयिक मुलाकातों का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जहां विश्व के बड़े नेता भारतीय प्रधानमंत्री से मुलाकात करते है।

लुटियंस ने इसे बटरफ्लाई शेप में डिजाइन किया, जो वायसराय हाउस से मिलता-जुलता था। निर्माण में ५० लाख रुपये की लागत आई, जिसमें बर्मा से लकड़ी, न्यूयॉर्क से इलेक्ट्रिकल फिटिंग, लंदन की मशहूर कंपनियों से इंटीरियर डिजाइनिंग, इराक और तुर्की से कालीन, और लाहौर के प्रसिद्ध पेंटर अब्दुल रहमान चुगताई की ३० पेंटिंग शामिल थीं। इतना ही नहीं, निजाम के रुतबे के अनुसार डाइनिंग हॉल में एक साथ ५०० मेहमानों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। हालांकि, जब १९३८ में पहली बार निजाम ने इस इमारत का दौरा किया, तो वह इसे देखकर निराश हो गए।

आईआईटी-आईएसएम में अत्याधुनिक पाठ्यक्रम की शुरुआत

धनबाद (कासं) : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) धनबाद ने एक क्रांतिकारी नए पाठ्यक्रम की घोषणा की है। जिसका उद्देश्य छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों में उन्नत ज्ञान और कौशल प्रदान करना है। इस पहल को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद और शोधकर्ता प्रो. बिस्वजीत प्रधान की उपस्थिति से और भी विशेष बनाया गया है, जो इस कार्यक्रम में अपनी अद्वितीय विशेषज्ञता लेकर आएंगे।

सिद्धांतों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के संयोजन के लिए डिज़ाइन किया गया। यह पाठ्यक्रम जियोपेशियल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डाटा एजेंसी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। वर्तमान में उद्योग इन उन्नत उपकरणों पर निर्णय लेने और समस्या समाधान के लिए तेजी से निर्भर हो रहे हैं। ऐसे में आईआईटी-आईएसएम का उद्देश्य छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करना और अकादमिक व औद्योगिक क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटना है। इस पाठ्यक्रम के पाठ्यक्रम में थ्रीडी फ्लड मॉडलिंग डेम ब्रेक एनालिसिस सब्सिडेंस मैपिंग डिजास्टर प्रोन एरिया आइडेंटिफिकेशन टीरैन एनालिसिस और वाटरशेड डेलीनीएशन जैसी व्यापक विषयवस्तु शामिल हैं।

प्रो. एस.आर. समद्दर, एसोसिएट डीन और लोकल कोऑर्डिनेटर, ने निर्णय लेने की प्रक्रिया और आपदा शमन रणनीतियों में जियोलॉजिकल इंटेलिजेंस के महत्व को रेखांकित किया। उनके व्यापक शोध अनुभव और वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग से प्रतिभागियों को अत्याधुनिक प्रगति और औद्योगिक अनुप्रयोगों की एक अनूठी दृष्टि प्राप्त होगी।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, प्रो. प्रधान ने आज के तेजी से बदलते जलवायु परिदृश्य में जियोस्पेशियल टेक्नोलॉजीस की प्रासंगिकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा जियोस्पेसीएल टेक्नोलॉजीस मूल रूप से डेटा संग्रहण के बारे में हैं, लेकिन मुख्य बात यह है कि एकत्रित डेटा बुद्धिमान और पूर्वानुमान विश्लेषण के लिए सार्थक हो, विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाओं को कम करने में। हजार्ड रिस्क असेसमेंट और एप्लेनेबल एएल में अपनी विशेषज्ञता के साथ, उन्होंने स्पेसीएल मॉडलिंग और मशीन लर्निंग टीक्निक्स के एकीकरण की आवश्यकता को उजागर किया। उन्होंने इस क्षेत्र में आईआईटी-आईएसएम के योगदान और विशेषज्ञता पर भी जोर दिया। यह उल्लेख करते हुए कि संस्थान के विशेषज्ञ इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख और पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. श्रीनिवास पसुपुलेटी ने जीआईएएन कोर्स संरचना का विवरण दिया, जिसमें १० दिनों की अवधि में ४० सत्र शामिल होंगे, जो कक्षा व्याख्यान और प्रयोगशाला प्रशिक्षण के संयोजन में होंगे। इस पाठ्यक्रम में देशभर से इंजीनियर, संकाय सदस्य, पेशेवर, शोधकर्ता और छात्र भाग ले रहे हैं।

कोर्स के सह-समन्वयक प्रो. वी.जी.के. विलुरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया और प्रो. बिस्वजीत प्रधान को आमंत्रित करने का सौभाग्य मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। वे स्पासीएल मॉडलिंग और एडवांस्ड एएल टेक्निक्स के समेकन में एक अग्रणी प्राधिकरण हैं, जो लैंडस्लाइड फ्लड्स फॉरेस्ट फायरस और ड्राउगट्स जैसी हाइड्रोमेटियोरोलॉजिकल एक्सट्रीम इवेंट्स की भविष्यवाणी करने में सहायक है। यह पाठ्यक्रम जिओस्पेसीएल इंटेलिजेंस एप्लीकेशंस में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करने की उम्मीद है, जिससे प्रतिभागी संसाधन प्रबंधन और आपदा तैयारी से संबंधित समकालीन चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कौशल प्राप्त कर सकेंगे।

उपायुक्त ने मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का किया उद्घाटन

धनबाद (कासं) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने सोमवार को हीरापुर के भिस्तीपाड़ा स्थित एचई स्कूल प्रांगण में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। यह केन्द्र सौर ऊर्जा से संचालित है।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के बीच टॉफी और चाकलेट का वितरण किया। उनके साथ वार्तालाप भी किया।

उपायुक्त ने बताया कि पुराने आंगनबाड़ी केंद्र को निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीएसआर मद से मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया है। यहां बच्चों के लिए खेलने, पढ़ने और पौष्टिक आहार की बेहतरीन संरचना तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक भी बहुत उत्साहित है। मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से बच्चों की उपस्थिति भी बढ़ी है। नए एडमिशन के लिए लगातार इन्क्वायरी आ रही है। जो प्रशासन के लिए सुखद और सकारात्मक अनुभव है।

उन्होंने कहा कि जिले के अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को इसी तर्ज पर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाने के लिए जिला समाज कल्याण विभाग को लिस्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। इसके बाद उपायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र के कीचन का निरीक्षण किया। साथ ही प्रांगण में पौधारोपण किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, निप्पॉन लाइफ इंडिया ऐसेट मैनेजमेंट लिमिटेड की अर्पिता चटर्जी, सुमित कुमार, सेविका श्वेता देवी, सहायिका लाईची देवी, पोषण सखी गुडिया पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

झारखंड का बजट सराहनीय : चंद्रदेव महतो

बलियापुर (ससे) : सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो ने झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को सराहनीय बताया गया। कहा कि आम जनता के हित को देखते हुए यह बजट पेश किया गया है।

सबसे अधिक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज को मजबूत बनाने पर ध्यान दिया गया है। इसके अलावा कृषि , पर्यावरण, स्वास्थ्य, पेयजल, वन पर्यावरण को भी बढ़ावा देने के लिए विशेष ध्यान दिया गया है।

शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं होली का पर्व

केंदुआ (ससे) : केन्दुआडीह थाना परिसर में सोमवार को होली एवं रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक प्रमोद तथा संचालन राम गोपाल भुवानिया ने किया। बैठक में केन्दुआडीह थाना क्षेत्र के विभिन मुहल्ले और बाजार से आए सभी गणमान्य सदस्यों ने अपने क्षेत्र के समस्याओं से थाना प्रभारी को आवगत कराया। अवैध शराबबंदी, लहरिया बाइकर्स पर लगाम, विशेष पेट्रोलिंग आदि पर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने सभी का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि होली का त्यौहार सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाएँ। टोला मुहल्ले में डीजे पर अश्लील गाना न बजाएं। अफवाह फैलाने वालों की तत्काल सूचना पुलिस को दे। शराब बेचने पर पूरी तरह से पाबन्दी रहेगी। माननीय उच्च न्यायालय के गाईड लाईन का पालन करते हुए डीजे न बजाएं, पकड़ जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाऐगी।हर संवेदनशील जगहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी। एवं लहेरिया बाइकर्स पर रोक रहेगी।

साथ ही हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।होलिका दहन एवं होली के दिन पुलिसिंग गश्ती रहेगी। उस दौरान जो भी हुड़दंगी करते पकड़े जाएंगे वैसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाऐगी।थाना प्रभारी ने नई परंपरा का शुभारंभ करते हुए बैठक के समापन में राष्ट्रीय गान गाया गया।मौके पर एस आई धीरज कुमार मिश्रा, कुंदन कुमार सिंह, गोपाल टोप्पो, एके चौधरी, संजय राज मुंडा, एएसआई संजय शर्मा, सिसिला एक्का,गीता सिंह, राम गोपाल भुवानिया, चन्द्रदेव यादव, हरि प्रसाद पप्पू, दिलीप रॉय, कृष्णा राउत, शकील अख्तर, बबलू अंसारी, महफूज आलम, मो०सद्दाम, फूलचन्द यादव, तमल रॉय, दीनानाथ गुप्ता, गणेश मिश्रा, सुशिला देवी, ममता देवी, नीतु सिंह, दीनानाथ ठाकुर, राहुल गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, मनौवर हुसैन, सरफूदीन अंसारी, राजेश गुप्ता आदि शामिल थे।

टाटा एआईए ने निकाली इंश्योरेंस फॉर ऑल जागरूकता रैली

धनबाद (कासं) : सोमवार को जमशेदजी टाटा का १८६ वीं जयंती के अवसर पर एवं रत्न टाटा के याद में टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस परिवार धनबाद शाखा द्वारा इंश्योरेंस फॉर ऑल की जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली बैंक मोड़ स्थित श्रीराम प्लाजा से निकलकर पुराना बाजार, जोड़ा फाटक रोड, धनसार चौक होते हुए पुनः श्री राम प्लाजा आई । प्रवक्ता ने बताया गवर्नमेंट के अनुसार जो निर्देश आईआरडीआईए के द्वारा ज़ारी किया गया है उसका पालन करते हुए इंश्योरेंस सभी के लिए २०४७ तक होना अनिवार्य है इसी संदर्भ में यह जागरूकता रैली निकाला गया।टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस ने जनवरी-फरवरी मार्च २०२५ तक डेढ़ लाख परिवार को सुरक्षित करने की मुहिम चलाई है। साथ ही साथ २०४७ तक पूरे भारत देश में घर घर इंश्योरेंस पहुंचने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर डीडीओए मुकेश कुमार, ब्रांच मैनेजर आनंद मोहन गुप्ता, लीडर्स में आकाश गुप्ता संजय झा,माथुर प्रसाद रवानी राजीव कुमार,लालजी शर्मा समेत अन्य थे।

झरिया डिवीजन में जमशेदजी टाटा की मनी जयंती

जोड़ापोखर (ससे) : सोमवार को टाटा स्टील के संस्थापक जमशेद जी नसरवान जी टाटा की १८६वीं जयंती झरिया डिवीजन में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

जनरल मैनेजर ऑफिस में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया, जहां सुब्रत दास (चीफ, जमाडोबा ग्रुप) ने संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस भावपूर्ण क्षण में बरुण कुमार बनर्जी (हेड, सेफ्टी), अमन (हेड, इंजीनियरिंग सर्विसेज) और कई अन्य टाटा स्टील अधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद श्रद्धांजलि समारोह जामाडोबा और सिजुआ ग्रुप कार्यालयों में भी आयोजित किए गए। शाम के समय जश्न का सिलसिला सर दोराबजी टाटा पार्क, जामाडोबा में जारी रहा, जहां भव्य प्रकाश सज्जा का उद्घाटन सुनीता राजोरिया और संजय राजोरिया (जनरल मैनेजर, झरिया डिवीजन) ने किया। कार्यक्रम में सुब्रत दास (चीफ, जामाडोबा ग्रुप), विकास कुमार (चीफ, सिजुआ ग्रुप), वरिष्ठ अधिकारीगण और उनकी पत्नियां, और संघ प्रतिनिधि भी उपस्थित रहीं। पार्क को खूबसूरती से रोशन किया गया और थीम आधारित साज-सज्जा से इसकी भव्यता को और निखारा गया। इस खास अवसर को जनता के लिए और यादगार बनाने के लिए पार्क ३ और ४ मार्च को आम लोगों के लिए खुला रहेगा। इसके अलावा, रतन टाटा की स्मृति में एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। हर वर्ष टाटा स्टील ३ मार्च को संस्थापक दिवस के रूप में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाती है, जो जमशेदजी नसरवानजी टाटा की जयंती को समर्पित है।

4 लोगों के खिलाफ धनसार थाना में मामला दर्ज

धनसार (ससे) : बीते दिनों धनसार विश्वकर्मा प्रोजेक्ट के कांटा के पास मुंशी धनजीत राय के साथ हुई मारपीट और रंगदारी मामले में धनसार पुलिस ने राजेश मरांडी, देशराज चौहान, मनोज पासवान और सूरज हेम्ब्रम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

धनसार कांटा में लगे सीसीटीवी कैमरे को धनसार पुलिस ने फुटेज निकालकर आरोपियों की पहचान कर धर पकड़ शुरू कर दी है।

एनएमडीसी स्टील को मिला कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन प्रमाण पत्र

नगरनार (ससे) : एनएमडीसी सटील लिमिटेड (एनएसएल) को यूरोपीय संघ अधिसूचित परमाणन निकाय टीयूवीएनआआरडी द्वारा निर्माण उत्पाद विनियमन श्रेणी के तहत अपने उत्पाद के लिए प्रतिष्ठित कॉन्फॉर्मिटी यूरोपियन (सीई) प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाणपत्र प्रमाणित करता है कि एनएसएल का उत्पाद गुणवत्ता के यूरोपीय मानकों के अनुरूप है। प्लांट के कार्यकारी निदेशक और प्रमुख एमएनबीएस प्रभाकर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि, गुणवत्ता, सुरक्षा और स्थिरता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

यह उपलब्धि सभी संबंधित टीमों के अथक प्रयासों, समर्पण और सहयोग के बिना संभव नहीं थी। यूरोपीय देशों में अपने उत्पाद का निर्यात करने में सक्षम होने के लिए किसी भी स्टील उत्पादक को यह प्रमाणन अनिवार्य है। यह प्रमाणन यूरोप को निर्यात के लिए स्टील उत्पादों का निर्माण करने वाले मूल उपकरण निर्माताओं के आपूर्तिकर्ताओं को एनएसएल से स्टील प्राप्त करने में सक्षम करेगा, जिससे एनएसएल को

हेमंत है तो हिम्मत है : अनुपमा सिंह

जोड़ापोखर (ससे) : अनुपमा सिंह ने सोमवार को कहा कि हेमंत है तो हिम्मत है। अबुआ सरकार अपने टेनोर का पहला वित्तीय बजट २०२५-२६ पेश किया है, जिसमें सोशल सेक्टर का विशेष ध्यान के साथ-साथ सरकार ने अंतिम पदान पर खड़े राज्य के कमजोर गरीबों वंचितों एवं महिलाओं के बारे में सबसे अधिक सोचा है और उसे पर सरकार काम करने जा रही है। सामाजिक सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया है। साथ ही उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग किसानों के ऋण वापसी जिसका फायदा इस बार ४ लाख किसानों को होगा तथा सभी विभागों का ध्यान सरकार ने रखा है। शिक्षा के क्षेत्र को नई उड़ान दी गई है। मेडिकल के साथ-साथ मास कम्युनिकेशन बिजनेस के कॉलेज खुलेंगे। जिससे कि झारखंड के छात्र-छात्राओं को दूसरे प्रदेशों में उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा। झारखंड ने अपने वित्तीय घाटे को कम किया हैं। व्यापार के क्षेत्र में नीति आयोग ने भी माना है। देश में झारखंड चौथे नंबर में है और फाइनेंशियल मैनेजमेंट में झारखंड पूरी मजबूती के साथ काम कर रहा है।

भाजपा नेता ने सांसद ढुल्लू को सौंपा मांग पत्र

बलियापुर (ससे) : भाजपा नेता प्रकाश बाउरी के नेतृत्व में रोहराबांध रैयत विस्थापित मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर सांसद ढुल्लू महतो के आवास पर मिलकर मांग पत्र सौंपा। १८ वर्ष एवं उससे ऊपर प्रत्येक वाडी तथा बेरोजगार युवाओं युवाओं को प्रोजेक्ट में रोजगार सुनिश्चित करना, विस्थापित रैयत को जहां पुनर्वास किया जा रहा है वहां स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र यातायात के सुविधा, पेयजल की सुविधा, एम्बुलेंस निशुल्क, बच्चों को खेलकूद की सुविधा, निशुल्क बिजली, पार्क, एवं स्कूल के बच्चों को आने-जाने का निशुल्क व्यवस्था किया जाए आदरणीय सांसद जी ने आश्वासन दिए कि मैं रैयत विस्थापितों के साथ हूं, उनका हक और अधिकार जरूर दिलवाऊंगा मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा जिला महामंत्री मनोज मिश्रा जिला मंत्री प्रकाश बाउरी उत्तम मंडल, राजू मंडल, विमल मंडल ,आस्तिक मंडल गोविंद मंडल देवनाथ मंडल, विजय मंडल, विनोद मंडल, ब्यसनाथ मंडल, अजय मंडल कीर्तन मंडल, तापस मंडल, राधानाथ मंडल, मनोज मंडल गौर मंडल आलोक मंडल, राजेंद्र मंडल, मुकेश मंडल, पिंटू मंडल, निमाई मंडल आदि थे।

घर में लग रही रहस्यमय आग से लोग पलायन को मजबूर

धनबाद (कासं) : इस आग का रहस्य क्या है? यह आग क्यों बन गई है वैज्ञानिकों के लिए चुनौती? क्या धनबाद जिला प्रशासन इस रहस्यमयी आग की जांच को स्पेशलिस्ट को आमंत्रित करेगा?आखिर क्यों पहले जमीन गर्म होती है ? क्या आग का जमीन गर्म होने या बिजली की अर्थिंग से कोई सम्बन्ध है ? यह सब सवाल उठा रहा है धनबाद शहर के हीरापुर के मास्टर पाड़ा का एक घर। बात थोड़ी विचित्र, इसलिए भी लग रही है कि इस आवास के अगल-बगल कोई कोयले की खदान नहीं है। कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं दिखता है. घनी आबादी है. आबादी के बीच बने एक दो मंजिला आवास में पिछले ५ दिनों से एक ही घर में कहीं ना कहीं आग लग जा रही है. हालत यह हो गए हैं कि घर मालिक सोमवार को घर का सामान हटाकर कहीं बाहर भेज रहे है. बताया जाता है कि पहले जमीन गर्म होती है ,उसके बाद आग लग जाती है। जिस कपड़े में आग लगती है, अगल -बगल के सामान सुरक्षित होते है। जिस कपड़े या समान में आग लगती है, अगल-बगल के कपड़े अथवा सामान उसे वक्त सुरक्षित रहते है।

घर मालिक की माने तो पहले जमीन गर्म होती है। उसके बाद आग पकड़ लेती है. एक्सपर्ट की माने तो जमीन की मिट्टी की सैंपलिंग करने के बाद ही जांच की जा सकती है कि आखिर जमीन क्यों गर्म होती है और इसका आग से क्या सम्बन्ध है. कहा तो यह भी जाता है कि रविवार की रात को धनबाद के अग्नि समन अधिकारी जब जांच को पहुंचे तो उनके सामने में भी कपड़े में अचानक आग लग गई. उन्होंने भी छानबीन की, लेकिन कोई कारण नजर नहीं आया. मकान मालिक ने जिला प्रशासन को आवेदन देकर जांच की मांग की थी. इस घर में अंशुमन चौधरी अपने परिवार के साथ रहते है. बकौल अंशुमन चौधरी २७ फरवरी की सुबह अटैची में आग लग गई थी। घर के लोगों ने मामूली घटना समझा, लेकिन शाम होते-होते फिर आग लग गई।

२८ फरवरी को परिवार के लोग बाहर गए थे, लौटे तो आग लगी हुई थी। २८ फरवरी को परिवार के लोग घर बंद कर कहीं बाहर गए थे. लौटे तो देखा मैट्रेस जल रहा था. कमरे में धुआं भरा था. पूरा कमरा काला पड़ गया था लेकिन इसके अलावा और कुछ नहीं जला था। इसके बाद कभी कपड़े तो कभी कैलेंडर तो कभी अन्य सामानों में आग लग रही है. मकान मालिक के मुताबिक पहले फ्रश गर्म होता है और फिर किसी कोने में कुछ जलने लगता है. इस संबंध में उन्हें डीसी को भी आवेदन दिया है.

मकान मालिक की माने तो दो दिन पूर्व घर के जिस हिस्से में इनवर्टर की बैटरी रखी हुई थी, वहां की जमीन गर्म हुई. इसके बाद जोरदार आवाज के साथ बैटरी और इनवर्टर ब्लास्ट हो गया था.

बाद में जिस जिस स्थान पर जमीन गर्म होते पाई गई, उस हिस्से में रखे सामान में आग लग गई. यह घटना तो वैज्ञानिकों के लिए भी जांच का विषय है तो बिजली विभाग को भी इसकी जांच करनी चाहिए. क्या अर्थिंग की समस्या से यह आग लग रही है या आग किसी दूसरी वजह से लग रही है या इस आग के पीछे कोई रहस्य है. यह तो अब जांच के बाद ही पता चलेगा.

जनरेटर से बिचाली मील में लगी आग

धनबाद (कासं) : सरायढेला थाना क्षेत्र के बापू नगर में सोमवार की दोपहर एक बिचाली कटाई मील में अचानक आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। आग जनरेटर के साइलेंसर के अत्यधिक गर्म हो जाने के कारण लगी और देखते देखते पूरी मील को अपनी चपेट में ले लिया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचित किया। दमकल की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मील के मालिक राजू यादव ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे बिचाली मील से धुआं उठता देखा गया, और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस घटना में करीब ४० हजार रुपये की क्षति हुई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में बड़ी मात्रा में सामग्री मंगवाई गई थी, जो आग की चपेट में आ गई। स्थानीय लोगों और दमकल विभाग की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन इस घटना ने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति की बैठक

लोयाबाद (ससे) : लोयाबाद हटिया के नवनिर्मित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने को लेकर सोमवार को बैठक हुई, जिसमें सांसद ढुलू महतो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नवनिर्मित श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने धनबाद सांसद ढुलू महतो को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर देकर सम्मानित किया। आचार्य संतोष उपाध्याय ने तिलक लगाकर सांसद का स्वागत किया। मौके पर सांसद ढुलू महतो ने कहा कि श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा भव्य रूप से मनाया जाएगा। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने की अपील की। सांसद की घोषणा के बाद उपस्थित लोगों ने भी बढ चढ हर सहयोग राशि देने की घोषणा की। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नेता प्रकाश नोनिया व संचालन बिनोद पासवान और मनोज वर्णवाल ने किया।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक - गणेश मिश्रा. फोन - 9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

सुविधा नहीं मिलने से तीन साल में 700 चिकित्सकों ने छोड़ा राज्य : आइएमए

धनबाद (कासं) : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) झारखंड प्रदेश, एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक रविवार को धनबाद क्लब में हुई। इसमें आइएमए के प्रदेश व जिला के पदाधिकारी शामिल हुए।

इस दौरान मुख्य रूप से धनबाद समेत राज्य में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने, चिकित्सकों की सुविधा व सुरक्षा आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी. बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह ने कहा कि सरकार के उदासीन रवैए से मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट की मांग अबतक लंबित है.

चिकित्सकों को सुविधा मुहैया कराने के बजाए सरकार क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के जरिए शोषण करने में लगी है. यही वजह है कि तीन साल में राज्य के लगभग ७०० चिकित्सक दूसरे राज्यों में पलायन कर चुके हैं. उन्होंने सरकार से ५० से कम बेड वाले क्लिनिक, नर्सिंगहोम व अस्पताल को सीइए से बाहर करने की मांग की. कहा कि राज्य सरकार छह नये मेडिकल कॉलेज खोलने की बात कह रही है. जबकि वर्तमान में संचालित मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में कोई कार्य नहीं हो रहा है.

मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सकों व मैनपावर की कमी है. जूनियर डॉक्टरों का वेतन बकाया रखा जा रहा है. हमारी मांगों पर सरकार गंभीर नहीं हुई तो आइएमए कड़े फैसले लेने को बाध्य होगा.

बैठक में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ बीपी कश्यप, को-ऑर्डिनेटर डॉ अजय सिंह, धनबाद सचिव डॉ राकेश इंदर सिंह, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ मृत्युंजय, डॉ शंभू, डॉ एके चक्रवर्ती, डॉ सुशील कुमार ने भी संबोधित किया।

आइएमए के प्रदेश सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सक सुरक्षित रहेंगे तभी मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल पायेगी.

देश के २५ राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट लागू है. सुरक्षा नहीं मिलने से चिकित्सक गंभीर मरीजों का इलाज करने में कतराते हैं.

आयुष्मान योजना के करोड़ों रुपये बकाया : जिलाध्यक्ष

आइएमए के धनबाद अध्यक्ष डॉ बीएन गुप्ता ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों के इलाज के एवज में अस्पतालों को मिलने वाला करोड़ों रुपये बकाया है. ऐसे में अस्पतालों ने आयुष्मान के मरीजों को भर्ती लेकर इलाज करना बंद कर दिया है।

मुखिया कार्तिक महतो रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

धनबाद (कासं) : भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धनबाद एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड के पपलो पंचायत के मुखिया कार्तिक महतो को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मुखिया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुक का जियो टैग करवाने के एवज में २० हजार रुपये की मांग कर रहा था। शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में १० हजार रुपये लेते ही एसीबी की टीम ने उसे उसके घर से ट्रैप कर लिया।

एसीबी एएसपी बिनोद कुमार महतो ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मामले का सत्यापन किया गया, जिसमें मुखिया द्वारा रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद धनबाद एसीबी ने जाल बिछाकर मुखिया को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद एसीबी की टीम ने उसके घर की तलाशी भी ली और फिर उसे धनबाद लाकर पूछताछ शुरू की।

बता दें कि साल २०२५ में यह पहला मामला है जब किसी मुखिया को रिश्वत लेते हुए एसीबी ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले भी धनबाद एसीबी कई भ्रष्टाचारियों को बेनकाब कर चुकी है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

धरना पर बैठे कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार

धनबाद (कासं) : सेवानिवृत्ति कर्मचारियों के द्वारा कोयला भवन मुख्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण तरीके से धरना का आयोजन किया गया था। लेकिन बी सी सी एल प्रबंधन के सीआईएसएफ जवानों के द्वारा धरना के पंडाल को जबरन उखाड़ना और बिजली काट देना। बैटरी को भी सीआईएफ उठा ले गए जिससे इनकी आवाजों को दबाने का प्रयास किया गया।

धरना पर बैठे रिटायर्ड कर्मचारियों के के साथ दुर्व्यवहार किया गया एवं अपमानित किया गया भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में इस प्रकार की घटना से लोकतंत्र की हत्या है बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा धरना प्रदर्शन को खत्म करने एवं रिटायर्ड कर्मचारियों के आंदोलन को खत्म करने का प्रयास किया गया धरना में सेवानिवृत्ति कोयला खदान मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष रमाशंकर तिवारी जोनल उपाध्यक्ष अमरेंद्र चौधरी जोनल उपाध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्रा जनरल उपाध्यक्ष हरि पद रवानी रेखा बोस जोनल महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद कोषाध्यक्ष चमन कुमार संगठन मंत्री अच्छवर प्रसाद जोनल मंत्री श्रवण कुमार बैजनाथ साहू श्रवण झा एवं कार्यालय मंत्री अशोक कुमार सिंह कार्य समिति सदस्य रामचंद्र पासवान सहित काफी संख्या में रिटायर्ड कोल कर्मचारी उपस्थित थे।

समावेशी व दूरदर्शी बजट : नवनीत नीरज

धनबाद (कासं) : यह बजट झारखंड को विकास की और ले जाने वाला बजट नवनीत है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में झारखंड ने एक समावेशी और दूरदर्शी बजट पेश किया है, जो राज्य के सर्वांगीण विकास की नई इबारत लिखेगा। यह बजट केवल आर्थिक आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि झारखंड के किसानों, मजदूरों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण का एक ठोस रोडमैप है। शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक कल्याण को प्राथमिकता देकर सरकार ने यह साबित कर दिया है कि उसका लक्ष्य केवल आर्थिक वृद्धि नहीं, बल्कि हर नागरिक की समृद्धि और आत्मनिर्भरता है।

पम्प ऑपरेटर को दी गई विदाई

कतरास (ससे) : रामकनाली के पम्प ऑपरेटर भगवान दीन यादव को सोमवार को विदाई दी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकनाली कोलियरी के प्रबंधक नागदेव यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भगवान दीन यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश मंडल ने किया। मौके पर रामकनाली कोलियरी के कई प्रमुख लोग और सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे। समारोह में राजेन्द्र प्रसाद राजा, सरोज उपाध्याय, विवेक कुमार, प्रसिद्ध उपाध्याय, सुरेश नोनिया, साधन दुबे, सुनिल कुमार तिवारी, राजा रोशन, ललन प्रसाद यादव, राजेश कुमार सिंह, मनोज मिश्रा, श्रीनाथ यादव, हरेन्द्र राम, तपन कुमार साहू, भागीरथ दास व पूरन महतो आदि मौजूद रहे।

महुदा थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक

महुदा (ससे) : महुदा थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक की गई।

महुदा थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद की अध्यक्षता में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि समाजसेवी बुद्धिजीवी के साथ बैठक कर होली को शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपनी अपनी बातें रखें, वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि कहीं भी किसी तरह का हुड़दंग होने पर इसकी सूचना पुलिस को दे पुलिस तुरंत कार्रवाई करें, वहीं थाना इंस्पेक्टर ममता कुमारी ने कहा कि ढीजे पर पाबंदी लगाए जाएगा मीठ दुकानदारों को रेट नियंत्रण रखना होगा।

शराब विक्रेताओं को कहा गया कि मेजर बच्चों को शराब न दे, सड़क एवं गांव पर कोई बाइक सवार शराब पीकर अनियंत्रण गाड़ी चलाते देखा गया तो उसे पर कार्रवाई होगी, किसी दूसरे समुदाय के लोगों को जबरदस्ती रंग ना डालें।

मौके पर उपस्थित, बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, कांड्रा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि धनेश्वर महतो, शिबू महतो, करामत अंसारी, परमेश्वर महतो, बॉबी महतो, अब्दुल समद अंसारी, पंचायत समिति सदस्य रूप देव रवानी, गोरी नाथ पंडित, बसु रजक, दर्जनों के संख्या में लोग उपस्थित थे।

बजट राशि योजना में खर्च करना ही विकास का है पैमाना

धनबाद (कासं) : झारखंड विधानसभा में पेश बजट पर आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि बजट की राशि का आकार बढ़ाना अच्छी बात है, मगर बजट की राशि शत प्रतिशत योजना मद में खर्च करना विकास का पैमाना है। इसलिए राज्य सरकार को इसपर विशेष फोकस करना चाहिए। श्री नायक ने वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा वार्षिक बजट १,४५,४०० करोड़ रुपए पेश करने का स्वागत किया है। कहा यह बजट राज्यहित में तब ऐतिहासिक क्रान्ति लायेगा जब सम्पूर्ण योजनामद की राशि खर्च होगी। वित्तमंत्री ने विकास दर में बढ़ावा देने के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दी है। यह बजट लोगों के लिए जनकल्याणकरी साबित होगा। उन्होंने इसके लिए मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन के विजन और वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा जनहित का बजट पेश करने के लिए बधाई दी।

खोखला और घिसापिटा बजट,दूरदर्शिता का अभाव: बाबूलाल मरांडी

रांची (एजेंसी): भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार द्वारा सदन में पेश बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी। यह बजट देखने में बड़ा है लेकिन प्राण विहीन है,ताकत विहीन है। उन्होंने कहा कि बजट में दूरदर्शिता का घोर अभाव है।

इससे न राज्य की बेरोजगारी दूर होने वाली है न गरीबी दूर होगी। राज्य सरकार चुनावी घोषणाओं को बजटीय धरातल पर उतारने में पूरी तरह विफल साबित हुई। यह जनादेश को अपमानित करने वाला बजट है।

दिग्भ्रमित करने वाला बजट : नीलकंठ रवानी

धनबाद (कासं) : धनबाद जिला के मीडिया प्रभारी नीलकंठ रवानी ने झारखंड सरकार के बजट को दिग्भ्रमित वाली बजट बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की बजट से जनता की कोई भलाई संभव नहीं है। इससे विकास के बजाय झारखंड को रसातल में ले जाने की साजिश बताया।

झारखंड को विकास की ओर ले जाने वाला बजट : ब्रजेन्द्र सिंह

धनबाद (कासं) : झारखंड विधानसभा में सोमवार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर के द्वारा पेश किया बजट जनकल्याण कारी बजट के रूप में पेश किया गया है। इस बजट से सभी वर्गों को फायदा होगा और एक तरह से यह झारखंड के लिए दूरदर्शी बजट पेश किया गया है। जनता के ऊपर कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया गया हैं, जिससे यहां की जनता में खुशी का माहौल है। इस बजट को अगर हम कम शब्दों में बोलना चाहे तो यह कह सकते हैं कि यह बजट झारखंड को विकास की ओर ले जाने वाला बजट है। इसके लिए झारखंड के वित्त मंत्री और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

सिद्धू-कानू प्रतिमा का मना स्थापना दिवस

गोर्विंदपुर (ससे) : जीटी रोड गहिरा में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू-कानू प्रतिमा का स्थापना दिवस सोमवार को संथाली सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। इस अवसर पर मेला भी लगा। इस दौरान संथाली जातरा एवं आर्केस्ट्रा का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता धरनीधर मंडल ने कहा कि सिद्धू-कानू की प्रतिमा स्थापित कर पूर्व प्रमुख डीएन सिंह ने सराहनीय कार्य किया है। इस इलाके में उनकी प्रतिमा कहीं नहीं थी। सिंदरी के पूर्व वार्ड पार्षद दिनेश सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में संथाल समाज ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। प्रतिमा संस्थापक डीएन सिंह ने कहा कि संथाल समाज के प्रस्ताव पर ही उन्होंने यहां प्रतिमा की स्थापना की और हर वर्ष ३ मार्च एवं हूल दिवस पर यहां समारोह आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोर्विंदपुर प्रखंड प्रमुख निर्मल सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन कृष्णा टुडू ने किया। मौके पर संतोष महतो, प्राणचंद्र सोरेन, संजय सिन्हा, पारस हासदा, तालेश्वर साव, राजकुमार गिरि, विदेशी सिंह, विश्वनाथ पाल, षष्ठी चरण मंडल, गौतम गोप, राज बिहारी सिंह, बृजेश सिंह, माथुर अंसारी, धीरेंद्र सिंह, एलपी वर्मा, प्रदीप महतो, दीपू गोप, एके गुप्ता, विकास गिरि, उमेश गिरि, अशोक पांडेय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

डॉक्टर की सूई लगते ही होने लगी खून की उल्टी

धनबाद (कासं) : श्रीराम क्लिनिक में रविवार रात मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। ६:११ सिद्धू-कानू प्रतिमा का मना स्थापना दिवसजानकारी कं अनुसार राजगंज कं सालदाहा निवासी २२ शांति देवी को पेट दर्द की शिकायत कें बाद रविवार सुबह श्रीराम क्लिनिक में तब कराया गया था। परिजनों का कहना है कि डक्टर इंजेक्शन देने बाद ही मरीज को खून की उल्टी होने लगी जिसकं कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

बजट की जानकारी कांग्रेस को पहले कैसे मिल गयी : प्रतुल शाहदेव

रांची (एजेंसी): भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए की बजट की बातें कैसे लीक हो गई। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने एक दिन पहले ही बजट का आकार १,४५,००० करोड़ बता दिया था और बजट की बारीकियां पर भी चर्चा की थी। हुआ भी वही। यह सीधे तौर पर एक अत्यंत ही गंभीर मामला बनता है। बजट बनाते समय अधिकारी और कर्मचारियों को हफ्तों तक घर जाने की आजादी नहीं होती। पूरा मामला अति गोपनीय होता है। फिर यह सारी बातें कांग्रेस को कैसे पता थी? बजट में किस मद में कितना टैक्स लगेगा या टैक्स नहीं बढ़ेगा, इन बारीक बातों की जानकारी कांग्रेस के प्रवक्ता को कैसे हो गई? पूरी की पूरी दाल काली लगती है।

झारखंड में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे:बन्ना गुप्ता

रांची (एजेंसी): झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बजट पेश किया। इस बजट को लेकर झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि राज्य की गठबंधन सरकार ने १ लाख ४५ हजार ४०० करोड़ का दूरदर्शी एवं जनहित को ध्यान मे रखते हुए बजट पेश किया। जो पिछले वित्तीय वर्ष से १३% अधिक है। यह दर्शाता हैं कि हेमंत सरकार पार्ट २ का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं बल्कि जनता तक चल कर सरकारी सुविधा और लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

यह बजट एक तरफ झारखंड की सामाजिक कल्याण व्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ युवाओं को रोजगार, किसानों को कृषि सहायता और मजदूरों के सशक्तिकरण का रोडमैप तैयार करेगा।

जबकि दूसरी तरफ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करते हुए शिक्षित झारखंड के सपने को भी साकार करेगा, साथ ही हेमंत सरकार पार्ट १ के तर्ज पर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा, नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण, आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्था एवं सुदूर एवं ग्रामीण स्तर तक स्वास्थ्य व्यवस्था को पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। यह एक संतुलित और विकासोन्मुखी बजट हैं जो झारखंड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा मे अग्रसर होगा।

कोयला चोरी के खिलाफ मजदूरों का हंगामा

धनबाद (कासं) : बीसीसीएल में कोयले का प्रोडक्शन चोरों के लिए लिया किया जा रहा है. यह कहना है कोल डंप में ट्रक लोर्डिंग करने वाले मजदूरों का है। आक्रोशित मजदूरों ने कोयला चोरी के खिलाफ जमकर हंगामा किया। मजदूरों ने कोयले की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ जवानों को खरी खोटी भी सुनाई। बीसीसीएल प्रबंधन पर कोयला चोरी करने का आरोप लगाते हुए मजदूरों ने मीडिया के समक्ष जमकर अपनी भड़ास निकलीं।

कोल डंप के उपाध्यक्ष मनोज निषाद ने कहा कि तेतुलमारी कोलियरी में ४ हजार टन के कोयले का ढीओ आया है। लेकिन पिछले कई दिनों से १४ चक्का ट्रक में लोर्डिंग नहीं करने दिया जा रहा है. १२ चक्का ट्रक में लोर्डिंग कराने की बात बीसीसीएल प्रबंधन कह रही है, जबकि मजदूरों का कहना है कि १२ चक्का ट्रक खास कोयला लोर्डिंग के लिए अभी नहीं मिलता है।

मनोज निषाद ने कहा कि यहां आउटसोर्सिंग के अधिकारियों और कोयला तस्करों की मिलीभगत से सिर्फ कोयले की चोरी हो रही है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ की मिलभगत भी इस कोयला चोरी में है। उन्होंने कहा कि लोकल सेल के लिए कोयला नहीं दिया जा रहा है। कोयले की मांग के लिए आंदोलन करना पड़ता है, लेकिन कोयला चोरों को आसानी से मिल जाता है।

कोल डंप के अध्यक्ष अशोक ठाकुर ने कहा कि पिछले १८ महीने से रोड सेल बंद कर रखा है. बीसीसीएल के द्वारा कोयला उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। जिस कारण ट्रकों में कोयला लोडिंग करने वाले सैकड़ों मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग और सीआईएसएफ की मिलीभगत से कोयले की चोरी चल रही है. जिसका खामियाजा मजदूरों को उठाना पड़ रहा है। ऐसे आउटसोर्सिंग को ब्लैक लिस्ट कराने की मांग मजदूरों ने की है।

अबुआ बजट नहीं बबुआ बजट है : राज सिन्हा

धनबाद (कासं) : धनबाद विधायक राज सिन्हा ने झारखंड विधानसभा में सोमवार को पेश वित्तीय वर्ष २०२५ -२६ बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बजट का मूल आकार एक करोड़ ४५ लाख ४०० रुपए का है, जबकि पिछले बजट २४ - २५ का आकार १२८९०० करोड रुपए का था।

विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, बजट को ध्यान से देखने पता चलता है कि, यह अबुआ बजट नहीं बल्कि बबुआ या बाबुओं का बजट है। अगर यह कहा जाए की नई बोतल में पुरानी शराब है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

पिछले बजट से वित्तीय वर्ष २५ - २६ का आकलन करने से पता चलता है कि, पिछले बजट में जहां ग्रामीण विकास, पथ निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, गृह आपदा तथा महत्वपूर्ण विभाग सभी विभाग के बजट को घटाकर सिर्फ सरकारी राजस्व दुरूपयोग करने के लिए महिला एवं बाल विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

ना तो शिक्षा ना तो कृषि क्षेत्र में ना ही रोजगार सृजन के बारे में न हीं नगर विकास को बढ़ावा देते हुए रोजगार सृजन करने में न हीं स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में न हीं किसान की आय को दोगुनी करने के लिए नहीं पर्यटक क्षेत्र को विकसित कर रोजगार के अवसर उत्पन्न करने की दिशा में बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान किया गया है। कृषि आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए बीज से लेकर बाजार तक किसानों का कोई ख्याल नहीं रखा गया है।

इस प्रकार से यह बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा है। जब सदन में यह पूछा गया कि राज्य का १.३६ लाख करोड़ रूपया केंद्र सरकार के पास किस-किस मद और किस अवधि का है तो राज्य सरकार के पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं था।

बजट में भी इसका उल्लेख नही किया गया है जबकि राज्य सरकार राजनीतिक लाभ लेने के लिए भ्रम फैलाने का कार्य कर रही है.पिछले ५ वर्षों में यह सरकार जिस प्रकार भ्रम फैलाने और बजट में जिन बातों का घोषणा और समावेश किया था ठीक उसी प्रकार पूर्व के बजट की कॉपी तैयार कर बजट पेश कर दी गई है.अत: यह बजट पूरी तरह से भ्रामक है और झारखंड के मजदूर ,किसान, दलित ,पीड़ित ,शोषित ,वंचित और आदिवासी बेरोजगारों के किसी भी प्रकार से हित करने वाला नहीं है।

संपादकीय

गौ रक्षा करने के विभिन्न आयाम

गाय हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। गौपालन का इतिहास मानव की उत्पत्ति जितना ही पुराना है। गौ सेवा व गौरक्षा शब्द आपस में पर्यायवाची रहे हैं। गौवंश का महत्व हमारे देश में वैदिक काल से भी पहले रहा होगा तभी तो वेदों में भी गौमाता के प्रति श्रद्धा व आस्था की ऋचा अंकित है। ऋग्वेद में गाय को 'अघन्या' कहा गया है जिसका अर्थ जो वध योग्य नहीं है। स्कंद पुराण में गौ सर्वदेमयी और वेद सर्वगौमय लिखा गया है। माता तुल्य गाय के मानवीय जीवन में इतने अधिक लाभ गिनाए जा सकने के कारण ही गाय में देवताओं के वास की बात की जाती रही है। दुग्ध पदार्थों के अतिरिक्त गौवंश हमारी कृषि तथा आर्थिकता का भी धुरा रहा है, संक्षेप में कहें कि गाय को अगर निकाल दें तो भारत भारत ही नहीं बचता, इसका साहित्य अधूरा हो जाएगा, शास्त्र, संस्कृति खो जाएंगे। गाय भारत की आत्मा की प्रतीक है। गाय में कुछ ऐसा है जो और जीवों में नहीं। वैज्ञानिक परीक्षण में भी भारतीय गाय के दूध को अन्य जीवों के दूध से अलग तथा माता के दूध के समान माना गया है। भगवान कृष्ण का जीवन गौ सेवा तथा गौरक्षा को समर्पित था। उन्होंने श्रीमद भागवत गीता में कहा है 'धेनू नामस्मि' यानी कि ''मैं गायों में कामधेनु हूं'' अर्थात गाय भी भगवान का स्वरूप हैं। महाभारत के भी बहुत से श्लोकों में गाय की महिमा का वर्णन है। सिखों के 10वें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी ने भी कहा था 'यही देहु आज्ञा तुरुक को खपाऊं, गऊ माता का दुःख मैं मिटाऊं' इस से स्पष्ट है कि उनके द्वारा मुगलों के संहार का मुख्य कारण गौरक्षा था क्योंकि मुगल गौ वध करते थे। पंजाब केसरी महाराजा रणजीत सिंह के शासन में गौहत्या पर मृत्यु दंड दिया जाता था। 1871 में गौ रक्षा हेतु बूचडखाने बंद करवाने के लिए 65 कूका सिखों ने अपना बलिदान दे दिया था। अनेकानेक महापुरुष गौरक्षा के बारे अपने विचार समय-समय पर प्रकट करते रहे हैं। बाल गंगाधर तिलक ने कहा था 'चाहे मुझे मार डालो पर गाय पर हाथ न उठाना ' पंडित मदन मोहन मालवीय ने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था कि भारतीय संविधान की पहली धारा संपूर्ण गौवंश हत्या निषेध बने। इन्हीं भावनाओं के अनुरूप 1923 में महात्मा गांधी जी ने भी गौ हत्या के विरुद्ध आवाज उठा कर इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग रखी थी।

स्वतंत्र भारत में भी 1966 में गौ रक्षा हेतु एक जबरदस्त अंदोलन चला था जिसका नेतृत्व संतों, धार्मिक, सामाजिक तथा कई राजनीतिक विभूतियों द्वारा किया गया था। जिस में प्रभुदत ब्रह्मचारी, पूजनीय एम.एस. गोलवलकर, सेठ गोविंद दास, स्वामी करपात्री जी व विश्व हिन्दू परिषद तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संगठन भी थे। इस आंदोलन के अंतर्गत 7-11-1966 को संसद पर एक ऐतिहासिक प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया परन्तु इसका दुखद पहलू यह रहा कि उन की बात सुनने की बजाय तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चला कर जलियांवाला बाग की पुनरावृत्ति की जिसमें अनेक गौ भक्तों का बलिदान हुआ। डा. भीम राव आंबेडकर के नेतृत्व में बनाए गए भारत के संविधान में राज्य को गौवध पर प्रतिबंध लगाने वाले उपबंध बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अनुच्छेद 48 से राज्य सरकारों को संविधान के अनुच्छेद 246 तथा अनुसूची 7 की सूची 11 से शक्ति प्राप्त हैं कि वह गौवध पर प्रतिबंध लगाने की मांग रख सके। करीब 24 राज्यों ने इस विषय पर अधिनियम पारित करके गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध लगा कर इसे एक दंडनीय अपराध घोषित किया है जिसमें अपराधियों के लिए कठोर कारावास का प्रावधान है जिनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, पंजाब, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, दिल्ली तथा चंडीगढ़ है। पंजाब की बात करें तो पहले गौहत्या निषेध अधिनियम 1955 के अंतर्गत केवल एक साल साधारण कारावास व जमानत का प्रावधान था। अकाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में गौ सेवा से संबंधित बहुत से कार्य हमने मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल से करवाए जिसमें बिल-संख्या 22 पी.एल. ए 2011 पास करवाकर इस सजा को 10 वर्ष के कठोर कारावास में बदला गया। भारत की सवा सौ करोड़ के करीब हिन्दू जनमानस के अंतर्मन में गाय के प्रति सम्मान है वह इस का वध होता सहन नहीं कर सकते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी विषय की गंभीरता को देखते हुए 2015 में विधि तथा न्याय विभाग से राय मांगी थी कि क्या केंद्र सरकार भी गुजरात सरकार की तर्ज पर गौवध पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए कानून बना सकती हैं; शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी से हम उन की बहुत सी बातों से भिन्न हो सकते हैं, परन्तु उन की पूर्ण गौवध की मांग को नकारा नहीं जा सकता है। दरअसल जब तक केंद्र इस विषय पर सभी राज्यों में एक सार कानून नहीं बनाता गौ तस्करी तथा गौवध नहीं रुक सकता। इसके लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता होगी क्योंकि जब तक इस विषय को संविधान की अधिसूची 7 की सूची में सम्मिलित नहीं किया जाता, केंद्र सरकार कुछ भी करने में असमर्थ रहेगी।

चुनौतियों और सवालों में उलझी ट्रम्प की 'गोल्ड कार्ड' योजना

शोभना जैन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जिस तरह से अपने दूसरे कार्यकाल का कार्यभार संभालने के बाद एक के बाद कड़े कदम उठा रहे हैं अब उसी कड़ी में ट्रम्प ने अमेरिका की नई वीजा नीति के तहत एक अहम फैसला लेते हुए अमेरिका में बसने और कारोबार करने का सपना देखने वाले विदेशी अमीरों के लिए 'गोल्ड कार्ड' प्रस्ताव पेश किया है। इस प्रस्ताव में वह अमीर प्रवासियों को आकर्षित करना चाहते हैं, जो अमेरिका में निवेश कर सकें. इस गोल्ड कार्ड प्रोग्राम के जरिये विदेशियों को लगभग 50 लाख डॉलर देकर अमेरिकी नागरिकता का रास्ता मिलेगा. ये राशि भारतीय रुपए में 43 करोड़ से ज्यादा बैठती है. ऐसे में जाहिर है कि अमेरिका में ग्रीन कार्ड पाने के इच्छुक भारतीयों का बहुत बड़ा वर्ग इस कार्ड के जरिये अमेरिका में बसने की सोच भी नहीं सकता है. ट्रम्प का कहना है कि इस योजना का ब्यौरा अगले दो सप्ताह में तैयार हो जाएगा और मार्च में इसे अमली जामा पहना दिया जाएगा. हालांकि अमेरिकी संविधान के अनुसार इससे पहले अमेरिका की आव्रजन नीति में किसी अहम बदलाव के लिए कांग्रेस से अनुमति लेनी होगी, तभी इसे ट्रम्प भी मंजूरी दे पाएंगे. वैसे रिपब्लिकन पार्टी का दोनों सदनों में बहुमत है लेकिन विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी की तरह ट्रम्प की अपनी रिपब्लिकन पार्टी में भी अनेक सांसद ने इस योजना से असहमति जताई है. वैसे दुनिया भर में लगभग 100 देशों में गोल्ड कार्ड योजना चल रही है लेकिन ब्रिटेन, कनाडा, साइप्रस जैसे अनेक देशों में हुए दुरुपयोग के चलते इसे वापस ले लिया गया. ब्रिटेन ने इसे 2008 में अपने देश में लागू किया था लेकिन यह पाए जाने के बाद कि इस योजना से 'भ्रष्ट अमीरों' को ब्रिटेन में घुसने और वहां इस तरह के अवसर का दुरुपयोग करने का मौका मिल गया, ब्रिटेन ने 2022 में इसे वापस ले लिया. एक रिपोर्ट के मुताबिक ईबी-5 प्रोग्राम के तहत पांच से सात साल में नागरिकता मिलती थी जबकि प्रस्तावित 'गोल्ड कार्ड' वीजा योजना में नागरिकता तुरंत मिलेगी. ट्रम्प ने कहा कि 'गोल्ड कार्ड' 35 वर्ष पुराने ईबी-5 वीजा प्रोग्राम की जगह लेगा, जो अमेरिकी व्यवसायों में करीब 1 मिलियन डॉलर का निवेश करने वाले विदेशियों के लिए उपलब्ध है. ट्रम्प के अनुसार इस योजना के तहत यदि दस लाख गोल्ड कार्ड बेचे जाते हैं, तो यह 5 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकता है, जिसे देश के कर्ज को कम करने में इस्तेमाल किया जा सकता है. लेकिन ईबी-5 के तहत आवेदक ऋण ले सकते हैं, जबकि 'गोल्ड कार्ड' वीजा के लिए पहले से ही पूरा नगद भुगतान करना पड़ेगा, जिससे यह भारतीयों के एक बड़े हिस्से की पहुंच से बाहर हो जाएगा.

आज का कार्टून

कोरोना टीकाकरण के लिए केंद्र से मिले पैसों को भी केजरीवाल सरकार ने अटकाया: सीएजी

दिल्ली को विश्वस्तरीय अत्याधुनिक राजधानी बनाने का उचित अवसर

दीपक कुमार त्यागी

> वैसे भी देखा जाये तो उस वक्त देश के नीति-निर्माताओं का एनसीआर क्षेत्र बनाने के पीछे मकसद था कि दिल्ली के स्थाई निवासियों के साथ-साथ दिल्ली में आजीविका की तलाश में आ रहे देश के अन्य राज्यों के लोगों को रोजी-रोटी, घर, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सार्वजनिक परिवहन जैसी बुनियादों सुविधाओं की कमी का सामना ना करना पड़े। जिसके चलते ही एनसीआर में शामिल होने वाले अन्य राज्यों के कुछ जिलों का विकास राज्य के अन्?य जिलों के मुकाबले बहुत तेजी से हुआ। यहां पर लोगों को रोजी-रोटी, घर, बिजली, पानी के साथ-साथ बेहतर प्राथमिक व उच्च शिक्षा, चिकित्सा सुविधा, आधुनिक बस, मेट्रो व रेपिड रेल जैसी विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी की सुविधाएं मिलने से लोगो के रहन-सहन व जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है।

देश का दिल दिल्ली की पहचान दुनिया भर में भारत की राजधानी के रूप में होती है, जो एक केंद्र शासित प्रदेश के रूप में चलती है, जहां पर कुछ शक्तियां राज्य सरकार व कुछ शक्तियां केंद्र की सरकार के पास होती है। केंद्र व राज्य दोनों के बेहतर सामंजस्य से ही दिल्ली का शासन बेहतर ढंग से चल सकता है। देश की राजधानी होने के चलते दिल्ली में ही भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य व अन्य न्यायाधीश, सेनाध्यक्ष, केंद्रीय कैबिनेट, दिल्ली के उप राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि बहुत सारे देश के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन लोग रहते हैं, राजधानी होने के चलते दिल्ली में राजकीय व अधिकांश केंद्रीय कार्यालय भी है। रोजी-रोटी, शिक्षा चिकित्सा व देश की सबसे ताकतवर सत्ता का मुख्य केंद्र बिंदु होने के चलते ही देश की आज़ादी के बाद से ही दिल्ली की जनसंख्या में तेजी से वृद्धि हुई थी। दिल्?ली में तेजी से बढ़ती आबादी की समस्?याओं के समाधान करने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1962 में बने दिल्ली के पहले ही मास्टर प्लान में यह सिफारिश की गई थी कि दिल्ली के साथ-साथ इसके आसपास के राज्यों के शहरों को भी एक उप महानगरीय क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाए। जिस परिकल्पना को धरातल पर मूर्त रूप देने के लिए वर्ष 1985 में नेशनल केपिटल रिजन प्लानिंग बोर्ड की शुरुआत की गई थी। जिससे इस पूरे क्षेत्र में व्यवस्थित विकास के लिए कार्य योजना बना करके उसका धरातल पर कार्या?वयन किया जा सकें और एनसीआर क्षेत्र में शामिल किसी भी क्षेत्र का विकास अव्?यवस्थित ढंग से होने से रोका जा सकें।

दिल्ली को बेहतर बनाने के लिए ही वर्ष 1985 में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान के कुछ जनपदों को मिलाकर के दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तो घोषित कर दिया गया था, लेकिन चार राज्यों व केंद्र की सरकारों के बीच का मामला होने के चलते उस वक्त की गयी पूरी प्लानिंग आज तक भी धरातल पर पूरी तरह से परवान नहीं चढ़ पाई है। जिसका बड़ा खामियाजा दिल्ली व एनसीआर की जनता लगातार भुगत रही है। सिस्टम को सर्वोच्च न्यायालय की बार-बार फटकार लगने के बावजूद भी दिल्ली व एनसीआर के निवासी स्वच्छ पेयजल व स्वच्छ सांसों तक के लिए तरस गये है। आज खराब पानी व प्रदूषित वायु के चलते दिल्ली एनसीआर क्षेत्र के बड़ी संख्या में पेट, लीवर व फेफड़ों से संबंधित रोगी आसानी से मिल जाते हैं।

हालांकि हम भारतवासियों की यह खूबी है कि हम विपरीत से विपरीत स्थिति में भी उम्मीद की लो जलाकर रखते हैं। जिसके चलते ही आज भी दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान के एनसीआर क्षेत्र के निवासियों का सपना है कि उनको भी एक दिन दिल्ली की तरह ही उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, बेहतरीन चिकित्सा, विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाएं, रोजी-रोटी, व्यापार करने का अवसर मिलेंगे, जिस उद्देश्य को पूरा करने के लिए केंद्र शासित दिल्ली राज्य में कभी एनसीआर के क्षेत्र को जोड़ा गया था, लेकिन अफसोस वह आज तक भी अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाया। जिसके चलते ही अब एनसीआर क्षेत्र के एक बहुत बड़े वर्ग का मानना है कि देश का दिल दिल्ली राज्य अपनी सीमाओं का विस्तार करते हुए भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य करें। लेकिन देश में

आये दिन क्षणिक स्वार्थों से पूर्ण राजनीति होने के चलते कभी भी देशहित की इस दूरगामी रणनीति पर किसी भी राजनीतिक दल ने कोई विशेष रणनीति बनाकर कार्य नहीं किया है।

लेकिन जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है, तब से बहुत सारे लोगों के मन में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की जगह अब बृहद दिल्ली राज्य के निर्माण विचार आने लगा है। क्योंकि फिलहाल केंद्र सरकार के साथ-साथ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा व राजस्थान में एक ही दल भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है और सबसे बड़ी बात यह है कि उस राजनीतिक दल के सर्वेसर्वा नरेन्द्र मोदी के पास राजनीति से ऊपर उठकर के देश के नव निर्माण करते हुए, भारत को विश्वगुरु बनाने का जज्बा मौजूद है। लोगों को लगता है कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बृहद दिल्ली या राष्?ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतरराज्?यीय क्षेत्रीय योजना और अत्याधुनिक विकास का एक अद्वितीय उदाहरण बन सकता है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कुछ जनपदों को मिलाकर बनने वाले लगभग 55,083 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल का विश्वस्तरीय विकास हो सकता है।

यहां आपको बता दें कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के कई महत्वपूर्ण शहर भी शामिल हैं। एनसीआर के क्षेत्र का आज भी दिल्ली से कई सौ किलोमीटर तक विस्तार है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र,1985 के नियोजन बोर्ड के कानून के अनुसार, इस अधिसूचित क्षेत्र में दिल्?ली का 1,483 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल आता है। वहीं उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलन्?दशहर, हापुड़, बागपत, शामली और मुजफ्फरनगर जनपद का 14,826 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल आता है। वहीं हरियाणा के फरीदाबाद, गुरुग्राम, नूँह, रोहतक, सोनीपत, रिवाडी, झज्जर, पानीपत, पलवल, भिवानी, चरखी दादरी, महेन्?द्रगढ़, जींद और करनाल का 25,327 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल आता है। राजस्?थान के अलवर और भरतपुर का 13,447 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल आता है। जिस क्षेत्र को कुछ कम करते हुए भी बृहद दिल्ली राज्य का निर्माण अब इन राज्यों की सहमति से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व आसानी से किया जा सकता है।

वैसे भी देखा जाये तो उस वक्त देश के नीति-निर्माताओं का एनसीआर क्षेत्र बनाने के पीछे मकसद था कि दिल्ली के स्थाई निवासियों के साथ-साथ दिल्ली में आजीविका की तलाश में आ रहे देश के अन्य राज्यों के लोगों को रोजी-रोटी, घर, पानी, बिजली, शिक्षा, चिकित्सा, बेहतर कनेक्टिविटी के साथ सार्वजनिक परिवहन जैसी बुनियादों सुविधाओं की कमी का सामना ना करना पड़े। जिसके चलते ही एनसीआर में शामिल होने वाले अन्य राज्यों के कुछ जिलों का विकास राज्य के अन्?य जिलों के मुकाबले बहुत तेजी से हुआ। यहां पर लोगों को रोजी-रोटी, घर, बिजली, पानी के साथ-साथ बेहतर प्राथमिक व उच्च शिक्षा, चिकित्सा सुविधा, आधुनिक बस, मेट्रो व रेपिड रेल जैसी विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी की सुविधाएं मिलने से लोगो के रहन-सहन व जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है।

लेकिन एनसीआर के गठन के समय के बहुत सारे उद्देश्य अब भी बाकी है, समय-समय पर राज्यों की आपसी खींचतान के चलते इस पूरे क्षेत्र में काम करने की बहुत गुंजाइश बाकी है। वैसे भी यह पूरा क्षेत्र ऐसा है कि अगर इस क्षेत्र में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो, कानून व्यवस्था बेहतर हो, कल-कारखाने लगें हो, क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रित हो, नदियां स्वच्छ हो, भूजल रिचार्ज करने का कार्य हो, हरित पट्टी व वन्य क्षेत्र विकसित हो, भूकंप रोधी अत्याधुनिक भवनों व इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो, विश्वस्तरीय सार्वजनिक परिवहन तंत्र जाल बिछा हुआ हो, शिक्षा, चिकित्सा, रोजी-रोटी की भरमार हो, पूरा क्षेत्र सामरिक दृष्टिकोण से हर वक्त तैयार हो, आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत हो, तो उसका जबरदस्त सकारात्मक प्रभाव पूरे देश की जीडीपी पर पड़ेगा, देश सामरिक रूप से मजबूत होगा। इसलिए बृहद दिल्ली का निर्माण या एनसीआर के पूरे क्षेत्र का नव निर्माण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास यह शानदार अवसर है।

बुलेट पर बैलेट की जीत से ही निकलेगा नक्सली आतंक का हल

> नक्सलियों के आतंक के गढ़ रहे नक्सली प्रभावित इलाकों में चुनावों के जरिए लोकतंत्र के सूरज का उदय हो रहा है। इससे लोकतंत्र के प्रति भरोसा बढ़ने के साथ ही इसकी जड़ें मजबूत हो रही हैं। भटके हुए युवाओं और डरे हुए ग्रामीणों को समझ में आने लगा है कि सिर्फ लोकतांत्रिक तरीके से ही उनकी समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले गए। इस दौरान बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिले के अनेक मतदान केंद्रों पर पहली बार अनेक दशकों के बाद ग्राम पंचायतों में मतदान हुए। इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नई सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है।

योगेंद्र योगी

यह एक ऐतिहासिक बदलाव है और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत को दर्शाता है। राज्य में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, दंतेवाड़ा और गरियाबंद जिलों में और बीजापुर के पुसनार, गंगालूर, चेरपाल, रेड्डी, पालनार जैसे क्षेत्रों में ग्रामीणों ने निर्भीक होकर मतदान किया। गौरतलब है कि बस्तर में नक्सली कमांडर हिड़मा के गांव पूवर्ती में भी इस बार ग्रामीण मतदान के लिए उत्साहित हैं। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब पंचायत चुनाव हो रहे हैं। पंचायत चुनावों में ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने इसका विरोध नहीं किया है। राज्य में कमजोर हो रहे नक्सलवाद का यह सबसे बड़ा उदाहरण है।

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद से हर बार पंचायत चुनावों में नक्सलियों की तरफ से पोस्टर जारी किए जाते थे लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है जब नक्सलियों ने विरोध नहीं किया। इसके साथ ही स्थानीय लोग भी वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर निकले। इससे पहले नक्सली बस्तर इलाके में वोटिंग करने पर ग्रामीणों को धमकी देते थे। नक्सलियों ने कई बार पोस्टर जारी कर कहा था कि वोटिंग करने वालों की उंगलियों को काट लिया जाएगा जिस कारण से ग्रामीण वोटिंग करने के लिए नहीं

निकलते थे। इस बार पंचायत चुनाव में ग्रामीणों ने बड़े उत्साह से साथ वोटिंग की है। हार्डकोर नक्सली इलाकों में वोटिंग के लिए लंबी-लंबी कतारें लगी। हिड़मा के गांव में पहली बार वोटिंग छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में पंचायत चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। यहां सुरक्षाबल के जवानों के कारण लोग वोटिंग करने के लिए घरों से बाहर आ रहे हैं। बस्तर संभाग के 7 नक्सल प्रभावित जिलों में कुल 1855 ग्राम पंचायतें हैं। लोकतंत्र की बुनियादी विजय पताका के फहरे जाने की वजह यह है कि सुरक्षाबल के जवानों ने नक्सलियों के हार्डकोर इलाके में 40 से अधिक कैंप स्थापित कर लिए हैं। जिस कारण से इन इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव कम हुआ है। नए कैंप खुलने के बाद नक्सली पीछे हट गए हैं। वहीं, सुरक्षाकर्मी अब जवानों के गढ़ में घुसकर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं जिससे नक्सलियों में खौफ व्याप्त है। यही कारण है कि नक्सलियों ने इस बार इसका विरोध नहीं किया है। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों के गढ़ में घुसकर कार्रवाई कर रहे हैं। जिस कारण से वह पंचायत चुनाव का विरोध नहीं कर पाए। इससे पहले नक्सली मजबूत होते थे और हमारे सिस्टम पर हमला करते थे लेकिन अब वह लगातार कमजोर हो रहे हैं। अब वह अपना गढ़ बचाने में लगे हुए हैं।

सुरक्षाबल के कैंप स्थापित होने से जो गांव नक्सलवाद के प्रभाव से मुक्त हो रहे हैं वहां से लोग सबसे पहले आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनवा कर सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। सरकार की योजनाओं का विस्तार इन इलाकों तक हुआ है। वह मुख्यधारा में जुड़ रहे हैं। पूर्व में सुरक्षा बलों की कार्रवाई सीधे अबूझमाड़ में नहीं होती थी। जिस कारण से नक्सलियों का गढ़ सुरक्षित था और वह इस तरह की हरकतें करते थे। पंचायत चुनाव के विरोध में पोस्टर लगाते थे और ग्रामीणों को धमकियां देते थे। मौजूदा सरकार की रणनीति से सुरक्षाबल के जवान गढ़ को भी घेर रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं, वहीं गढ़ के आसपास भी नक्सलियों पर हमले हो रहे हैं जिस कारण से नक्सली बैकफुट पर आ गए हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहा कि इस बार बस्तर में पंचायत चुनावों का नक्सलियों की ओर से कोई विरोध नहीं किया जाना क्षेत्र में 40 से अधिक नई सुरक्षा कैंपों की स्थापना और सरकार की ओर से ग्रामीणों में विश्वास बहाल करने की रणनीति का परिणाम है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद के खात्मे की प्रक्रिया अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प के मुताबिक मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार बस्तर के नागरिकों को विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं से जोडने के लिए संकल्पित है। बस्तर में सड़कें, पुल, स्कूल, अस्पताल और रोजगार परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीणों का शासन और लोकतंत्र पर विश्वास बढ़ा है। सुरक्षा बलों ने नक्सली आतंक के साए को खत्म करके वोटों के जरिए लोकतंत्र की बुनियाद आतंक प्रभावित क्षेत्रों में रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में भी सुरक्षाबलों ने बीते दिनों 31 नक्सलियों को मार गिराया। साल 2025 में 40 दिनों के अंदर अब तक कुल 81 नक्सलियों का खात्मा किया गया। साल 2024 में 239 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया था, वहीं साल 2023 में 24 नक्सली, 2022 में 305 नक्सली हमले हुए थे, जिसमें 10 जवान शहीद हुए थे और 31 नक्सली ढेर हुए थे। वर्ष 2021 में 48 नक्सली, 2020 में 44 और वर्ष 2019 में 79 नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने ढेर किया था। केंद्र और राज्य का लक्ष्य है कि 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलियों से मुक्त कराना है। बचे हुए भटके नक्सलियों के पास अब भी मौका है अपनी मांगों को मनवाने के लिए बंदूक की हठधर्मिता का रास्ता छोड़ कर लोकतंत्र के रास्ते विकास का सफर तय करें, अन्यथा सुरक्षा बलों के पास सशस्त्र कार्रवाई करने के अलावा दूसरा विकल्प नहीं होगा।

उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

बोकारो (ससे): समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने सोमवार को भूमि संरक्षण सर्वेक्षण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति कार्य की समीक्षा किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसरी,जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त ने क्रमवार वित्तीय वर्ष २४ - २५ में छोटे एवं सीमांत कृषकों/ स्वयं सहायता समूहों/ महिला सखी मंडल/ कृषक समूह को पंप सेट वितरण की योजना के संबंध में जानकारी ली। जिला भूमि संरक्षण सर्वेक्षण पदाधिकारी श्रीमती अंजली राय ने बताया कि योजना के तहत १.५ - ३.० एचपी का पंप सेंट १५० लाभुकों, ३.५-५.० एचपी का २० लाभुकों एवं १.० एचपी का सोलर पंपसेट १० लाभुकों को दिया जाना है।

इसी तरह कृषि यांत्रिकीकरण के प्रोत्साहन हेतु अनुदान पर मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, रीपर, राईस ट्रांसप्लांटर एवं अन्य कृषि यंत्रों के वितरण की योजना के ०५ - ०५ लाभुक कृषक समूह/ कृषक पैकेज को योजना से लाभांवित करना है। दोनों ही योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है। इस दिशा में उपायुक्त ने निदेशालय से पत्राचार करने को कहा।

वहीं, वित्तीय वर्ष २०२४-२५ एवं २०२५-२६ में कृषकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषक यंत्रों का वितरण योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत ट्रैक्टर पैकेज के लिए ५० लाभुक एवं कृषि यंत्र पैकेज के लिए ३० लाभुक का लक्ष्य है। जिसके विरूद्ध ३९ लाभुकों का आवेदन प्राप्त है। उक्त योजना के तहत वित्तीय वर्ष २३-२४ एवं २४-२५ में भी २२ लाभुकों को योजना से लाभांवित किया जाना है, जिला स्तरीय समिति से लाभुकों की सूची का अनुमोदन कर लिया गया है। निदेशालय स्तर से टेंडर द्वारा दर निर्धारण नहीं होने के कारण वितरण लंबित है।

समीक्षा क्रम में, मृदा एवं जल संरक्षण योजना अंतर्गत बंजर भूमि/ राईस फेलो विकास उपयोजना अंतर्गत ०५ एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/ निजी तालाबों का जीर्णोद्धार/गहरीकरण की योजना एवं परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना का भी जानकारी ली।

लक्ष्य अनुरूप लाभुकों को चिन्हित नहीं करने/ आवेदन प्राप्त नहीं करने को लेकर कार्रवाई करने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओंकी जानकारी को लेकर व्यापक प्रचार - प्रसार करने का निर्देश दिया। वहीं, योजनाओं एवं लाभुकों के चयन से संबंधित आहर्ता के संबंध में जानकारी को लेकर बीडीओ/ सीओ के साथ बैठक करने को कहा।

जल जंगल जमीन की संरक्षण की अपील

डुमरी (ससे): मधगोपाली पंचायत अंतर्गत मुंगीटांड़ नगलो में सोमवार को विकास अवयव प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना २.० अंतर्गत वाटरशेड यात्रा निकाली गई।

इस तीन दिवसीय वाटरशेड यात्रा के उद्देश्य से पंचायत के ग्रामीणों को रूबरू कराने हेतु एक वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। वाहन पंचायत के सभी गांवों में भ्रमण कर लोगों में जन भागीदारी के माध्यम से जलछाजन के बारे में जागरूकता लाने, ग्रामीणों की सहभागिता को बढ़ाने,प्राकृतिक संसाधनों का सुदृढ़ प्रबंधन करने,खेती एवं आजीविका को बढ़ावा देने के प्रति जागरुक करेगी।

झारखंड राज्य जलछाजन मिशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने जलछाजन एवं वाटरशेड यात्रा के उद्देश्यों पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम स्थल के आसपास वृक्षारोपण भी किया गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के एसटीटी लखनलाल महतो ने किया साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से जल,जंगल,जमीन का संरक्षण करने की अपील की।

वहीं जिप अध्यक्ष मुनिया देवी ने कहा कि सरकार ने जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के लिए जलछाजन का कार्यक्रम चला रही है जिसमें सभी लोगों को अपनी भागीदारी एवं दायित्व को निभाना चाहिए।

कार्यक्रम में जिप सदस्य सुनीता कुमारी पुर्व प्रमुख यशोदा देवी पंचायत मुखिया जागेश्वर महतो विधायक प्रतिनिधि अमित महतो भाजपा नेता सुरेंद्र कुमार मुखिया संघ अध्यक्ष जगदीश महतो, धनेश्वर विद्यार्थी, लखन महतो, नीलकंठ महतो आजसू नेता मोहन महतो आदि ने भी वाटरशेड यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस दौरान सभी ने जल जंगल जमीन एवं पर्यावरण संरक्षण का शपथ लिया।

जनता दरबार में डीआरडीए निदेशक ने की सुनवाई

बोकारो (ससे): समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे २३ से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं/शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अप्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया।

जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, राजस्व, समाज कल्याण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, गोमिया अंचल कार्यालय, लीड बैंक मैनेजर, अंचल कार्यालय चंदनकियारी, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पियूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

सभी प्रखंडों में लगेगा मेगा हेमोग्लोबीन जाँच शिविर

बोकारो (ससे): जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मातृ-शिशु का सुरक्षा/बेहतर स्वास्थ्य जिले के लिए प्राथमिकता सूची में शामिल है। इसको लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने स्वास्थ्य विभाग को आगामी ०९ - १० मार्च २०२५ को जिले के सभी ०९ प्रखंडों में मेगा हेमोग्लोबीन जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर शिविर का ज्यादा से ज्यादा प्रचार - प्रसार करने एवं जिले के सभी गर्भवती महिलाओं का हेमोग्लोबीन जाँच करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

समाहरणालय सभागार में प्रशिक्षण सत्र आयोजित

बोकारो (ससे): समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं मास्टर ट्रेनर (आंगनबाड़ी सहायिका) का प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। मौके पर जला समाज कल्याण पदाधिकारी सुमन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। प्रशिक्षण सत्र में लेडी सुपरवाइजर और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए शिक्षण-अधिगम सामग्री के परिचय और उपयोगिता की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य आंगनबाड़ी को सक्षम आंगनबाड़ी में परिवर्तित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है,जहां प्रारंभिक बाल्यावस्था में देखभाल और शिक्षा को पोषण के साथ प्रभावी रूप से जोड़ा जा सके और बालकों मानसिक और शारीरिक क्षमता में अनुकूल वृद्धि की जा सके। जानकारी हो कि, बोकारो जिले में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा २,२५६ आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षण-अधिगम सामग्री का वितरण शुरू* किया गया है, जिसका उद्देश्य प्रारंभिक बाल शिक्षा को सशक्त बनाना है,वितरित की गई सामग्री में फ्लैशकार्ड,कहानी की किताबें, चित्र पुस्तिकाएँ,विभिन्न वस्तुओं के चार्ट और नैतिक शिक्षा की पुस्तकेंशामिल हैं। प्रशिक्षण सत्र में बोकारो के ११ एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजनाओं से ०२ लेडी सुपरवाइजर और ०५ सेविकाओं सहित ७७ लेडी सुपरवाइजर एवं सेविकाओं ने हिस्सा लिया।

इस दौरान उपायुक्त विजया जाधव ने इंटरएक्टिव गतिविधि-आधारित कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने विभिन्न उदाहरण के माध्यम से बच्चों की ग्रहणशील क्षमता कैसे कार्य करती है और ध्यान केंद्रित न होने से सीखने की प्रक्रिया में हानि कैसे होती है के संबंध में विस्तार से बताया। इस प्रशिक्षण सत्र को नीति आयोग के फैलोज रूपल जैन, श्रुति मिश्रा एवं झारखंड काउंसिल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग से अहमद उद्दीन द्वारा संचालित किया गया।

आरोपियों को जेल नहीं गोली मारने की मांग

अयोध्या,(ईएमएस): २ फरवरी को मिल्कीपुर में हुए गैंगरेप और हत्या मामले को एक महीना बीत चुका है। उपचुनाव के नतीजे भी आ चुके हैं, लेकिन इलेक्शन खत्म होने के बाद आज तक कोई भी नेता लड़की के पीड़ित परिवार का दर्द बांटने नहीं पहुंचा। पिता बेटी को याद कर भावुक हो जाता हैं। वहीं मृतक लड़की की बहन का कहना है कि हमें मुआवजा भले मत दो, हम कमा खा लेंगे। हमें न्याय चाहिए। बस आरोपियों जेल से निकलकर गोली मार दो।

बता दें २ फरवरी को मिल्कीपुर में सीएम योगी की जनसभा होनी थी। प्रशासन अलर्ट था। इसी बीच सीएम के रैली स्थल से १२ किलोमीटर दूर एक नाले के पास २२ साल की लड़की की डेडबॉडी मिली। उसके शरीर पर एक भी कपड़ा तक नहीं। हाथ-पैर बांधकर उसे पेड़ से लटकाया गया था। चेहरे और दोनों आंखों पर गहरी चोट के निशान थे, मानो उसे नोचा गया हो।

दाखिल - खारिज के अस्वीकृत आवेदनों पर डीसीएलआर करेंगे सुनवाई

बोकारो (ससे): भूमि से संबंधित दाखिल-खारिज के आवेदन अस्वीकृत होने के उपरांत ऐसे मामलों में अस्वीकृत आवेदन के विरूद्ध सम्बन्धित भूमि सुधार उपसमाहर्ता (डीसीएलआर) के न्यायालय में अपील का प्रावधान है।

बिहार (झारखंड) टेनेंट्स होल्डिंग्स (मेंटेनेंस ऑफ़ रिकार्ड्स) एक्ट १९७३ के अनुसार अंचल अधिकारी द्वारा जिस दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत कर दिया गया है, वैसे वाद की पुनः सुनवाई करने हेतु सक्षम प्राधिकार भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) है।

उपायुक्त विजया जाधव ने जनता दरबार एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत में प्रायः ऐसा देखा जा रहा है कि अंचल अधिकारियों के द्वारा मामूली कारणों यथा दस्तावेज संलग्न नहीं होना, झारभूमि पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्या एवं अन्य के कारण दाखिल-खारिज के प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत किया जा रहा है।

जांच क्रम में यह प्रकाश में आ रहा है कि आमजनों में दाखिल-खारिज के प्रावधानों से सम्बन्धित नियमावली की जानकारी नहीं होने के कारण बार-बार दाखिल-खारिज के आवेदन अंचल कार्यालय में समर्पित किये जा रहें हैं जिन्हें अंचल कार्यालय द्वारा अस्वीकृत किया जाता है।

इसी को लेकर उपायुक्त बोकारो ने अंचल अधिकारियों द्वारा अस्वीकृत किए गए दाखिल-खारिज के आवेदनों के विरूद्ध अपील दायर करने हेतु सभी अंचल कार्यालयों में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ता (डीसीएलआर) को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने चास एवं बेरमो (तेनुघाट) के भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सभी अंचल अधिकारियों को अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले विशेष दाखिल-खारिज अपील राजस्व शिविर* का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने को कहा है।

साथ ही, दोनों भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, चास एवं बेरमो (तेनुघाट) को अंचल कार्यालय में आयोजित होने वाले विशेष राजस्व शिविर में स्वयं उपस्थित होकर अस्वीकृत दाखिल-खारिज वादों के विरूद्ध ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त कर उसे सूचीबद्ध करते हुए कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से ऑनलाईन कराना सुनिश्चित करेंगे।

शिक्षा को सबसे ज्यादा 60 हजार करोड़ रुपए आवंटित

पटना,(ईएमएस): बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा में ३.१७ लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। इस बजट में सबसे ज्यादा ६० हजार करोड़ रुपए शिक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित किए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य सेवाओं पर २०,३३५ करोड़ खर्च किए जाएंगे।

बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं हैं। इनमें प्रमुखतः स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन में महिलाओं को ३३ प्रतिशत तक आरक्षण दिए जाने की बात है। बड़े शहरों में पिंक बस सर्विस शुरू होगी, जिसमें ड्राइवर और कंडक्टर भी महिलाएं ही होंगी। महिलाओं के लिए विशेष पिंक टॉयलेट बनाए जाएंगे। कामकाजी महिलाओं के लिए सुरक्षित हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। हर पंचायत में विवाह मंडप बनाए जाएंगे, जहां गरीब लड़कियों की शादी कराई जाएगी।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बढ़ी नामांकन तिथि

बोकारो (ससे): जिले के सभी प्रखंडों में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रक्रिया आरम्भ है। नामांकन हेतु पंजीकरन ऑनलाईन माध्यम से पोर्टल पर किया जा सकता है, अथवा सरकारी मध्य विद्यालय से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर संबंधित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदन हेतु अंतिम तिथि दिनांक ०७ मार्च २०२५ तक विस्तारित की गई है। जो, पहले दिनांक २८ फरवरी २०२५ निर्धारित थी। नामांकन के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक मुस्लिम एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार के बालिकाओं के लिए सीटें आरक्षित है।

नामांकन में ड्रॉप आउट,अनाथ, एकल माता-पिता, सुदूरवर्ती क्षेत्र, आदिम जनजाति समूह, बाल श्रम से प्रभावित एवं नक्सल प्रभावित परिवार / क्षेत्र के बालिकाओं का प्राथमिकता दी जाएगी।

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में कक्षा १२ तक निःशुल्क शिक्षण, आवासन (छात्रावास), भोजन एवं पोशाक की व्यवस्था है। विद्यालय में नामांकित सभी बालिकाओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। विद्यालय में योग्य शिक्षिका, कम्प्यूटर शिक्षा, खेलकुद की सुविधा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, व्यवसायिक शिक्षा, कैरियर कॉउन्सेलिंग जैसी सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

उपायुक्त विजया जाधव ने अभिभावकों से अपील किया है कि जरूरतमंद बालिकाओं के नामांकन हेतु उपर्युक्त अंकित पोर्टल के माध्यम से अथवा आवेदन प्रपत्र के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएँ।

मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित

बोकारो (ससे): प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सोमवार को सेक्टर ४ स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है।

सदस्याओं ने भगवती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद होली गीतों मिथिला में राम खेलथि होरी मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., गौरी के दुल्हा होली खेलै छै मसाने में.., शिव मठ पर शोभे लाल ध्वजा... आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, शीला मिश्रा, अमिता झा, लीला झा, रुबी ठाकुर, सीमा झा, बीणा झा, मीरा मिश्रा, जयंती पाठक, प्रीति प्रिया, कंचन झा, किरण झा, पूनम झा, आशा पाठक, पद्मा चौधरी, रंजना भगत, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, प्रेरणा अनुपम, मीरा राय, ऋतु मिश्रा, सविता मिश्रा, अलका झा, रीता झा, नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने 38,000 करोड़ का किया इजाफा

पटना (एजेंसी): बिहार सरकार की ओर से डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को २०२५-२६ का बजट पेश कर दिया. बजट में वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने ३८,००० करोड़ रुपये का इजाफा जाहिर किया पर वे राजद नेता तेजस्वी यादव की माई-बहिन योजना और सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बढ़ाने के वादे की काट नहीं ढूंढ पाए. बजट में ऐसा कोई ऐलान नहीं किया गया है,

जिससे यह जाहिर हो कि यह चुनावी बजट है. चुनावी बजट में एनडीए सरकार की ओर से जिस तरह का बजट पेश किया गया है, उससे आने वाले दिनों में राजद नेता तेजस्वी यादव बिहार सरकार पर और भी हमलावर हो सकते हैं और अपने वादे को जोर शोर से प्रचारित-प्रसारित कर सकते हैं. कुछ ही दिनों में राजद की ओर से पटना में माई-बहिन सम्मेलन का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि इस योजना को लेकर गांव गांव तक महिलाओं में इस योजना का प्रचार हो सके.

सबसे पहले सोमवार को ही विधान परिषद पोर्टिको में विपक्षी दलों के पार्षदों ने प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान विपक्षी पार्षदों ने वृद्धा पेंशन में बढ़ोतरी, विधवा पेंशन में बढ़ोतरी, २०० यूनिट बिजली फ्री, ₹५०० प्रति सिलेंडर करने के मुद्दे उठाए. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा महिलाओं और वृद्धा पेंशन में सिर्फ ४०० रुपये की जगह १५०० रुपये प्रति महीना पेंशन देना चाहिए. उन्होंने कहा कि सभी जाति की महिलाओं को २५०० रुपए प्रति महीना पेंशन देना चाहिए. उन्होंने किसानों के लिए २०० यूनिट बिजली फ्री के साथ ₹५०० प्रति सिलेंडर देने की मांग की.

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में साफ दिखा कि वहां लाडली बहना योजना ने कैसे चुनाव परिणामों को प्रभावित किया और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में कैसे अहम भूमिका निभाई थी. इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम देखने के बाद दिल्ली की आतिशी मार्लेना की सरकार ने भी महिला समृद्धि योजना लांच करने की कोशिश की थी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और दिल्ली में भाजपा ने ऐसी ही योजना के बारे में मजबूती से प्रचार प्रसार किया और जीत हासिल कर ली. अब दिल्ली सरकार पर इस योजना को लागू करने के लिए दबाव बढ़ रहा है.

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद बिहार में राजद ने सत्ता में आने के बाद माई-बहिन योजना लागू करने का वादा कर दिया. तेजस्वी यादव की पार्टी ने ऐसा कर एक तरह से एनडीए पर मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल करने की कोशिश की. राजद के वादे के बाद यह अनुमान था कि बिहार विधानसभा में जब बजट २०२५-२६ पेश किया जाएगा, तब हो सकता है कि सम्राट चौधरी इस तरह की कोई अलग योजना का ऐलान कर दें और राजद के ब्रह्मास्त्र को फेल कर देंगे पर सरकार की ओर से बजट में इस तरह का कोई ऐलान न होने से अब राजद फ्रंटफुट पर खेलने को तैयार होगा, इसमें किसी को कोई दोराय नहीं होना चाहिए.

तेजस्वी यादव पिछले साल के अंतिम महीने से हर जिले की यात्रा कर रहे थे और वे माई-बहिन योजना को राजद के हर कार्यकर्ता को रटा देना चाहते थे. अब जबकि उनकी यात्रा खत्म हो गई है तब राजद की ओर से पटना में माई-बहिन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे बिहार से केवल महिलाओं को बुलाने की योजना है. ऐसा कर राजद की योजना अपनी इस योजना को हर महिलाओं तक पहुंचाने की है. अब तेजस्वी यादव रोजाना नीतीश कुमार की सरकार पर हमला करेंगे और माई-बहिन योजना लागू करने के अपने वादे को और धार देंगे.

राजद आलाकमान इस योजना को ब्रह्मास्त्र मान रहा है और राजनीतिक विश्लेषक भी राजद की ओर से पेश की गई इस योजना को तुरुप का इक्का मान रहे हैं. अगर सरकार की ओर से आने वाले दिनों में इस योजना की कोई काट सामने नहीं आई तो विधानसभा चुनाव में एनडीए को घोर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, इसमें कोई दोराय नहीं होनी चाहिए.

नीतीश कुमार के बिना बीजेपी की कोई औकात नहीं है : पप्पू यादव

पटना,(ईएमएस): पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने भाजपा और एनडीए पर तीखा हमला बोला और कांग्रेस को बेहतर पार्टी बताया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के बिना बीजेपी की कोई औकात नहीं है। पप्पू यादव ने दावा किया कि एनडीए में मुख्यमंत्री पद के लिए नीतीश कुमार से बेहतर कोई चेहरा नहीं है।

पप्पू यादव ने कहा, बीजेपी को कभी भी नीतीश कुमार का चेहरा पसंद नहीं था, लेकिन इस जन्म में उनसे बेहतर सीएम पद के लिए कोई नेता बीजेपी के पास नहीं होगा। उन्होंने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि किसी को जबरदस्ती पाउडर लगाकर मुख्यमंत्री बना सकते हैं, लेकिन असली नेतृत्व की कमी है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु के बयान- इस बार बिहार में ए टीम बनकर काम करेंगे- पर पप्पू यादव ने समर्थन जताया। उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस ही बीजेपी को टक्कर दे सकती है और बिना कांग्रेस के एनडीए को हराना नामुमकिन है।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा महिलाओं को २५०० रुपये भत्ता देने और वृद्धा पेंशन बढ़ाने की मांग पर भी पप्पू यादव ने तंज कसा। उन्होंने कहा, जब सरकार में थे, तब क्यों नहीं बढ़ाया? चुनावी मौसम में वैज्ञानिक बनने का क्या मतलब है? पप्पू यादव ने केंद्रीय बजट पर भी निशाना साधा और कहा कि इसका कोई फायदा नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में प्रति व्यक्ति ८००० रुपये कर्ज बढ़ गया है, जबकि ९१ लाख करोड़ शेयर मार्केट में बर्बाद हो चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी मार्केटिंग के लिए जनता के पैसे का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए और फ्री बिजली देने की योजना पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। पप्पू यादव के इस बयान के बाद बिहार की सियासत गरमा गई है। अब देखना यह होगा कि बीजेपी और अन्य विपक्षी दल इस पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं।

शराब माफियाओं ने एसआई पर किया हमला, अस्पताल में भर्ती

पटना,(ईएमएस): पटना के अमगढ़ुआं में शराब माफियाओं ने एक सब इंस्पेक्टर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए। कुम्हरार मुसहरी इलाके में अवैध शराब की सूचना मिलने पर वह गए थे। इस दौरान शराब तस्करों ने उन पर हमला कर दिया। किसी तरह से वह सब इंस्पेक्टर अमित कुमार अपनी जान बचाकर वहां से भागे। गंभीर रूप से घायल अमित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना रविवार की है। शराब माफियाओं ने सब इंस्पेक्टर अमित पर ईंट से हमला किया था।

प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए चलेगीं पिंक बस

पटना (एजेंसी): बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है. नीतीश सरकार की ओर से विधानसभा में सोमवार को उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आगामी वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के लिए बजट पेश किया. चुनावी वर्ष होने के कारण बजट भाषण में प्रदेश के लिए कई घोषणाएं की गईं. महिलाओं और किसानों को लेकर भी कई घोषणाएं की गई हैं. बजट में जहां गरीब परिवारों की कन्याओं के लिए राज्य की हर पंचायत में कन्या विवाह मंडप का निर्माण किया जाएगा. साथ ही, महिला हाट एवं पिंक टॉयलेट स्थापना का प्रावधान किया गया है.

राज्य के प्रमुख शहरों में महिलाओं के लिए पिंक बस का परिचालन किया जाएगा, जिसमें सवारी, चालक एवं कंडक्टर सभी महिलाएं होंगी. चालक एवं कंडक्टर के रूप में महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा बिहार राज्य पथ परिवहन निगम से चालक, कंडक्टर एवं डिपो मेंटेनेंस स्टाफ के पदों में महिलाओं के लिए ३३ प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की जाएगी.

महिला स्व-रोजगार को बढ़ावा देने के लिए महिला चालकों को ई-रिक्शा एवं दो पहिया वाहनों के व्यावसायिक परिचालन के लिए क्रय करने पर नगद अनुदान का प्रावधान किया जाएगा. महिला सिपाहियों को पदस्थापन थाने के आसपास आवास सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा किराए पर आवास लेकर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. पर्व त्योहार विशेषकर महिलाओं द्वारा संचालित छठ पूजा के अवसर पर धार्मिक पर्यटन योजना की शुरुआत की जाएगी. इसमें होम स्टे को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार हरसंभव मदद प्रदान करेगी. प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं को पर्यटन गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा.

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ग १ से १० तक के सामान्य श्रेणी के छात्रों (अल्पसंख्यक सहित) की छात्रवृत्ति दर को दोगुना किया जाएगा. निजी क्षेत्र के सहयोग से राज्य में नए निजी मेडिकल कॉलेज संचालित किए जाएंगे. निजी जन भागीदारी के आधार पर नए सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे.

उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी के छात्रों को दिए जाने वाले प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति दर को चौगुना किया जाएगा, जिस पर राज्य सरकार का अतिरिक्त लगभग २०० करोड़ रुपए का वार्षिक व्यय अनुमानित है. मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना के अंतर्गत छात्रावास अनुदान की वर्तमान दर १,००० रुपए प्रतिमाह को दोगुना कर २,००० रुपए प्रतिमाह किया जाएगा. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की आबादी वाले ऐसे ४० प्रखंड, जिसमें ५०,००० या उससे अधिक आबादी है तथा पूर्व से आवासीय विद्यालय संचालित नहीं हैं, में एक-एक आवासीय विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति के आलोक में १४ आवासीय विद्यालयों का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष २०२५-२६ में कराया जाएगा.

उन्होंने कहा कि राज्य के बड़े अनुमंडलों में अनुमंडलीय अस्पताल के अतिरिक्त एक अन्य रेफरल अस्पताल का निर्माण किया जाएगा. राज्य सरकार द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्ग का सृजन किया जाएगा. संपूर्ण राज्य में शहरी क्षेत्रों के लिए नगर चिकित्सा सुविधा केंद्रों की स्थापना की जाएगी. प्रथम चरण में राज्य के सभी ९ प्रमंडलों के जिला मुख्यालयों में १०८ चिकित्सा केंद्रों को स्थापित किया जाएगा. बेगूसराय में कैंसर अस्पताल स्थापित होगा. पूर्णिया हवाई अड्डा का निर्माण किया जा रहा है, जिसे शीघ्र ही चालू किया जाएगा. राजगीर, सुल्तानगंज (भागलपुर) एवं रक्सौल में हवाई अड्डा विकसित करने की कार्रवाई की जाएगी. इसी प्रकार छोटे हवाई अड्डा, भागलपुर, वाल्मीकिनगर, बीरपुर (सुपौल), मधुबनी, मुंगेर और सहरसा के साथ-साथ मुजफ्फरपुर उड़ान योजना के तहत विकसित होगा.

वित्त मंत्री ने कहा, सरकार ने बड़ी नदियों पर पुलों की संख्या एवं उनकी क्षमता बढ़ाकर राज्य के यातायात की सुविधा में अभूतपूर्व बदलाव लाया है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सपना राज्य के किसी कोने से पांच घंटे में पटना पहुंचने को साकार किया है. हम इस यात्रा समय को वर्ष २०२७ के अंत तक चार घंटे में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इसके लिए राज्य की राजधानी को समस्त जिला मुख्यालयों से फोर लेन सड़क से जोड़ा जाएगा.

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन के तहत कुल तीन संघों के अधीन अब तक कुल ३०२ प्रखंड स्तरीय प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है. आगामी वित्तीय वर्ष में राज्य के शेष सभी प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा और संघ से संबद्ध किया जाएगा. इसके अलावा राज्य सरकार नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर फेडरेशन, नेफेड इत्यादि से समन्वय कर अरहर, मूंग, उड़द इत्यादि का न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करते हुए क्रय करेगी.

राबड़ी देवी ने की महिलाओं को हर माह 2500 देने की मांग

पटना,(ईएमएस): बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने सरकार से महिलाओं को प्रतिमाह २५०० रुपए देने की मांग की है। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की सोमवार की कार्यवाही शुरू होने के पहले ही विपक्ष के विधायकों ने विधानमंडल परिसर में प्रदर्शन किया। विपक्षी विधायकों ने हाथों में तख्तियों लिए थे।

इस बजट से उन्हें ज़्यादा उम्मीद नहीं है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बिहार की महिलाओं और युवाओं के लिए क्या खास है? क्या सरकार २०० यूनिट बिजली मुफ्त देगी? इधर, बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्धा पेंशन को ₹५०० रुपए दे सरकार। इसके अलावा जो गैस सिलेंडर ₹१२०० रुपए में मिल रहा है, उसे ५०० रुपए प्रति सिलेंडर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी महिलाओं को, चाहे वे किसी भी वर्ग और धर्म की हों, सरकार को २५०० रुपए प्रति महीना पेंशन दे। लोगों को २०० यूनिट बिजली फ्री दे।

मेरा राजनीतिक करियर समाप्त नहीं : आकाश आनंद

लखनऊ,(ईएमएस): बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर पद से हटा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि उनके जीते जी पार्टी का कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। मायावती ने अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है और उनके कार्यों का बंटवारा कर दिया है।

मायावती के इस फैसले के बाद पहली बार आकाश आनंद की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर एक विस्तृत पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने इस फैसले का सम्मान करने की बात कही। उन्होंने कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। अपनी पोस्ट में आकाश आनंद ने आगे लिखा, मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैंने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं।

यह सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं और उनके साथ खड़ा हूं। मायावती के इस निर्णय को बसपा में बड़े नेतृत्व परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है।

कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :— NREP/GIRIDIH/25/2024-25

1. विज्ञापनदाता का नाम :— कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।
2. वेबसाईट पर ई—निविदा अपलोड करने की तिथि :— दिनांक 18.03.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे से)
3. वेबसाईट पर ई—निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि :— दिनांक 25.03.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
4. ई—निविदा खोलने का स्थान :— कार्यपालक अभियन्ता, एनआरएलईपी, गिरिडीह का कार्यालय ।
5. ई—निविदा खोलने की तिथि :— दिनांक 27.03.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से ।
6. ई—निविदा आंमत्रण करने पाले के पदनाम :—कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह ।
7. निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मो0 नं0 :— 9431332643
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई—भुगतान जिस खाता से किया जायेगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित संवेदक की होगी।
10. योजना मद :— जिला योजना अनाबद्ध निधि।

क्र0	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिसाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.
1	गाण्डेय	गाण्डेय प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुण्डलवादह टोला लेडवाटांड में नेत्र रोड किनारे 200 फीट गार्डवाल निर्माण	7,18,600.00			
	गाण्डेय	गाण्डेय प्रखंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुण्डलवादह टोला लेडवाटांड में 300 फीट पी0 सी0 सी0 सड़क निर्माण	4,65,200.00			
		कुल:—	11,83,800.00	23,700.00	2,500.00	तीन माह।
2	गाण्डेय	गाण्डेय प्रखंड अन्तर्गत पंचायत डोकीडीह के ग्राम परमाडीह गली में पेभर ब्लॉक रोड निर्माण	14,75,800.00	29,600.00	2,500.00	तीन माह।
3	बेगाबाद	बेगाबाद प्रखंड के पंचायत मलंकुदर ग्राम जुडवानिया में संजय कुमार मंडल के घर के पास डीप बोरिंग का अधिष्ठापन।	2,34,954.00			
	जमुआ	जमुआ प्रखंड के पंचायत नावाडीह ग्राम सर्वेयाबाद में हीरालाल प्रसाद वर्मा के जमीन खाता नं0 17 प्लॉट नं0 1031 में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन।	2,34,954.00			
	गिरिडीह	गिरिडीह प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयडीह में नकुल पाठक के घर के बगल में डीप बोरिंग कार्यअधिष्ठापन।	2,34,954.00			
	तिसरी	तिसरी प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन।	2,34,954.00			
4	बेगाबाद	बेगाबाद प्रखंड के कस्तूरबा विद्यालय में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन।	2,34,954.00			
	गाण्डेय	गाण्डेय प्रखंड के पंचायत डोकीडीह के ग्राम परमाडीह धुवा बहयार में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन।	2,34,954.00			
	पीरटांड	पीरटांड प्रखंड अधिष्ठित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, पालगंज, पीरटांड में 02 अदद डीप बोरिंग।	4,69,908.00			
	गिरिडीह	पुलिस केन्द्र पपरवांटांड में ग्रूपरंस0 एवं एल0एस0 आवास के लिए 02 अदद डीप बोरिंग।	4,69,908.00			
		कुल:—	23,49,540.00	47,000.00	5,000.00	दो माह।
	तिसरी	तिसरी प्रखंड के पंचायत बेलवाना के ग्राम गोलगो में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन।	2,34,954.00			
	गिरिडीह	गिरिडीह प्रखंड के ग्राम पचम्बा, वार्ड नं0 03 में प्रमिला देवी के जमीन पर चापाकल अधिष्ठापन।	90,502.00			
	गिरिडीह	गिरिडीह प्रखंड के ग्राम सरांगबेडा में अलबिना टुडू के जमीन खाता सं0 80, प्लॉट नं0 237 पर चापाकल अधिष्ठापन।	90,502.00			
	गिरिडीह	गिरिडीह प्रखंड के पुराना पुलिस लाईन बरवाडीह में चापाकल अधिष्ठापन।	90,502.00			
	चरिया	चरिया प्रखंड के ग्राम कपिली पोस्ट कपिली में राजेन्द्र यादव के जमीन पर चापाकल अधिष्ठापन।	90,502.00			
	धनवार	अनुमंडल पुलिस परिसर (वकालतखाना के बगल में) चापाकल अधिष्ठापन।	1,02,689.00			
	धनवार	अनुमंडल पुलिस (कर्मियों/पुलिस कर्मी/सेट जवान) का आवासीय परिसर में चापाकलअधिष्ठापन।	1,02,689.00			
		कुल:—	8,02,340.00	16,100.00	1,250.00	दो माह।
		द्वितीय कॉल				
5	गिरिडीह	गिरिडीह प्रखंड अन्तर्गत न्यू आनंद नगर में बागोदर पंडित के घर से मंडीजी के घर तक नाली एवं पी0 सी0 सी0 निर्माण।	15,92,700.00			
	गिरिडीह	गिरिडीह प्रखंड के वार्ड नं0 31 एवमैंग सिन्हा गली राजेन्द्र नगर में महेन्द्र यादव के घर से विरंजीजी सिंह के घर तक 240 फीट पी0 सी0 सी0 पथ निर्माण।	3,41,100.00			
		कुल:—	19,33,800.00	38,700.00	5,000.00	तीन माह।

पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, रॉची के संकल्प सं0 2146(ई) दिनांक 09.09.2020 के आलोक में सम्मति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होंगी। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional Preformance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से –(i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत राशि जमा करने का प्रावधान लागू होगा। निविदाओं का निष्पादन उपरोक्त वर्णित संकल्प के आधार पर होगा।

1. इस निविदा में क्रमांक सं0 1, 2 एवं 3 में अंकित योजना के लिए ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले), झारखण्ड/ पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार एवं क्रमांक सं0 3 एवं 4 में अंकित योजना के लिए पी0एम0ई0डी0, झारखण्ड सरकार, में पंजीकृत (नवीकृत) समुचित श्रेणी के संवेदकों के अतिरिक्त राज्य सरकार/सैन्य अभियंत्रण सेवाएं के अंतर्गत निबंधित झारखण्ड सरकार के समकक्षीय निबंधन श्रेणी की निविदा में भाग ले सकते हैं।

नोट:—केवल ई—निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट/बढ़ सकती है। अन्य सूचनाएँ वेबसाईट http: www. jharkhandtenders. gov.in/ कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह।

PR.NO.347582 NREP(24-25):D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह
(जिला योजना शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

गिरिडीह जिला के गाण्डेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र—छात्राओं के ज्ञानोपार्जन एवं उनके बौद्धिक विकास के निमित्त इन प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं +2 उच्च विद्यालयों में पुस्तकालय हेतु प्रतिश्रेणत पुस्तक आपूर्तिकर्त्ताओं/पुस्तक विक्रेताओं से दिनांक 11.03.2025 को 02:00 बजे अप0 तक मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता संबंधित पुस्तकों की सूची एवं शर्तें वेबसाईट www.giridih.nic.in से डाउनलोड कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त मुहरबन्द निविदायें दिनांक 11.03.2025 को ही अपराह्न 03:00 बजे गठित क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकेंगे।

उप विकास आयुक्त
गिरिडीह

PR 347632 Planning and Development (24-25)_D

कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी—सह—अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गिरिडीह, (गोपनीय शाखा)

—: आम सूचना :—

प्राप्त सूचनानुसार दिनांक 04.03.2025 को अपराह्न में माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार, श्री हेमन्त सोरेन द्वारा गिरिडीह जिला अन्तर्गत झण्डा मैदान में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस में भाग लेना प्रस्तावित है। फलतः दिनांक 05.03.2025 की प्रातः 03:00 बजे तक भारी वाहनों को शहर में प्रवेश वर्जित करने के साथ दिनांक 04.03.2025 के अपराह्न से गिरिडीह शहर क्षेत्र का यातायात व्यवस्था निम्नवत रखा जायेगा :—

1. खोरीमहुआ अनुमण्डल की तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली बसों का पडाव बाजार समिति मैदान पचम्बा, मिशन ग्राउण्ड, कार्मेल स्कूल ग्राउण्ड अलकापुरी में।
2. डुमरी अनुमण्डल की तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली बसों का पड़ाव पुराना बस डिपो कोलडीहा में।
3. टुण्डी की तरफ से कार्यक्रम में आने वाली बसों का पड़ाव अण्टा बंगला मैदान, पुराना पुलिस लाईन गिरिडीह मैदान में।
4. बेगाबाद, गाण्डेय के तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली बसों का पड़ाव आम बगान, सिहोडीह में।
5. कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली छोटी निजी वाहनों का पड़ाव सर्कस मैदान, गिरिडीह में।

वाहनों का ठहराव हेतु नक्शा इस आदेश के साथ संलग्न है।

अनुमंडल पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 347648 Giridih(24-25)#D

कार्यालय,जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गिरिडीह

अल्पकालीन सूचना

मत्स्य बीज उत्पादकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सूचना

मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, राँची के पत्रांक 124 दिनांक 25.02.2025 के आलोक में गिरिडीह जिले के सभी मत्स्य बीज उत्पादकों/मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत मत्स्य बीज उत्पादकों को तकनीकी ज्ञान से सुदृढ करने के उद्देश्य से उन्हें तीन दिवसीय प्रशिक्षण हेतु जिले के मत्स्य बीज उत्पादकों को प्रशिक्षण दिया जाना है।

जिले के वैसे मत्स्य कृषक, जो पूर्व से मछली पालन में प्रशिक्षित है अथवा मत्स्य बीज उत्पादन/वितरण कार्य किये है अथवा आरएएकएएफ0 स्थल में मत्स्य पालन कर रहें है, वे मत्स्य बीज उत्पादक का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। निबंधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को विभाग द्वारा आने–जाने अथवा भोजन हेतु कोई मानदेय की व्यवस्था नही है। प्रशिक्षणार्थी को स्वयं अपने खर्च पर आना–जाना है। प्रशिक्षण के दौरान आवासन निःशुल्क है। भोजन हेतु निबंधन के समय मो0 200/– (दो सौ) रू0 मात्र जमा करना होगा।

उक्त आलोक में मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचीबद्ध किया जाना है प्रशिक्षण को सफल और उद्देश्यपूर्ण बनाने हेतु इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों से आवेदन प्राप्त हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित की जाती है।

विहित प्रपत्र

क्र0 सं0	आवेदक का नाम	तालाब का नाम	ग्राम	पंचायत	प्रखण्ड	खाता सं0	खेसरा सं0	जलक्षेत्र (एकड़ में)	तालाब का प्रकार (निजी/लीज/सामुदायिक/सांझा)	लैंडमार्क	मेबाइल नं0

राज्य स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण की कार्यक्रम सारणी

क्र0 सं0	प्रशिक्षण स्थल का नाम	प्रति बैच प्रशिक्षणार्थियों की संख	तिथि का निर्धारण
1	मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, रॉची।	50	28.03.2025 — 30.03.2025 15.04.2025 — 17.04.2025 02.05.2025 — 04.05.2025 17.05.2025 — 19.05.2025 02.06.2025 — 04.06.2025 17.06.2025 — 19.06.2025 01.07.2025 — 03.07.2025 15.07.2025 — 17.07.2025

नोट:— प्रशिक्षणार्थियों का चयन उत्लब्ध के उपलब्धता एवं सभी प्रखण्डों/पंचायतों का प्रतिनिधिय आवश्य हो। आवेदन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों से अनुशंसा प्राप्त कर जिला मत्स्य कार्यालय, गिरिडीह में आवेदन जमा कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी—सह—
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गिरिडीह

PR 347573 Fish(24-25).D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, गिरिडीह

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह के अंतर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना सं0–DWSD/GIRIDIH-2/11/2024-25 जो PR No- 347373 (Drinking Water & Sanitation)2024-25_D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :—

क्र0	विवरण	पूर्व में प्रकाशित राशि	संशोधित राशि
1	Estimated Cost (in Rs.)	54,00,258.00	53,99,999.00

नोट:— (1.) अन्य शर्तें यथावत रहेगें।
(2.) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल
संख्या–02, गिरिडीह।

PR.NO.347571 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो

—: आवासीय विद्यालय के लिए सामग्री और सुसज्जीकरण (बर्तन, उपस्कर, फर्नीचर इत्यादि से संबंधित

अति अल्पकालीन निविदा ::—

आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखंड सरकार के पत्रांक 03/आवासीय विद्यालय (सामग्री और सुसज्जीकरण) (2024–25)–03/2024 – 13 रॉची, दिनांक 16.01.2025 एवं पत्रांक 03/आवासीय विद्यालय (सामग्री और सुसज्जीकरण) (2024–25)–03/2024– 14 रॉची, दिनांक 16.01.2025 के द्वारा **आश्रम विद्यालयों एवं अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के लिए सामग्री और सुसज्जीकरण (बर्तन, उपस्कर, फर्नीचर इत्यादि** के कार्यान्वयन हेतु बिक्री–निबंध एवं समय–सारणी उपलब्ध कराया गया है। उक्त के आलोक में बोकारो जिला अन्तर्गत **चास प्रखण्ड के निर्धा पंचायत एवं गोमिया प्रखण्ड के तुलबुल** आवासीय/आश्रम विद्यालय में विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्त्ताओं से निम्न सामग्रियों का मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :—

अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के लिए

क्र0	सामग्री का नाम	संख्या
1	डेग बड़ा	04 पीस
2	डेग छोटा	04 पीस
3	लोहा कढ़ाई (मध्यम)	02 पीस
4	झांझरा (मध्यम)	04 पीस
5	खुरपी	03 पीस
6	बैठी	05 पीस
7	ऐल्मुनियम कढ़ाई (मध्यम)	05 पीस
8	ऐल्मुनियम टब (मध्यम)	05 पीस
9	खल (मसाला कुटनी)	04 पीस
10	इलेक्ट्रिक मिक्सर	02 पीस
11	बड़ा चुल्हा + लाईटर सहित	02 पीस
12	गैस पाईप	10 पीस
13	स्टील गमला (मध्यम)	05 पीस
14	बाल्टी छोटा	05 पीस
15	थाली	248 पीस
16	लोटा	248 पीस
17	ग्लास	248 पीस
18	कटोरा (मध्यम)	248 पीस
19	कुर्सी कार्यालय हेतु	05 पीस
20	पर्दा	06 पीस
21	टेबल क्लोथ	02 पीस
22	Flower Pot with Flower (टेबल पर रखने हेतु)	02 पीस
23	अल्युमिनियम गमला (मध्यम)	02 पीस

आश्रम विद्यालयों के लिए

क्र0	सामग्री का नाम	संख्या
1	Mattres (3 X 5.5) (छात्रों के लिए)	10 पीस
2	दरी (20X30)	06 पीस
3	अलमीरा	01 पीस
4	एल्युमिनियम डब्बू (मध्यम)	02 पीस
5	कुकर 30 लीटर वाला	01 पीस
6	गैस बड़ा चुल्हा	01 पीस
7	झंझरा बड़ा	02 पीस
8	झंझरा छोटा	01 पीस
9	डेग (चावल पकाने हेतु)(मध्यम)	02 पीस
10	स्टील ड्रम (मध्यम)	01 पीस
11	अल्युमिनियम डेग (चावल छानने हेतु) (मध्यम)	02 पीस
12	ऑफिस चेयर	04 पीस
13	टेबल क्लोथ	04 पीस
14	लोहा कढ़ाई (मध्यम)	02 पीस

नोट :—1.निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तों की पूर्ण विवरणी बोकारो के वेबसाईट **www.bokaro.nic.in** पर एवं जिला कल्याण कार्यालय, बोकारो से प्राप्त किया जा सकता है।

2. इच्छुक निविदादाता **दिनांक 11.03.2025 के अपराह्न 01.00 बजे** तक जिला कल्याण कार्यालय, बोकारो में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हो कर मुहरबंद निविदा दे सकते है।
3. प्राप्त मुहरबंद निविदाओं को **दिनांक 17.03.2025 को अपराह्न 03.00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित होंगे।

उपायुक्त बोकारो

PR 347551 (Welfare)24-25*D

कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गिरिडीह
(गोपनीय शाखा)
ई-मेल :- sdm-giridih@jharkhandmail.gov.in

-: आदेश :-

पु0नि0–सह–थाना प्रभारी, यातायात थाना, गिरिडीह के ज्ञापांक 35/2025, दिनांक 02.03.2025 के क्रम में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं अन्य माननीयों द्वारा भाग लिये जाने का प्रस्ताव संबंधी पत्र प्राप्त है। इस स्थापना कार्यक्रम हेतु दिनांक 04.03.2025 के पूर्वा0 09:00 बजे से दिनांक 05.03.2025 के पूर्वा0 03:00 बजे तक भारी वाहनों को शहर में प्रवेश वर्जित करने के साथ गिरिडीह शहर क्षेत्र का यातायात व्यवस्था निम्नवत रखने का अनुरोध किया गया है :—

1. खोरीमहुआ अनुमण्डल की तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली बसों का पडाव बाजार समिति मैदान पचम्बा, मिशन ग्राउण्ड, कार्मेल स्कुल ग्राउण्ड अलकापुरी में।
2. डुमरी अनुमण्डल की तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली बसों का पडाव पुराना बस डिपो कोलडीहा में।
3. टुण्डी की तरफ से कार्यक्रम में आने वाली बसों का पड़ाव अण्टा बंगला मैदान, हुट्टी बाजार मैदान, पुराना पुलिस लाईन गिरिडीह मैदान में।
4. बेगाबाद, गाण्डेय के तरफ से कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली बसों का पड़ाव आम बगान, सिहोडीह में।
5. कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आने वाली छोटी निजी वाहनों का पड़ाव सर्कस मैदान, गिरिडीह में।

अतः आदेश दिया जाता है कि थाना प्रभारी, यातायात, गिरिडीह एवं सभी थाना प्रभारी, गिरिडीह अनुमण्डल क्षेत्र उपर्युक्त प्रस्ताव का अक्षरशः अनुपालन करना सुनिश्चित करें। वाहनों का ठहराव हेतु नक्शा इस आदेश के साथ संलग्न है।

अनुमंडल पदाधिकारी,
गिरिडीह

PR 347669 Giridih (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, गिरिडीह
ई–मेल:– eedwsd.giridih1@gmail.com

पत्रांक–...../ दिनांक.....

आवश्यक सूचना

ग्रीष्म ऋतु 2025 में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–1, गिरिडीह अंतर्गत पड़ने वाले प्रखण्डों (बेगाबाद, गाण्डेय, जमुआ, देवरी एवं तिसरी) के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था कायम रखने हेतु नलकूपों की मरम्मति कार्य पूर्व की भांति गाड़ी एवं समुचित संख्या में गैंग की प्रतिष्ठिकि की जा रही है। इसके लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दिनांक

अब संघ प्रमुख भागवत पहुंच रहे बिहार दौरे पर

सुपौल (ईएमएस): बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने है। यह देखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित तमाम सियासी दिग्गज बिहार में दौरा कर रहे है।

वहीं अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ६ मार्च को बिहार के सुपौल जिले आ रहे है। विधानसभा चुनाव से पहले उनके इस दौरे को खासा महत्व है। इस दौरान भागवत वीरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या ०१ स्थित केशव नगर में बने सरस्वती विद्या मंदिर के नए भवन का उद्घाटन करने वाले है।

बता दें, यह पहली बार होगा जब संघ प्रमुख इंडो-नेपाल बॉर्डर पर किसी कार्यक्रम को संबोधित करने वाले है। उनके इस दौरे को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सर संघ संचालक भागवत गुरुवार को दिन के ११.३० बजे बीरपुर पहुंचकर १ बजे से कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचने वाले है। फिर अपने संबोधन के बाद २.३० बजे स्वयं सेवकों के साथ बैठक करने वाले है। नेपाल से सटे वीरपुर जैसे इलाके में इस तरह के आयोजन का खास महत्व है। यह क्षेत्र राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक समृद्धि और सीमावर्ती इलाकों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार का प्रतीक बन रहा है। सीमावर्ती इलाकों में विद्या भारती के स्कूल जैसे संस्थान न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ा रहे हैं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा को भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

विद्या भारती बिहार के क्षेत्र संगठन मंत्री ख्याली राम ने कहा, भागवत जी का वीरपुर में आना हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। यह लंबे समय से योजना में था कि विद्यालय का उद्घाटन उनके हाथों कराया जाए। कोरोना महामारी के कारण यह संभव नहीं हो सका। अब यह मौका आ रहा है, और हम सभी कार्यकर्ता जोरदार तैयारी कर रहे हैं। उनके आगमन से यह संदेश जाएगा कि हिंदुत्व के सबसे बड़े चिंतक और मार्गदर्शक हमारे बीच आ रहे हैं।

अपने दौरे के दौरान भागवत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, स्वयंसेवकों और आम नागरिकों से मुलाकात करने वाले है। वे समाज और राष्ट्र निर्माण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने वाले है। इस मौके पर हिंदुत्व, शिक्षा और सामाजिक एकता को लेकर संवाद होगा। कार्यक्रम स्थल पर भारी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है।

बिहार में बाबा बागेश्वर के आगमन पर सियासी घमासान

पटना (एजेंसी): बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले धार्मिक और राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ६ मार्च से १० मार्च तक लालू यादव के गृह जिले गोपालगंज में कथा करने आ रहे हैं. उनके आगमन को लेकर बिहार की राजनीति गरमा गई है. राजद, कांग्रेस, भाजपा और जदयू के नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिससे सियासी बयानबाजी तेज हो गई है.

राजद विधायक प्रेम शंकर ने बाबा बागेश्वर के बिहार आगमन पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे उन्माद फैलाने के लिए आ रहे हैं. उनके इस बयान के बाद विवाद और बढ़ गया, जब विधायक ने दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकी मिली है. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता विकास चाहती है, न कि धार्मिक उन्माद.

कांग्रेस विधायक प्रतिमा कुमारी ने बाबा बागेश्वर पर हमला बोलते हुए कहा कि उनका आगमन किसी बदलाव का संकेत नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि बाबा बीजेपी के एजेंट हैं और जहां चुनाव होते हैं, वहां उन्हें बुलाया जाता है. उन्होंने कहा कि लालू यादव एक जमीनी नेता हैं और उनकी लोकप्रियता को किसी बाहरी तत्व से कोई फर्क नहीं पड़ेगा.

भाजपा विधायक लखेन्द्र पासवान ने कहा कि बाबा बागेश्वर के आगमन से विपक्षी पार्टियां घबरा रही हैं. उन्होंने कहा कि बाबा सनातन धर्म के प्रचार के लिए आ रहे हैं और बिहार की जनता उन्हें सुनने के लिए उत्सुक है.

वहीं, बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय मयूख ने कहा कि बाबा केवल देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी प्रवचन देते हैं, इसलिए उनका बिहार आना कोई असामान्य बात नहीं है.

जेडीयू एमएलसी भीष्म साहनी ने कहा कि बाबा बागेश्वर धाम के प्रचार के लिए आ रहे हैं, लेकिन आरजेडी इससे डर रही है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में विकास कार्य किए हैं और जनता का विश्वास एनडीए में है. बाबा के आगमन से आरजेडी की घबराहट साफ नजर आ रही है.

जालसालों ने हजारों युवकों को बनाया शिकार, लाखों रुपए ठगे

मुजफ्फरपुर,(ईएमएस): रेलवे में फर्जी बहाली की जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। जीआरपी और रेलवे की क्राइम ब्रांच को देश में फैले जालसाजों के रैकेट के साथ उनके एजेंट की भी जानकारी मिल गई है। जांच टीम ने रेलवे में फर्जी बहाली में एक-एक चीज को सही दिखाने का प्रयास किया गया। प्रशिक्षण के लिए जारी पत्र में रेल मंत्रालय के पदाधिकारी के फर्जी दस्तखत से लेकर मुहर का इस्तेमाल किया गया था। बता दें रेलवे में नौकरी लगने के बाद उसका सारा ब्योरा रेलवे इंप्लाई सेल्फ सर्विस (आरइएसएस) में रहता है। इसमें कर्मचारियों की ज्वाइनिंग से लेकर रिटायरमेंट तक का पूरा ब्योरा रहता है।

जांच में सामने आया कि जालसाजों ने आरइएसएस की फर्जी वेबसाइट बना ली थी। ट्रेनिंग पूरा करने के बाद आरइएसएस की फर्जी वेबसाइट पर पूरा ब्योरा लिखकर चढ़ा देते थे। मोबाइल पर लिंक भेजकर शिकार बनाए गए अभ्यर्थियों को ऐसा अहसास कराते थे कि रेलवे में उनकी पक्की नौकरी लग गई है। इसके पहले वह डीआरएम ऑफिस के पास फार्म भरवा कर ट्रेनिंग के लिए छपरा के अवतार नगर और मोतिहारी के भटहां में भेजते थे।

अवतार नगर में ग्रुप डी, कॉमर्शियल क्लर्क समेत अन्य पद और मोतिहारी के भटहां में आरपीएफ की ट्रेनिंग देता था। पुलिस के मुताबिक दीपक तिवारी, चंदन कुमार उर्फ जेपी राय, प्रिंस यादव, पप्पू सिंह और सक्षम श्रीवास्तव इस फर्जी भर्ती की मॉनिटरिंग करते थे। दीपक तिवारी और सक्षम श्रीवास्तव जेल में बंद हैं, अन्य सभी आरोपी अभी फरार हैं। इन सभी के खिलाफ कुर्की के लिए कोर्ट को पत्र दिया गया है। सक्षम श्रीवास्तव एनसीसी का छात्र रह चुका है, इसलिए वह आरपीएफ की ट्रेनिंग देता था।

सूत्रों के मुताबिक बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को पहले रेलवे का आइकार्ड बना देता था और सोनपुर, मोतिहारी में उस आइकार्ड के आधार पर मकान मालिक किराए पर कमरा दे देते थे। वहां कमरा लेने के बाद लोगों को फर्जी तरीके से ट्रेनिंग कराता था। जेल में बंद बदमाशों के बयान पर जांच की गई तो पता चला कि दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा अन्य राज्यों से पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाता था। फिर डीआरएम ऑफिस के पते पर एसपी कार्यालय से मंगवा लिया जाता था। जालसाज अभ्यर्थी को वहां बुलाकर लेटर रिसीव कराता था कि, तुम्हारा पुलिस वेरिफिकेशन भी आ गया। उसके बाद ट्रेनिंग के लिए भेजता था।

फर्जी भर्ती के लिए दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई आदि जगहों से भेजे गए अभ्यर्थियों का फार्म भराने के बाद उसको विश्वास में लेने के लिए संबंधित इलाके के रेलवे मुख्यालय और डीआरएम मेल-आइडी का कॉपी कर फेक मेलर एप से उसको लिंक भेज देता था ताकि अभ्यर्थियों को फार्म भरने के साथ ही विश्वास हो जाए कि संबंधित रेल मुख्यालय और डीआरएम कार्यालय से उसका मेल आ गया। उसके बाद बुलाकर पैसों की डील कर सात से १५ लाख रुपए ले लेते थे।

बजट में सभी को 200 यूनिट फ्री बिजली देने का ऐलान करे : तेजस्वी यादव

पटना,(ईएमएस) :बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बजट पेश होने से पहले सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसा। तेजस्वी ने सोशल मीडिया पर लिखा-काम-धाम से कोई मतलब है जी? जनता को भ्रमित करने के लिए २००५ से पहले वाला घिसा-घिसाया डायलॉग और ड्रामा फिर कर देना है।

अपने फेसबुक पेज पर तेजस्वी यादव ने एक मीम भी शेयर किया है, जिस में लिखा है... अरे सर, चुनाव आ रहा है। काम धाम तो कुछ किए नहीं। २० बरस खाली पलटिए मारते रहे। जनता को क्या जवाब देंगे। काम धाम का कोई मतलब है। २००५ के पहले वाला ड्रामा इस बार भी कर देंगे। २० साल से इस पर ही तो खेल रहे हैं। वहीं रविवार को पार्टी ऑफिस में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार को सलाह देते हुए तेजस्वी ने कहा था कि नीतीश कुमार आपका आखिरी बजट है। भले ही मेरी योजना की कॉपी कर लीजिए, लेकिन महिलाओं को हर महीने २५०० रुपए दीजिए।

बिहार में बिजली सबसे ज्यादा महंगा है। सरकारी बजट में सभी को २०० यूनिट फ्री बिजली देने का ऐलान करें। किसानों के लिए भी फ्री में बिजली देने का काम करें। साथ ही मांग की है कि वृद्धा पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन ४०० से बढ़कर १५०० रुपए की जाए। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। हाउस और सदन कैसे चल रहा है, सभी देख रहे हैं। विधानसभा में मेरा भी भाषण होगा। मैं सरकार की पोल खोलने का काम करूंगा। वहीं तेजस्वी ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा था कि मैं ३६ साल का हूं, ७५ का नहीं। जुमलेबाजी नहीं करूंगा। जो कहूंगा वह करके दिखाऊंगा। साथ ही पीएम मोदी के बिहार दौरे पर कहा कि पीएम मोदी जी, जितनी बार बिहार आना है आप आइए। कोई दिक्कत नहीं। ३६५ दिन मखाना खाइए, इससे भी दिक्कत नहीं है। आप सत्तू घोलकर पीजिए। अगर नहीं आता है तो मेरे पिता लालू यादव आपको सीखा देंगे।

जहानाबाद को मिली 6 बड़ी विकास योजनाओं की सौगात

जहानाबाद : जहानाबाद जिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान की गई छह प्रमुख विकास योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है. इन योजनाओं में सड़क, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल, पर्यटन और खेल सुविधाओं का विकास शामिल है. जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन योजनाओं की जानकारी दी.

सबसे बड़ी योजना जिले में मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का निर्माण किया जाएगा. इससे अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रावास और श्रीकृष्ण महिला कॉलेज के छात्रों को आवागमन में सुविधा होगी. अरवल मोड़ के पास राजाबाजार रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे ट्रैफिक जाम और जल-जमाव की समस्या से निजात मिलेगी.

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा ४९ करोड़ रुपये की लागत से बराबर पर्यटन क्षेत्र का विकास किया जाएगा. इससे श्रावण माह में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. क्षेत्र में विश्रामगृह, रोशनी, शेड और पेयजल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे.

शहर में २९ करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा. इससे युवाओं को खेल की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी. साथ ही भवन निर्माण विभाग द्वारा काको, घोषी और मखदुमपुर में १६-१६ करोड़ रुपये की लागत से नए प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन बनाए जाएंगे.

उपयुक्त भूमि चिन्हित कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा.

पथ निर्माण विभाग द्वारा २९ करोड़ रुपये की लागत से एनएच-११० से एसएस कॉलेज तक ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा. इससे उपयुक्त भूमि चिन्हित कर ली गई है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा.

बजट इन लोगों का आखिरी बजट है : तेजस्वी यादव

पटना (एजेंसी): बिहार के उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को विधानसभा में वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के लिए बजट पेश किया. बिहार का बजट का इस बार ३ लाख १६ हजार ८९५ करोड़ रुपए है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के बजट से करीब ३८,१६९ करोड़ रुपए ज्यादा है. इस बजट में कई अहम घोषणाएं की गई है. बजट पेश होने के बाद हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है. यहां तक की खुद सीएम नीतीश कुमार ने भी सम्राट चौधरी की पीठ थपथपाई. वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बजट को लेकर एनडीए सरकार पर निशाना साधा है.

तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार ने आज बजट का सरकारी पन्नों पर झूठ और जुमलों की स्याही से लिखा भाषण पढ़ा है. जमीनी सच्चाई यह है कि बिहार आधुनिक सुविधाएं तो छोड़िए अब भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है. सरकार राजस्व सृजन कर नहीं पा रही है लेकिन बजट को बढ़ा दे रही है. इन्हें कुर्सी और सरकार बचाने की चिंता है लेकिन हमें बिहार बचाने और बनाने की चिंता है.तेजस्वी यादव ने कहा कि ये बजट इन लोगों का आखिरी बजट है, हमने कल २०० यूनिट बिजली फ्री करने की मांग की थी. हमारी मांग थी कि गैस का दाम कम हो, वृद्धा पेंशन बढ़ाया जाए,लेकिन इस बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया.

तेजस्वी ने आगे कहा कि प्रति व्यक्ति आय बिहार सबसे पीछे है. गरीबी और बेरोजगारी बिहार में ज्यादा है. कही फैक्ट्री लगाने की बात ये लोग नहीं करेंगे. युवाओं को नौकरी कैसे देंगे इसकी बात नहीं की गई. पेपर लीक कैसे रोकेंगे इस पर कोई बात नहीं, पुलिसकर्मियों को मारा जा रहा है इस पर कोई ध्यान नहीं है. पलायन को कैसे रोकेंगे इस पर कोई चर्चा नहीं, दिव्यांग भाई के बारे में कोई चर्चा नहीं,महिलाओं के लिए कोई चर्चा नहीं की गई. तेजस्वी ने कहा महंगाई से सब परेशान है, लेकिन इस पर कोई चर्चा नहीं की गई. बिहार कैसे आगे बढ़े इस पर सत्ता पक्ष को कोई चिंता नहीं है, कल सदन में डिटेल में भाषण होगा, हम कल पोल खोलेंगे. भारत सरकार ने गुजरात को क्या क्या दिया और बिहार को क्या क्या दिया ये बताना चाहिए था. सरकार से जनता मायूस पहले से थी, इस बजट में बाद सरकार से लोगों का विश्वास उठ गया है.

विपक्षी विधायकों ने विधानमंडल में किया विरोध प्रदर्शन

पटना (एजेंसी): बिहार विधानमंडल के बजट सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही विपक्षी विधायकों ने सोमवार को विधानमंडल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान विधायकों ने हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर सरकार से कई सवाल किए.

विपक्ष ने कहा कि उन्हें इस बजट से ज्यादा उम्मीद नहीं है और सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह महिलाओं और युवाओं के लिए क्या खास कर रही है. साथ ही उन्होंने मांग की कि सरकार प्रदेशवासियों को २०० यूनिट बिजली मुफ्त दे.

पूर्व मुख्यमंत्री और राजद नेता राबड़ी देवी ने सरकार से महिलाओं को २५०० रुपये प्रतिमाह देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी महिलाओं, चाहे वे किसी भी वर्ग या धर्म की हों, को यह सहायता मिलनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि वृद्धा पेंशन को १५०० रुपये किया जाना चाहिए ताकि बुजुर्गों को आर्थिक मदद मिल सके. इसके अलावा उन्होंने मांग की कि गैस सिलेंडर की कीमत १२०० रुपये से घटाकर ५०० रुपये की जाए, जिससे महंगाई से जूझ रही महिलाओं को राहत मिल सके.

राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी इस मुद्दे को उठाया था. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को यह सुझाव दिया था कि वे अपने अंतिम बजट में महिलाओं के लिए कुछ बेहतर घोषणाएं करें. तेजस्वी ने कहा कि सरकार अगर चाहे तो उनकी योजना को कॉपी कर सकती है, लेकिन महिलाओं को २५०० रुपये प्रतिमाह देने का फैसला लिया जाना चाहिए.

तेजस्वी यादव ने जातीय गणना का जिक्र करते हुए कहा कि ९४ लाख ऐसे लोग हैं, जिनकी मासिक आय ६,००० रुपये से भी कम है.

उन्होंने सरकार से मांग की कि इन गरीब परिवारों को २ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए. उन्होंने कहा कि बिहार के लोग स्मार्ट मीटर की वजह से परेशान हैं और सरकार को २०० यूनिट बिजली मुफ्त कर देनी चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने महंगाई के असर को कम करने के लिए गैस सिलेंडर को ५०० रुपये में उपलब्ध कराने की मांग दोहराई.

नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी की पीठ थपथपाई

पटना (एजेंसी): बिहार विधानसभा में आज डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्त वर्ष २०२५-२६ का बजट पेश किया गया. बजट सत्र के दौरान एक बड़ा ही दिलचस्प वाक्या देखने को मिला. जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर से सबको चौंका दिया. दरअसल सम्राट चौधरी ने बजट पेश कर दिया तब सीएम नीतीश कुमार अचानक से अपनी सीट से खड़े हुए और सम्राट चौधरी को गले लगा लिया. इतनी ही नहीं नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी की पीठ भी थपथपाई. विधानसभा में इस घटना का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है.

बता दें कि एक जमाने में नीतीश कुमार के घोर विरोधी रहे सम्राट चौधरी ने जब राज्य के वित्त मंत्री के तौर बजट पेश किया तो उनके बगल में बैठे जेडीयू के प्रमुख और सीएम नीतीश कुमार ने अपनी सीट से खड़े होकर उन्हें शाबाशी दी है. एक समय वो भी था जब नीतीश कुमार को गद्दी से हटाने के लिए सम्राट चौधरी ने पगड़ी न उतारने की कसम ली थी और आज बजट सत्र के दौरान सीएम नीतीश कुमार के हावभाव को देखकर लग रहा था कि सदन में पेश हुए बजट से वो काफी खुश हैं. इसलिए बजट पेश होने के तुरंत बाद ही नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को इसके लिए बधाई दे डाली और उनकी पीठ थपथपाई.

सम्राट चौधरी के बजट पेश करने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश भी काफी खुश दिखे. वहीं बजट पेश करने के बाद सम्राट चौधरी ने कहा कि यह बजट पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए 'सबका साथ सबका विकास' के सिद्धांत और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 'न्याय के साथ विकास' के आदर्श वाक्य पर आधारित है. इससे पहले बिहार विधानसभा में सम्राट चौधरी द्वारा वित्त वर्ष २०२५-२६ के लिए करीब ३.१७ लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया. बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव पहले एनडीए सरकार का यह आखिरी बजट है.

सीएम फडणवीस ने शिंदे के फैसले पर लगाई रोक

मुंबई,(ईएमएस): महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सीएम देवेंद्र फडणवीस के रिश्तों में सबकुछ खटास नजर आ रही है या फिर दोनों के बीच सबकुछ ठीक होने का दिखावा किया जा रहा है? यह सवाल इसलिए उठ रहे हैं कि सीएम फडणवीस ने शिंदे के कार्यकाल में हुए एक और फैसले पर रोक लगा दी है। जब एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के सीएम थे, तब तानाजी सावंत के पास स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उस समय अधिकारियों के तबादले, एम्बुलेंस की खरीद में अनियमितता के आरोप लगे थे। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों की सफाई का काम ठेके पर दिया था। इसके लिए हरसाल ६३८ करोड़ रुपए के हिसाब से तीन साल के लिए ३,१९० करोड़ रुपए का ठेका पुणे की एक निजी कंपनी को दिया था, लेकिन अब इस ठेके को फडणवीस ने रद्द कर दिया है।

इस फैसले को लेकर सीएम देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच चल रहे गुप्त संघर्ष का संदेह विपक्ष जता रहा है, लेकिन शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता और सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने कहा इस फैसले के पीछे कोई पार्टीगत कारण नहीं है।

सिर्फ स्वास्थ्य विभाग ही नहीं, बल्कि हर सरकारी विभाग को नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए। हम जनता के प्रति उत्तरदायी हैं।

इस बीच शिवसेना (उद्धव गुट) पार्टी के नेता संजय राउत ने भी इस फैसला का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे के कार्यकाल में जो काम हुए, उनमें केवल भ्रष्टाचार ही हुआ था। शिंदे के समय स्वास्थ्य मंत्री कौन थे, यह सभी को पता है।

बीजेपी ने भ्रष्ट मंत्रियों का विरोध किया था। उनमें से एक स्वास्थ्य मंत्री भी थे। सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग सीधे जनता से जुड़ा होता है, लेकिन अगर उस विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है तो यह सही नहीं है। सीएम देवेंद्र फडणवीस अगर इस भ्रष्टाचार को रोक रहे हैं तो हम उनका स्वागत करते हैं।

केरल में चुनाव के लिए सभी पार्टी नेता एकजुट हैं: राहुल

नई दिल्ली,(ईएमएस): कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि केरल में पार्टी नेता एकजुट हैं। गांधी का यह बयान शुक्रवार को कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा केरल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले रणनीति को लेकर चर्चा और दक्षिणी राज्य के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद आया है।

बैठक के बाद केरल के नेताओं की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने फेसबुक पर लिखा वह एक साथ खड़े हैं, आगे के उद्देश्यों के मद्देनजर एकजुट हैं। उनकी पोस्ट के साथ हैशटैग टीम केरल भी था। इस बैठक का मुख्य विषय अनुशासन, एकता और राज्य संगठन को मजबूत करना था। सूत्रों के मुताबिक बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं को राजनीतिक रणनीति के बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए और ऐसा कुछ भी नहीं करना या कहना चाहिए जो पार्टी लाइन के अनुरूप न हो।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अनुशासन, एकता सुनिश्चित करने और पार्टी की केरल इकाई को मजबूत करने के लिए रिक्त पदों को भरने पर जोर दिया था। खड़गे और राहुल गांधी के साथ पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल, महासचिव और वायनाड की लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी, प्रदेश प्रभारी दीपा दासमुंशी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सुधाकरन, सांसद शशि थरूर और प्रदेश के कई अन्य वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल हुए थे।

युवक-युवतियां संदिग्ध हालत में मिले

नासिक,(ईएमएस): महाराष्ट्र के नासिक में अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यहां गंगापुर रोड पर बिल्डिंग के अंडरग्राउंड में एक कैफे खोला चल रहा था। पुलिस ने कैफे पर छापा मारा, तो वहां लड़के-लड़कियों की हालत देखकर सब दंग रह गए। अंडरग्राउंड कैफे को बाहर से एक सामान्य फास्ट फूड रेस्टोरेंट की तरह दिखाया गया था, लेकिन अंदर का नज़ारा बेहद चौंकाने वाला था। यहां मंद रोशनी, रोमांटिक गाने और छोटे-छोटे बंद कमरों में युवक-युवतियां अश्लील हरकतें कर रहे थे।

इस गोरखधंधे की भनक स्थानीय लोगों को लगी, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की। कैफे में इंटरनेट कैफे की तरह छोटे-छोटे रूम बनाए गए थे, जहां १०० से २०० रुपए में कपल्स को निजी जगह दी जा रही थी। पुलिस ने छापेमारी के दौरान कई युवक-युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा।

सीबीआई ने इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

नई दिल्ली(ईएमएस) : उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के मनकापुर रेलवे स्टेशन पर तैनात आरपीएफ इंस्पेक्टर सामराज को सीबीआई ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। जिस पर आरोप है कि उसने रेलवे हादसे में मारे गए एक शख्स के परिजनों से इंश्योरेंस क्लेम के लिए रेलवे मेमो जारी करने के लिए कथित तौर पर १५ हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी ।

आरटीई के तहत आवेदन के लिए डीसी ने किया पोर्टल का शुभारंभ

रांची (एजेंसी): शिक्षा का अधिकार अधिनियम २००९ (आरटीई) के तहत अब रांची जिला में ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने आज इसके लिए पोर्टल का शुभारंभ किया। समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में पोर्टल के ऑनलाइन शुभारंभ के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, जिला शिक्षा पदाधिकारी, रांची विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची उर्वशी पांडेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

पोर्टल के लॉन्चिंग के दौरान भजंत्री ने बताया कि आरटीआई के तहत ०४-३१ मार्च २०२५ तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। इस दौरान पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर डॉक्यूमेंट अपलोड किया जा सकेगा। १०.४.२०२५ को दस्तावेज का वेरिफिकेशन होगा एवं १५.४.२०२५ को ऑनलाइन लॉटरी की जायेगी। रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए १२१ स्कूलों को पंजीकृत किया गया है। रांची जिला में आरटीआई के तहत नामांकन के लिए नियमों का अनुपालन नहीं करनेवाले स्कूलों पर कार्रवाई की जायेगी। मंजूनाथ भजंत्री ने कहा शिकायत मिलने पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने के लिए बोर्ड से अनुशंसा की जायेगी।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया- नामांकन की पूरी प्रक्रिया जिले के वेबसाईट www.rteranchi.in

पर ऑनलाईन पूरी की जायेगी।

संबंधित माता-पिता/अभिभावकों को वेबसाईट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा।

रजिस्ट्रेशन उपरात संबंधित वेबसाईट पर पूरा फॉर्म ऑनलाइन भरा जाना है।

फॉर्म भरने के क्रम में माता-पिता/अभिभावक वेबसाईट पर अंकित विद्यालयों की सूची में से अपने आवास के आस-पास निर्धारित दूरी में अवस्थित तीन विद्यालयों का नाम अंकित कर सकेंगे। ऑनलाइन रैंडमाइज करने के क्रम में फॉर्म में अंकित किसी भी एक विद्यालय में चयन हो सकता है अथवा निर्धारित सीट से अधिक संख्या में आवेदन होने पर किसी भी विद्यालय में चयन नहीं भी हो सकता है।

फॉर्म भरने के क्रम में जहाँ से फॉर्म भरा जायेगा उसका ऑनलाइन लोकेशन वेबसाईट पर स्वतः अंकित हो जायेगा। यदि माता-पिता/अभिभावक प्रज्ञा केन्द्र अथवा साईबर कैफे के सहयोग से आवेदन करेंगे तो उन्हें अपने घर का वास्तविक लोकेशन गूगल मैप पर सेलेक्ट करना होगा। संबंधित प्रखण्ड का गूगल मैप फॉर्म भरने के क्रम में अपने आप खुल जायेगा। सावधानीपूर्वक अपने घर का लोकेशन चिन्हित करने की जवाबदेही माता-पिता/अभिभावक की होगी।

फॉर्म भरने के बाद संबंधित दस्तावेज एवं बच्चे का फोटोग्राफ वेबसाईट पर अपलोड करना है। जन्म प्रमाण पत्र एवं अंचलाधिकारी से निर्गत आय प्रमाण-पत्र (सभी स्रोतों से वार्षिक आय ७२०००.०० से कम हो) को भी अपलोड किया जाना है।

उपरोक्त प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन जांच संबंधित सक्षम प्राधिकार के द्वारा इसी वेबसाईट पर किया जायेगा।

गलत जानकारी अथवा तत्यों को छुपाना अथवा गलत दस्तावेज अपलोड करने की स्थिति में जांच के क्रम में नामांकन की प्रक्रिया के किसी भी समय आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जवाबदेही माता-पिता/अभिभावक की होगी।

निर्धारित आरक्षित सीट से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित गेबासाईट के माध्यम से रैंडमाइज करते हुए लॉटरी के माध्यम से अंतिम चयन पूर्ण किया जायेगा जो सभी को मान्य होगा। अंतिम रूप से वयनित सूची विद्यालय संबंधित वेबसाईट पर विद्यालय के लॉग-इन में उपलब्ध होगी जिसे विद्यालय के प्राचार्य द्वारा नामांकन उपरांत ऑनलाइन अद्यतन किया जायेगा।

अबुआ बजट युवा वर्ग को निराश करनेवाला है : सुदेश महतो

रांची (एजेंसी): मुख्यमंत्री के वक्तव्य में जो बजट झलक रहा है, वह कहीं-कहीं गठबंधन सरकार की राजनीतिक मजबूरियों का प्रतीक लगता है। यह बजट राज्य की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। इस बजट में न तो नौकरियों का कोई ठोस प्रावधान दिखता है, न ही रोजगार सृजन की कोई योजना। झारखंड, जो लेबर सप्लाई के मामले में अग्रणी राज्य माना जाता है, उसकी इस पहचान मिटाने का कोई प्रतिबिंब इस बजट में नहीं दिखाई देता।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा आज पेश किए गए १.४५ लाख करोड़ रुपये के बजट (२०२५-२६) में स्वाभिमान, स्वावलंबी विकास, नौकरी नीति और युवा नियोजन जैसे शब्दों का इस्तेमाल तो हुआ है, पर ये महज दिखावे या खानापूर्ति लगते हैं। राज्य की बड़ी युवा आबादी साल-दर-साल सरकारी आश्वासनों के भरोसे समय गंवाती जा रही है। उनके लिए इस बजट में कोई नई उम्मीद नहीं दिखती।

विधायक कल्पना सोरेन ने बजट सत्र के बाद पति हेमंत सोरेन और विधायकों के साथ मनाया जन्मदिन

रांची (एजेंसी): मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का आज ४०वां जन्मदिन है।

इस अवसर पर कल्पना ने बजट सत्र के बाद पति हेमंत और पार्टी विधायकों के साथ केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। कल्पना ने अपने जन्मदिन की खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर साझा की है।

पुलिस ने सिकिदरी लूटकांड का किया खुलासा, 4 अभियुक्त गिरफ्तार

रांची (एजेंसी): सिकिदरी थाना क्षेत्र में घूमने गए लोगों से लूटपाट करने वाले गिरोह का रांची पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह कार्रवाई दिनांक ०३ मार्च २०२५ को पुलिस उप-महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रांची के निर्देशन में तथा पुलिस उपाधीक्षक (सिल्ली) के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने सिकिदरी थाना कांड संख्या १०/२५, दिनांक ०२ मार्च २०२५ के तहत इस लूटकांड का उद्भेदन किया।

गिरफ्तार अभियुक्त :- १. फरहान खान, पिता स्वर्गीय बाबर खान, निवासी कुटे, थाना सिकिदरी, जिला रांची। २. श्रीशांत करमाली, पिता पनेनाथ करमाली, निवासी पांचा, थाना ओरमांझी, जिला रांची। ३. शेख जहीर, पिता शेख जमाउद्दीन, निवासी खुदिया, थाना सिकिदरी, जिला रांची। ४. चंदन गंजू, पिता तारकेश्वर गंजू उर्फ सरदार गंजू, निवासी पांचा, थाना ओरमांझी, जिला रांची। पुलिस ने इनके पास से लूटे गए मोबाइल फोन, घड़ियां, स्पीकर और अन्य सामान बरामद किए हैं। फिलहाल, सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

डीजीपी अनुराग गुप्ता 6 को महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों की करेंगे समीक्षा

रांची (एजेंसी): राज्य में महिलाओं और बच्चों के साथ हो रहे आपराधिक घटनाओं की समीक्षा डीजीपी अनुराग गुप्ता द्वारा की जाएगी। इस संबंध में डीजीपी २८ फरवरी को जिले के एसपी, एसएसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी के साथ समीक्षा बैठक करने वाले थे, लेकिन कुछ कारणवश यह बैठक स्थगित हो गई थी। अब, डीजीपी ६ मार्च को इस बैठक का आयोजन करेंगे। इस बैठक में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ बीएनएस के तहत अलग-अलग ६१ धाराओं के तहत हुए अपराध की समीक्षा की जाएगी।

समीक्षा के तहत होने वाली धाराएं ७४, ७५, ७६, ७७, ७८, ७९, ६४(१)(२), ६५(१), ६५(२), ६६, ६७, ६८, ६९, ७०(१), ७०(२), ७१, ७२, ७३, ८०, ८१, ८२(१), ८२(२), ८३, ८४, ८५, ८६, ८७, ८८, ८९, ९०, ९१, ९२, ९३, ९४, ९५, ९६, ९७, ९८, ९९, १४३, १४४ के तहत हुए अपराध।

लैंगिग अपराधों के बालकों का संरक्षण अधिनियम २०१२ के धारा ४, ६, ५, ८, १०, १२, १४, १५, १७, १८, २१, २२ के तहत हुए अपराध।

एसटी-एससी अधिनियम से जुड़े धारा ३ (१)(।), ३(१)(।।) ३(१) के तहत हुए अपराध।

घरेलू हिंसा से महिला के संरक्षण के लिए धारा ३१, डायन प्रथा अधिनियम के लिए धारा ३,४,५,६ के तहत हुए अपराध और दहेज प्रथा अधिनियम के लिए धारा ३ और ४ के तहत हुए अपराध।

इन सभी ६१ धाराओं के तहत दर्ज कांड में अनुसंधान की स्थिति। तीन महीने से अधिक समय से लंबित सुपरविजन के लिए केस की स्थिति। ऐसे सभी मामले जिनमें अभियुक्तों के खिलाफ कांड सत्य हुआ है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी की स्थिति, यदि गिरफ्तार नहीं हुए हैं, तो उनके कारण।

इन सभी ६१ धाराओं में दर्ज ऑनलाइन प्राथमिक और की गई कार्रवाई। सत्य पाए गए कांडों में विक्टिम कंपनसेशन के लिए की गई कार्रवाई और लंबित मामले।

यदि पीड़िता एसटी एससी श्रेणी में आती है, तो संबंधित क्षेत्र के तहत कंपनसेशन की कार्रवाई। इस बैठक का उद्देश्य राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर गंभीर कदम उठाना और सभी लंबित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

राज्य का बजट जनकल्याणकारी और विकासोन्मुखी: कैलाश यादव

रांची (एजेंसी): प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने राज्य सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा पेश किए गए १,४५,४०० करोड़ रुपये के वार्षिक बजट का स्वागत किया है। उन्होंने इसे राज्यहित में ऐतिहासिक कदम बताया।

कैलाश यादव ने कहा कि वित्त मंत्री ने विकास दर को गति देने के लिए सभी विभागों को प्राथमिकता दी है। विशेष रूप से मंईयां सम्मान योजना, ग्रामीण विकास, खेलकूद, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट जनकल्याणकरी और लाभार्थी योजनाओं से परिपूर्ण है, जिससे आने वाले दिनों में राज्य की विकास दर में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

पृष्ठ एक का शेषांश

दृष्टिहीन भी बन सकेंगे---

कोर्ट को पत्र लिखा। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए स्वतः संज्ञान लेकर मामला सुना और यह ऐतिहासिक निर्णय सुनाया। यह फैसला दृष्टिहीन और अन्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक बड़ी जीत है। यह न्यायिक सेवाओं में समावेशन को बढ़ावा देगा। दिव्यांग व्यक्तियों को बराबरी का अवसर मिलेगा और भेदभाव खत्म होगा। सुप्रीम कोर्ट के इस ऐतिहासिक फैसले से दृष्टिहीन उम्मीदवारों के लिए न्यायिक सेवाओं में एक नया रास्ता खुल गया है। अब वे भी जज बनने के अपने सपने को साकार कर सकते हैं।

2050 तक तीन---

निर्भरता को संतुलित करेंगे। उन्होंने कहा कि आसियान के साथ चीन का व्यापार तीन गुना हो जाएगा, लेकिन भारत का व्यापार नौ गुना तक बढ़ सकता है, जो कि संभावित रूप से समय के साथ आसियान को भारत के करीब लाएगा।

उमर अब्दुल्ला ने---

कैबिनेट) गठित करने की आलोचना कर कहा कि भारत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में सिर्फ एक ही मंत्रिमंडल है। कोई 'छाया मंत्रिमंडल' नहीं है। अब तक यहां भाजपा ने राज किया है। अब जनता की सरकार अपना काम करेगी। मुख्यमंत्री ने गुलाम सिब्नैन मसूदी के निवास पर जाकर अपनी संवेदना व्यक्त की, जिनका इस सप्ताह की शुरुआत में निधन हो गया था। मसूदी नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक हसनैन मसूदी के भाई और हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक के ससुर थे।

अयोध्या में राम मंदिर पर---

आईएसआई के संपर्क में था और उसे अयोध्या के राम मंदिर पर आतंकी हमले के लिए तैयार किया गया था। जांच में खुलासा हुआ है कि रहमान कई कट्टरपंथी जमातों से जुड़ा हुआ था और फैजाबाद में एक मटन शॉप चलाता था। सुरक्षा एजेंसियों को मिली जानकारी के अनुसार, राममंदिर निर्माण के बाद पाकिस्तान आईएसआई ने भारत में बड़ी आतंकी साजिश रचने की योजना बनाई थी, जिसमें अयोध्या स्थित राम मंदिर को निशाना बनाने का प्लान था।

जांच में यह भी सामने आया है कि अब्दुल रहमान पहले भी कई बार अयोध्या के राम मंदिर की रेकी कर चुका था और उसने वहां की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी आईएसआई को साझा की थी। आतंकियों का मकसद राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला कर बड़े पैमाने पर तबाही मचाना था। इस ऑपरेशन को अंजाम देने में गुजरात एटीएस की भूमिका बेहद अहम रही। एटीएस को इनपुट मिला था कि एक संदिग्ध आतंकी भारत में सक्रिय है, जो आतंकी संगठन के निर्देश पर किसी बड़े हमले की तैयारी में जुटा हुआ है। इस जानकारी के आधार पर गुजरात एटीएस और फरीदाबाद एसटीएफ ने जाल बिछाया और संदिग्ध को गिरफ्तार किया।

अब्दुल रहमान से फिलहाल हरियाणा पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां गहन पूछताछ कर रही हैं। उसके मोबाइल और अन्य बरामद सामग्रियों की जांच की जा रही है ताकि उसके बाकी नेटवर्क का पता लगाया जा सके। सुरक्षा एजेंसियां अब यह भी खंगाल रही हैं कि इस साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल थे और क्या कोई स्थानीय मददगार भी इसमें शामिल था।सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, अब्दुल रहमान आईएसआई के इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रोविंस मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। माना जा रहा है कि इस मॉड्यूल में अब्दुल के अलावा और लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। सेंट्रल एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि अब्दुल रहमान के पास से जो हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ है, उसमें किसी कंपनी या देश का मार्का नहीं लगा हुआ था।

सुनवाई के दौरान वकील ने---

इस पर जस्टिस ओका ने फिर टोककर पूछा कि आप ऐसा क्यों कह रहे हैं, कोर्ट तो आपके पक्ष में आदेश पारित कर रहा है। जस्टिस ओका ने कहा, आपकी प्रार्थना क्या है? चाहते क्या हैं?

इस पर याचिकाकर्ता ने कहा, मामले को रद्द करे यह सुनकर जस्टिस ओका भड़क उठे। उन्होंने कहा, आप धमकी दे रहे हैं कि अगर हम दोनों शिकायतें रद्द करते हैं तब आप आत्महत्या कर लेंगे? इसी बीच दूसरे पक्ष (प्रतिवादी) के वकील ने कहा, मीलॉर्ड हम पहले दिन से ही इस तरह के अनुचित व्यवहार का सामना कर रहे हैं। इसके बाद जस्टिस ओका ने याचिकाकर्ता वकील से कहा, हम आपको साफ शब्दों में चेतावनी दे रहे हैं। अगर आप कोर्ट को धमकाते हैं तब हम आपके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने वाले है। हम बार के सदस्य द्वारा इस तरह का आचरण बर्दाश्त नहीं कर सकते है। हम बार काउंसिल से आपके खिलाफ कार्यवाही शुरू करने और आपका रजिस्ट्रेशन निलंबित करने के लिए कह सकते है। हालांकि, बाद में जस्टिस ओका ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि हम इस मामले को आगे नहीं बढ़ा सकते। पहले आप उनसे बात कीजिए और उन्हें बताइए कि इस तरह की धमकियों से अदालत नहीं डरती।

योजनाओं में अनियमितताओं को लेकर राज्यपाल से मिले विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता

रांची (एजेंसी): राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राजभवन में मुलाकात की और पलामू जिले में विभिन्न योजनाओं में हुई अनियमितताओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने राज्यपाल से इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और संवेदकों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में विधायक ने अवगत कराया कि पांकी प्रखंड के अंतर्गत दूब-छतरपुर मार्ग में निर्माणाधीन पुल के ध्वस्त होने के बाद २३ जुलाई २०२१ को ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा उच्चस्तरीय जांच दल गठित किया गया था। यह जाँच समिति मुख्यमंत्री की स्वीकृति से बनी थी और इसे संयुक्त जाँच प्रतिवेदन सौंपना था, लेकिन तीन वर्षों के बाद भी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई। सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डाल्टनगंज ने १३ जनवरी २०२५ को कार्यपालक अभियंता को संवेदक मेसर्स सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन्स द्वारा की जा रही अनियमितताओं के संबंध में पत्र लिखा था। इसके बाद कार्यपालक अभियंता ने भी संवेदक को पत्र भेजा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

विधायक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-।।।) और एफडीआर योजना के तहत पलामू जिले में चल रहे पाँच कार्यों की खराब स्थिति पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि उपायुक्त, पलामू ने १३ दिसंबर २०२४ को ग्रामीण कार्य विभाग को इन योजनाओं की अपूर्णता को लेकर पत्र लिखा था, लेकिन दोषी संवेदकों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इसके अलावा, जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित लघु पेयजल आपूर्ति योजनाओं में भी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया। विधायक ने बताया कि कार्यपालक अभियंता, मेदिनीनगर प्रमंडल के ६ नवंबर २०२४ के प्रतिवेदन के अनुसार, ६३ क्लस्टर सब-क्लस्टर योजनाओं में कई अपूर्ण कार्यों को पूर्ण दिखाकर भुगतान कर दिया गया। उदाहरणस्वरूप, क्लस्टर-८६ में १.८० करोड़ रुपये के कार्य को पूर्ण दिखाकर एकएचटीसी लक्ष्य १३०२ के मुकाबले १३०५ पूर्ण बताया गया, जबकि एकरारनामे की राशि ४.७१८ करोड़ रुपये थी।

ज्ञापन में यह भी बताया गया कि मनातू और तरहसी प्रखंडों में कई जल आपूर्ति योजनाएं अधूरी हैं, लेकिन उन्हें १०० प्रतिशत पूर्ण दिखाकर भुगतान कर दिया गया। कई स्थानों पर बोरिंग कार्य नहीं हुआ, कहीं सिर्फ नींव बनाई गई और कई संरचनाएँ अधूरी छोड़ दी गईं। इस वजह से ग्रामीण जनता अब भी स्वच्छ पेयजल से वंचित है और दूषित जल पीने को मजबूर है। विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने राज्यपाल महोदय से इन सभी मामलों की निष्पक्ष और गहन जाँच कराने तथा दोषी संवेदकों और अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की, ताकि ग्रामीण जनता को त्वरित न्याय मिल सके।

झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल को रोका गया, कलाकारों में दिखी नाराजगी

रांची (एजेंसी): झारखंड अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल, जो मोरहाबादी मैदान में आयोजित हो रहा था उसे रविवार को प्रशासन द्वारा दूसरे दिन रोक दिया गया।

प्रशासन का कहना है कि इस आयोजन के लिए कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। आयोजक ने आवेदन जरूर किया था, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं दी गई थी।

इसके अलावा, मोरहाबादी मैदान में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्धारित फीस भी नहीं जमा की गई थी। इस कारण इसे रोका गया है।

इस मामले में आयोजकों ने ये बताया कि इस बार झारक्राफ्ट के बैनर तले यह आयोजन हो रहा था। पहले दिन आयोजन होने के बाद दूसरे दिन जब कलाकारों को सम्मानित किया जाना था, तब आयोजन को रोक दिया गया। ऋषि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अधिकारियों से इस संबंध में बात की गयी, लेकिन कोई वजह नहीं बतायी गयी।

उन्होंने कहा कि आयोजन पर ४० लाख रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। इसमें झारक्राफ्ट के प्रचार प्रसार का काम भी शामिल था। आयोजन के लिए बॉलीवुड के अलावा देश-विदेश के कलाकार रांची पहुंच चुके थे। दर्शक व झारखंडी कलाकर आयोजन रोके जाने से निराश होकर लौट गये। जब आयोजन का समय हुआ और वह पहुंचे तो टेंट खोला जा रहा था।

पद्मश्री सिमोन उरांव की बिगड़ी तबीयत, आशा लकड़ा ने गांव जाकर जाना हाल

रांची (एजेंसी): प्रसिद्ध समाजसेवी और पद्मश्री सम्मानित सिमोन उरांव इन दिनों बीमार चल रहे हैं। सोमवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने बेड़ो स्थित उनके पैतृक आवास पर जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से बातचीत कर यह पता लगाया कि पद्मश्री सिमोन उरांव की पेंशन और खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाला राशन बंद कर दिया गया है। इस पर डॉ. लकड़ा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जल्द से जल्द उनकी पेंशन और राशन की सुविधा बहाल करें। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पांच मार्च तक सभी सुविधाएं पुनः उपलब्ध करा दी जाएंगी।

बेड़ो प्रखंड के भ्रमण के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, बारीडीह का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई खामियां पाई गईं। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन की स्थिति जर्जर हो चुकी है। न तो कक्षा में बेंच-डेस्क उपलब्ध हैं और न ही दरी की व्यवस्था है। छात्र जिस कमरे में पढ़ाई करते हैं, वहीं सोने को भी मजबूर हैं। बेंच-डेस्क के अभाव में वे अपने बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। छात्रावास में भी स्थिति दयनीय है। बच्चों को मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं मिल रहा है। रसोईघर की हालत अत्यंत खराब है, जहां सफाई की उचित व्यवस्था नहीं है। रसोईघर से दुर्गंध आ रही है और भोजन बनाने वाली रसोईया कीचड़युक्त जगह पर काम करने को विवश है, जिससे छात्रों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है।

राज्य सरकार को भेजा जाएगा पत्र

निरीक्षण के दौरान डॉ. आशा लकड़ा ने छात्रों से बंद कमरे में बातचीत की, जहां उन्होंने विद्यालय से जुड़ी कई परेशानियों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग आदिवासी समाज के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्यरत है। विद्यालय की दुर्दशा को देखते हुए राज्य सरकार को पत्र लिखकर जल्द से जल्द यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया जाएगा।

एक ही प्रोफेशन में है लाइफ पार्टनर

तो आपके काम आएंगे ये टिप्स

आजकल के इस एडवांस समय में लोगों को सोशल मीडिया पर भी एक दूसरे से प्यार हो जाता है। वहीं कुछ लोग साथ काम करते-करते एक-दूसरे को दिल दे बैठते है। इस मार्ड ल टाइम में कई लोग ऐसे हैं जो कॉलीग भी हैं और कपल भी। ऐसी लाइफ के फायदे होने के साथ-साथ कई नुकसान भी है। कई बार प्रोफेशनल और पसनल लाइफ मिक्स होने के कारण रिश्ते में दूरियां आने लगती है। कई बार ऑफिस का प्रेशर और काम की झिकझिक पर्सनल लाइफ पर हावी हो ही जाती है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि किस तरह प्रोफेशनल लाइफ अलग रख कर आप अपनी पर्सनल लाइफ को एन्जॉय कर सकते है।

ऑफिस का काम

सबसे पहले तो आप इस बात का ध्यान रखें कि ऑफिस के काम को घर पर न लाएं। ऐसा करने से आपकी लव लाइफ खरीब हो सकती है। चाहे कितना भी जरुरी काम क्यों न हो इसे ऑफिस तक ही रखें।

रोमांटिक डेट प्लान

अक्सर साथ-साथ काम करते-करते पार्टनर एक-दूसरे को डेट करना छोड़ देते है लेकिन ऐसा करने से आप अपना रिश्ता खुद तोड़ रहें है। साथ काम करने के बावजूद भी डेटिंग न छोड़े। इससे एक-दूसरे पर प्यार और विश्वास बना रहता है।

सलाह देना

ऑफिस में एक-दूसरे होने पर भी पार्टनर की सक्सेस को एन्जॉय करे। एक-दूसरे को मिली छोटी से छोटी उपलब्धि का जश्न मनाएं। ऐसे में आपके बीच का प्यार और भी बढ़ता है।

वीकेंड को एन्जॉय करना

ऑफिस से मिली छुट्टी को वेस्ट करने की बजाएं साथ में समय बिताएं। कहीं घूमने चले जाएं या घर पर ही एक-दूसरे से बाते करें। इससे आप अपने मन की बात बता और पार्टनर के मन की बात जान सकते है।

साथ में खाना

घर हो या ऑफिस हमेशा पार्टनर के साथ ही खाना खाएं। साथ बैठ कर खाना खाने से आपका रिश्ते और भी ज्यादा गहरा होगा और इससे आप दोनों के बीच में प्यार भी बढ़ेगा।



शादीशुदा जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए अपनाएं ये तरीके

लड़का- लड़की दोनों अपनी शादी को सफल बनाने के लिए बहुत कुछ करते हैं, अक्सर देखा जाता है कि शादी के शुरुआती कुछ महीने सब ठीक रहता है पर जैसे- जैसे समय गूजरता जाता है जिंदगी बहुत बोरिंग हो जाती है। रिश्ते में पहले जैसी खुशी, उत्साह और प्यार न जाने कहां खो जाता है। एक रिश्ते को सफल बनाने के लिए जितना विश्वास जरूरी है उतना ही एक- दूसरे के साथ टाइम बिताना भी जरूरी होता है लेकिन आजकल लड़का और लड़की दोनों ही काम करते हैं जिसके कारण वह एक दूसरे को टाइम नहीं दे पाते। इससे कई बार रिश्तों में दूरियां आने लगती हैं। आज हम आप कुछ ऐसे तरीके बताएंगे जिनको अपनाकर आप आपने रिश्ते में पहले जैसा प्यार दोबारा जगा सकते हैं। तो आइए जानते हैं तरीकों को बारे में।

आई लव यू कहना

कई बार आप सोचते हैं कि शादी को इतना टाइम हो गया अब अपने पार्टनर को आई लव यू बोलने से क्या होगा। यह सब काम तो बच्चे और न्यूली मैरिड कपल करते हैं पर ऐसा नहीं जब आप अपने पार्टनर को अपना प्यार दिखाओगे तो वह बहुत खूश हो जाएंगे। अपनी शादी को खूशहाल बनाने के लिए रोजाना सुबह उठकर आई लव यू कहें। इससे धीरे - धीरे आपके रिश्ते में आई खटास दूर हो सकती है।

डेट पर चलने के लिए कहें

अक्सर शादी से पहले लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे के साथ समय बिताने के बहाने ढंढ़ते रहते हैं लेकिन शादी बाद एक दूसरे के साथ टाइम स्पेंड नहीं कर पाते जिससे कई बार रिश्ते खराब होने लगते हैं। अपनी शादी में फिर से वहीं प्यार लाने के लिए अपने पार्टनर के साथ डेट पर जाएं।

गिफ्ट्स देना

पति और पत्नि दोनों को एक दूसरे को गिफ्ट्स देना चाहिए। चाहें कोई खास दिन हो या न अगर आप अपने पार्टनर को सरप्राइज देगें तो बहुत खूश हो जाएंगे।

अतीत की बातें

अतीत की अच्छी बाते करें जैसे कब मिले थे, पहला गिफ्ट क्या था, कब आई लव यू बोला जैसी बाते करें कभी पास्ट की ऐसी बाते न करें जिससे दूसरे को कोई परेशानी हो। दूसरे के इमोशन को ध्यान में रखकर बात करने से शादीशुदा जिदगीं खुशहाल हो सकती है।

शिशु में जुकाम और बंद नाक की समस्या होना एक आम बात है। इस मौसम में शिशु को इफैक्शन और जुकाम का खतरा सबसे ज्यादा होता है। बड़े तो जुकाम होने पर बंक नाक की समस्या को झेल लेते है लेकिन बच्चों को इसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बंद हो जाए शिशु की नाक तो इन घरेलू तरीकों से करें इलाज

वैसे तो शिशु में सर्दी-जुकाम की समस्या को कुछ घरेलू तरीकों से दूर किया जा सकता है लेकिन कई दिनों तक ठीक न होने पर आपको तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। आइए जानते है शिशु में नाक बंद होने के लक्षण और उसे पहचान दूर करने के घरेलू उपचार।

कैसे जानें कि शिशु के नाक बंद हैं?

शिशु की नाक बंद होने पर उनके सांस लेते समय घरघराहट की आवाज निकलती है। इसके अलावा सर्दी-जुकाम होने पर नाक बहना, सांस लेने में तकलीफ, दूध पीने में प्रॉब्लम और नाक लाल होने जैसी समस्याएं होती है।

- नाक बद होने के कारण
- एलर्जी • इफैक्शन
- शरीर में बैक्टीरिया के कारण
- ठंड लगने के कारण
- साइनस इफैक्शन के कारण

अपनाए ये घरेलू तरीके -

सरसों का तेल

शिशु को जुकाम होने पर उनकी नाक में सरसो के तेल की 2 बूंदे डालें। इससे जुकाम भी ठीक हो जाएगां और उन्हें सांस लेने में तकलीफ भी नहीं होगी।

भाप देना

सर्दी जुकाम होने पर शिशु को नहलाने की बजाए स्पंज स्नान कराएं। इसके अलावा सर्दी-जुकाम को दूर भगाने के लिए उन्हें भाप जरूर दिलवाएं।

नारियल तेल

शिशु की नाक बंद हो जाए, तो आप नारियल तेल को हल्का गर्म करके नाक में डाल दें। कुछ ही देर में शिशु की बंद नाक खुल जाएगी।

नींबू

4 नींबू के रस, छिलके और 1 चम्मच अदरक को फांके। इसमें पानी डालकर कुछ देर भिगो दें। इसके बाद इसमें उसी मात्रा में गर्म पानी और शहद मिक्स करके शिशु को पीलाएं।

अदरक

6 कप पानी में 1/2 कप बारिक अदरक, 2 छोटी दालचीनी को डालकर 20 मिनट तक पकाएं। इसे छानकर चीनी और शहद मिक्स करके बच्चे को पिला दें। एक वर्ष से कम आयु के बच्चों को यह मिश्रण बराबर मात्रा में गर्म-पानी मिलाकर पिलाएं।

संतरे

संतरा इम्यून सिस्टम को बढ़ाकर खांसी, गले में दर्द और नाक बहने की समस्या को दूर करता है। छोटे बच्चों को आप चम्मच की मदद से संतरे का रस भी पिला सकते हैं।

शिशु काफी नाजूक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल करते समय काफी सावधानियां बरतनी पड़ती है। शिशु को स्पनतान बंद करने बाद अन्य चीजों की आदत डालते समय मां को अक्सर परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार तो महिलाओं को समझ भी नहीं आता कि शिशु को किन चीजों का सेवन करवाए।

ब्रैस्टफीडिंग बंद करने के बाद शिशु को जरूर कराएं इन चीजों का सेवन

स्तनपान बंद करवाने के बाद बहुत जरूरी है कि शिशु ऐसी हेल्दी चीजों का सेवन करें जो उसे स्वस्थ बनाएं रखें। आज हम आपको ऐसे ही कुछ फूड के बारे में बताने जा रहें है जिन्हें आप स्तनपान बंद करवाने के बाद शिशु को दे सकती हैं। इनसे बच्चों की सेहत भी बन जाएगी और वो इसे आसानी से खा भी लेंगे।

हरी सब्जियां

शिशु को स्तनपान बंद करवाने के बाद आप उन्हें हरि सब्जियां जरूर खाने के लिए दें। मटर, पालक, गाजर, चुकंदर आदि को उबालकर मैश करके उसमें स्वादानुसार नमक मिला दें। इसे बच्चे आसानी से का भी लेंगे और उन्हें सब्जियां खाने की आदत भी पड़ जाएगी।

डेयरी प्रोडक्ट

जब शिशु स्तनपान छोड़ता है तो उसे पर्याप्त मात्रा पोषण की जरूरत होती है। ऐसे में आप उन्हें डेयरी प्रोडक्ट्स भी दे सकती है। पनीर या दूध में मौजूद कैल्शियम शिशु को स्वस्थ रखते है।

फल

आप शिशु को सीजनल फल भी खाने के लिए दे सकती है। सेब, संतरे, केले, आम या किसी भी फल से शिशु को पर्याप्त मात्रा में फाइबर और मिनरल्स मिल जाएगा।

जूस

कई बार शिशु फल खाना पसंद नहीं करते या फिर उन्हें इसे चबाने में असुविधा होती है। ऐसे में आप उन्हें फल की बजाए उनका जूस दे सकती है। इसे वो पसंद भी करेंगे और उनके शरीर को जरूरी मिनरल्स भी मिल जाएंगे।

सूप

आप शिशु को सब्जियों का सूप बनाकर भी दे सकती हैं। इससे ना केवल उनको पोषण मिलेगा बल्कि उनके शरीर में पानी की कमी नहीं होगी।

बच्चे की पहली पाठशाला उसका घर होता है और पहली टीचर उसकी मां। बच्चे जरा सी भी गलती करें तो सबसे पहले यही बात सुनने के मिलती है कि बच्चे घर में कुछ नहीं सिखाया गया। पढ़ाई के साथ-साथ कुछ बुनियादी शिष्टाचार सिखाने भी बच्चों को बहुत जरूरी हैं। इन्हीं में से एक है टेबल मैनर्स यानि दूसरों के साथ बैठकर किस तरह से खाना खाना है और कैसा व्यवहार करना जरूरी है। इससे बच्चे के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व की भी पहचान होती है।

बच्चों को सिखाएं टेबल मैनर्स

बैठ कर खाने की आदत डालें

छोटे बच्चों के लिए एक जगह पर बैठना बहुत मुश्किल होता है। डाइनिंग टेबल पर खाना खाने के लिए बच्चों को साथ बिठा रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि उनकी कुर्सी आरामदायक हो। कुर्सी की ऊंचाई बच्चे की हाइट के मुताबिक हो, जिससे वह आराम से बैठ सके।

सही तरीके से खिलाएं खाना

आप मेहमानों के साथ बैठ कर खाना खा रहे हैं तो बच्चों को नजरअंदाज न करें। बच्चों को बिना आवाज के खाना खाना सिखाएं। ज्यादा मुंह भरकर खाना न खिलाएं, निवाला सिर्फ उतना ही डालें, जितना वह आराम से खा सके। इसके अलावा प्लेट भर कर खाना न डालें, दोबारा जरूरत पड़ने पर खाना दोबारा सर्व करें।

बर्तनों का सही इस्तेमाल

डाइनिंग टेबल पर बैठते समय बच्चे को इस बात की जानकारी जरूर दें कि कौन सा बर्तन किस तरीके से इस्तेमाल करना है। बड़े चम्मच को सूप और कटोरी का इस्तेमाल ग्रेवी वाली सब्जी के लिए किया जाता है। खाना खाने के बाद बर्तन सिंक में रखना बच्चे को शुरू से ही यह आदत डालें कि घर अपना हो या किसी और का, खाना खत्म हो जाने के बाद हमेशा प्लेट को सिंक में रखें।

तारीफ भी करें

अपने बच्चे में इस बात की आदत भी डालें कि खाने के बाद खाना बनाने वाले की तारीफ भी करे।

क्या आप भी

ब्रोकली

को हफ्तेभर तक रखना चाहते हैं फ्रेश?

जानें इसे लंबे समय तक स्टोर करने का सबसे आसान तरीका

जब भी हम ब्रोकली खरीदकर घर लाते हैं तो कई बार हम उसे सही तरीके से स्टोर नहीं कर पाते और वह जल्दी खराब हो जाती है। ऐसे में अगर आप इसे एक हफ्ते तक ताजा रखना चाहते हैं तो इसके लिए आप इसे घर पर ही सही तरीके से स्टोर कर सकते हैं। इसे खाने से एक नहीं बल्कि अनेक लाभ हो सकते हैं। यह आपके वजन को नियंत्रित रखता है, मधुमेह के खतरे को कम करता है, ब्रोकली हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती है, त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाती है। आइये जानते हैं इसे स्टोर करने का सही तरीका क्या है?

मध्यम आकार में काटें और एक तरफ रख दें।

अगर आप ब्रोकली को एक सप्ताह तक ताजा रखना चाहते हैं तो सबसे पहले उसे मध्यम आकार में काट लें और पानी से साफ कर लें। अब इसे निकाल कर एक प्लेट में रख लें और 10 से 15 मिनट तक पानी सूखने के लिए छोड़ दें। अब आप ब्रोकली को दूसरे बर्तन में निकाल कर फ्रिज में रख सकते हैं।

कांच के जार में स्टोर करें.

यदि आपके घर में रेफ्रिजरेटर नहीं है, तो आप ब्रोकोली को कांच के जार में रख सकते हैं। इसके लिए आप इसका एक फूल लें। इसके बाद इसके पिछले हिस्से को अच्छे से काटकर साफ कर लें। अब एक कांच के जार में आधे से भी कम पानी भरें और उसमें ब्रोकली डालें। इससे आपकी ब्रोकली एक सप्ताह तक ताजा बनी रहेगी।

फलों से दूर रखें

यदि आप ब्रोकली को फ्रिज में रख रहे है, तो इसे किसी खट्टे फल या अन्य फलों के साथ न रखें, क्योंकि कई फल एथिलीन गैस छोड़ते हैं, जैसे केला, सेब और नाशपाती, जो ब्रोकली को खराब कर सकते हैं। ऐसे में फलों को फ्रिज में रखने की बजाय बाहर निकालकर रख दें।

क्या हमेशा घर दिखता है बिखरा और गंदा? तो ऑर्गेनाइज करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

कहा जाता है कि घर एक पारिवारिक जीवन का दर्पण होता है, जिसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि परिवार के सदस्य अपने जीवन में कितने व्यवस्थित हैं। इतना ही नहीं, अगर आप अपने घर को सही तरीके से व्यवस्थित नहीं रख पाते हैं तो इससे आपके दैनिक जीवन में भी काफी मुश्किलें पैदा होने लगती हैं। उदाहरण के लिए, आपको हर समय इस्तेमाल के लिए चीजें ढूंढनी होंगी, घर में मेहमान आने वाले हैं तो लिविंग रूम को जल्दी से साफ करने का तनाव रहेगा, घर में नकारात्मक ऊर्जा आएगी और कई बार तो आपका जल्दी घर आने का भी मन नहीं करेगा। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किन 7 टिप्स को अपनाकर आप अपने जीवन को आसान और व्यवस्थित बना सकते हैं।

बिस्तर की चादर और तकिया कवर

जब भी आप अपने बिस्तर और तकिये के कवर को साफ करें या बदलें तो उन्हें एक साथ रखें। इसके लिए, इन सभी को मोड़कर एक तकिये के कवर के अंदर रख दें। ऐसा करने से आपको हर बार उन्हें खोजने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

लेबल

रसोईघर में रखे सभी जार पर चॉकबोर्ड या पेंट की मदद से लेबल लगाएं और उन्हें सामने की ओर सजाकर रखें। भंडारण के लिए उन्हें अलग-अलग बक्सों में रखने के बजाय एक ही बक्से का उपयोग करना बेहतर होगा। ऐसा करने से वे अच्छे दिखेंगे और व्यवस्थित भी रहेंगे।

इसे रख दें।

रसोईघर के दराजों या रैकों में सॉसपैन आदि को एक के ऊपर एक रखने से अधिक जगह घेरती है और यह देखने में भी अव्यवस्थित लगते हैं। बेहतर होगा कि आप इन्हें हैंगर पर लटका दें। इनका उपयोग भी आसान होगा।

दराज विभाजक का उपयोग करें

यदि आप अपने दराज में मेकअप, वॉलेट, चाबियाँ या अन्य चीजें एक साथ रखते हैं, तो दराज डिवाइडर का उपयोग करना बेहतर होगा। आपको रसोई के दराजों में भी डिवाइडर का उपयोग करना चाहिए और चाकू, चम्मच, कांटे आदि को अलग-अलग रखना चाहिए। इससे वस्तुएं व्यवस्थित रहेंगी और उनका उपयोग करना भी आसान हो जाएगा।

मग और कप हैंगर

कप आदि को रसोई में रखने की बजाय आप उन्हें हैंगर या हुक पर लटका सकते हैं। ऐसा करने से वे एक-दूसरे से टकराकर टूटेंगे नहीं और उन्हें आसानी से उपयोग के लिए निकाला जा सकेगा।

रैक

आप अपने दरवाजे के पीछे एक लटकता हुआ जूता रैक लटका सकते हैं। आप इसमें अपने जूते, चप्पल और सैंडल व्यवस्थित तरीके से रख सकते हैं और आसानी से उपयोग के लिए निकाल सकते हैं। आपको हर बार पूरा रैक खाली करने और पहनने के लिए कुछ खोजने की जरूरत नहीं होगी।

बॉक्स का उपयोग

आप अलमारी में छोटे-बड़े कपड़े रखने, क्लीनर आदि रखने, डाइनिंग टेबल को व्यवस्थित करने आदि के लिए बक्सों का उपयोग कर सकते हैं। आप ऐसे स्टूल या टेबल का उपयोग कर सकते हैं जिसमें बॉक्स सिस्टम हो। ऐसा करने से आपके पास अधिक भंडारण स्थान होगा और सामान इधर-उधर फैलने के बजाय बॉक्स में ही रहेगा।

क्या आप भी जा रहे हैं लंबे दिनों के लिए घर से बाहर, तो ऐसे रखें अपने घर को सुरक्षित

कभी-कभी हमें किसी न किसी काम से घर से बाहर जाना ही पड़ता है, लेकिन यहां हम ऑफिस, स्कूल-कॉलेज आदि के लिए ऐसा नहीं कर रहे हैं। बल्कि हम ऐसी चीजों के बारे में बात कर रहे हैं - जैसे कि आपको लंबे समय के लिए या कुछ दिनों के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। इसका कारण यात्रा हो सकती है, किसी की शादी में शामिल होना हो सकता है, कहीं बाहर जाकर कोई त्यौहार मनाना हो सकता है आदि। लेकिन ऐसे में एक सवाल हर किसी के मन में रहता है कि अगर हम घर से निकल रहे हैं तो क्या हमारा घर सुरक्षित है? क्योंकि हमने घर में जो चीजें रखी हैं, वे बहुत मेहनत से कमाई हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि अगर कोई लंबे समय के लिए घर से बाहर जा रहा है तो उसे किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ताकि उसका घर सुरक्षित रह सके। तो आइये जानते हैं इसके बारे में। इसके बारे में आप अगले अंक में जान सकते हैं...

गैस बंद कर दें.

लोग सबसे ज्यादा लापरवाही गैस को लेकर करते हैं, जबकि सभी जानते हैं कि हमारी एक छोटी सी गलती बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए जब भी घर से बाहर जा रहे हों तो गैस चूल्हे के अलावा गैस सिलेंडर को भी रेगुलेटर से बंद कर दें। अगर आप भूल जाते हैं तो इस काम को अपनी लिस्ट में शामिल कर लें या फिर गैस के पास एक स्टीकर भी लगा सकते हैं जिस पर लिखा हो कि गैस बंद कर दें। ऐसा करके आप अपने घर को सुरक्षित करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ सकते हैं।

लाइटें बंद कर दें.

यदि आप घर से बाहर जा रहे हैं तो लाइटें बंद करना न भूलें। पंखा, कूलर, फ्रिज और एसी जैसी चीजों को मुख्य स्विच से बंद करें। इससे न केवल आपका बिजली बिल बचेगा बल्कि किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं होगा क्योंकि कई बार बिजली की कम या ज्यादा शक्ति के कारण चीजें खराब हो सकती हैं।

पैट का ख्याल रखना.

कई लोग शौक के तौर पर पालतू जानवर (कुत्ते, बिल्ली आदि) पालते हैं, लेकिन जब बात उनकी देखभाल की आती है, तो.. तो इसमें उनकी लापरवाही साफ तौर पर दिखाई देती है। अगर आप लंबे समय के लिए घर से बाहर जा रहे हैं तो या तो आप पैट को साथ ले जाएं। आप अपने पालतू जानवर को कुछ शर्तों के साथ ट्रेन, हवाई जहाज और रोडवेज बसों में ले जा सकते हैं। यदि आप किसी अन्य कारण से अपने पालतू जानवर को अपने साथ नहीं ले जाना चाहते हैं, तो आप अपने पालतू जानवर को टेक केयर सेंटर यानी ऐसे स्थानों पर रख सकते हैं जहां पालतू जानवरों की देखभाल की जाती है। यहां आप कुछ शुल्क देकर अपने कुत्ते को जितने दिन चाहें छोड़ सकते हैं।

सुरक्षा पर ध्यान दें.

अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं तो आपको अपने घर की सुरक्षा का भी ध्यान रखना होगा। अपना घर ठीक से बंद करो और जाओ। आप चाहें तो अपने घर में किसी जिम्मेदार पड़ोसी या विश्वसनीय रिश्तेदार को भी रख सकते हैं। इसके अलावा आप अपने घर में सीसीटीवी लगाकर भी उस पर नजर रख सकते हैं।

अगर आपके भी गुलाब के पौधे बार-बार मुरझा रहे हैं, तो ऐसे करें इनकी केयर

घर के बाहर आंगन में लगाए गए गुलाब के पौधे घर की सुंदरता बढ़ाने में मदद करते हैं। ऐसे में ज्यादातर लोग अपने घर के बाहर गुलाब के पौधे लगाना पसंद करते हैं, लेकिन कई बार ये पौधे मुरझाने लगते हैं और इस वजह से पूरे घर का लुक खराब होने लगता है। ऐसी स्थिति में अधिकतर लोग परेशान हो जाते हैं। अगर आपके घर के बाहर लगा गुलाब का पौधा मुरझाने लगा है तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ आसान टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप पौधे को मुरझाने से बचा सकते हैं।

गुलाब के पौधों को मुरझाने से बचाएं

गुलाब के पौधे को मुरझाने से बचाने के लिए आप इन सुझावों का पालन कर सकते हैं। सबसे पहले आपको गुलाब के पौधे को रोजाना पानी देना चाहिए। यदि गर्मी का मौसम है तो आपको गुलाब के पौधे को दिन में 2 से 3 बार पानी देना चाहिए। आपको गुलाब के पौधे को कम से कम 6 घंटे धूप अवश्य देनी चाहिए, लेकिन ध्यान रखें कि सीधी धूप पत्तियों को जला सकती है।

नियमित रूप से खाद डालें.

इसके अलावा आपको गुलाब के पौधे में अच्छी मिट्टी डालनी चाहिए, क्योंकि मिट्टी में पर्याप्त पोषक तत्वों का होना बहुत जरूरी है। आपको गुलाब के पौधे को नियमित रूप से खाद देना चाहिए। आपको बाजार में आसानी से खाद मिल जाएगी। उर्वरक खरीदते समय पैकेट पर लिखे सभी निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

पौधे की छंटाई अवश्य करें।

इसके अलावा मिट्टी में पानी का अच्छा विकास होना भी बहुत जरूरी है, तभी आपका पौधा मुरझाने से बच सकता है। गुलाब की सभी सूखी हुई शाखाएँ काट दो। इसके अलावा, छंटाई भी करें, इससे नई शाखाओं के विकास में मदद मिलेगी और पौधा अधिक सुंदर बनेगा।

कीटनाशक का प्रयोग करें

कई बार कीड़ों के कारण पौधा खराब होने लगता है, ऐसी स्थिति में आपको अपने पौधे की जांच कर कीटनाशक का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। सर्दियों में पौधे को ठंड लग सकती है। ऐसी स्थिति में उसका विशेष ध्यान रखें। वहीं, बरसात के मौसम में पौधे को ज्यादा पानी देने की जरूरत नहीं होती। आप इन सभी सुझावों का पालन करके गुलाब के पौधे को मुरझाने से बचा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

संघर्ष के कारण महीनों तक बंद रहने के बाद इजरायल में फिर से खुले स्कूल

यरूसलम, एजेंसी। उत्तर इजरायल में लगभग डेढ़ साल बाद स्कूल दोबारा खुले हैं। अक्टूबर 2023 में लेबनान सीमा पर इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद ये स्कूल बंद कर दिए गए थे। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के अनुसार, इजरायली शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि स्कूलों को धीरे-धीरे खोला जाएगा क्योंकि युद्ध के दौरान स्कूलों की इमारतों को नुकसान पहुंचा, कई शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, और बहुत से छात्र अपने परिवारों के साथ देश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में चले गए थे। रविवार को अभिभावकों के लिए जारी एक सूचना में मंत्रालय ने बताया कि अक्टूबर 2023 में उत्तरी इजरायल के 43 शहरों, कस्बों और गांवों के 195 स्कूलों और किंडरगार्टन के करीब 12,600 छात्रों को उनके परिवारों के साथ निकाला गया था।

मंत्रालय ने कहा कि अब प्रत्येक परिवार यह तय कर सकता है कि वे अपने घर लौटकर बच्चों को फिर से पुराने स्कूल में दाखिला दिलाएं या जहां वे स्थानांतरित हुए थे, वहीं पढ़ाई जारी रखें। इसके अलावा, सरकार ने स्कूल के बाद की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 50 मिलियन शेकेल (करीब 13.89 मिलियन डॉलर) का बजट जारी किया है। साथ ही, बच्चों की मानसिक स्थिति को मजबूत करने के लिए विशेष सहायता और मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू किए गए हैं ताकि वे इस संघर्ष के प्रभाव से उबर सकें।

इसके अलावा, इजरायल ने गाजा पट्टी में रमजान और यहूदी पर्व पासओवर के दौरान अस्थायी संघर्ष विराम के लिए अमेरिका के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह घोषणा शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि को प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से की गई। रमजान शुक्रवार से शुरू हो चुका है और 30 मार्च तक चलेगा, जबकि यहूदी पर्व पासओवर 12 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। अमेरिका के मध्य पूर्व के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के प्रस्ताव के अनुसार, बढ़े हुए युद्धविराम के पहले दिन, हमास द्वारा गाजा में बंधक बनाए गए जीवित और मृत लगभग 59 इजरायली बंधकों में आधे को लौटाया जाएगा।

निजी अमेरिकी कंपनी का अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक चांद पर उतरा

वाशिंगटन, एजेंसी। फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर सफलतापूर्वक चंद्रमा के मैरे क्रिसियम क्षेत्र में उतर गया। यह मिशन 15 जनवरी, 2025 को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपण के साथ शुरू हुआ और रविवार, को सटीक लैंडिंग के साथ समाप्त हुआ। फायरफ्लाई स्पेस, टेक्सास स्थित एक अमेरिकी निजी क्षेत्र की एयरोस्पेस फर्म है, जो अंतरिक्ष वाहनों के डिजाइन, निर्माण और प्रक्षेपण संचालन से संबंधित है। नासा की पोस्ट के अनुसार, कमर्शियल कंपनी के ब्लू घोस्ट चंद्र लैंडर ने नासा के 10 वैज्ञानिक उपकरण और तकनीकी डेमो को सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर पहुंचा दिया।

नासा के मुताबिक, ब्लू घोस्ट के मिशन के दौरान, एजेंसी के वैज्ञानिक उपकरणों का लक्ष्य चंद्र उपसतह ड्रिलिंग टेक्नोलॉजी, रेगोलिथ नमूना संग्रह क्षमताओं, ग्लोबल नेविगेशन उपग्रह प्रणाली क्षमताओं, विकिरण सहनशील कंप्यूटिंग और चंद्र धूल शमन विधियों का परीक्षण और प्रदर्शन करना है। कैप्चर किए गए डाटा से पृथ्वी पर मनुष्यों को भी लाभ हो सकता है।

जापान में जंगल की आग से निपटने के लिए करीब 1,700 अग्निशामक तैनात

ओफुनाटो, एजेंसी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि करीब 1,700 अग्निशामक तीन दशकों में जापान की सबसे बड़ी जंगल की आग से जूझ रहे हैं. करीब 4,600 निवासियों को निकासी सलाह के तहत रखा गया है. पिछले सप्ताह इबाते के उत्तरी क्षेत्र में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी. बता दें कि इस साल रिकॉर्ड कम बारिश और पिछले साल जापान में रिकॉर्ड की सबसे गर्म गर्मी के बाद इस तरह की वारदातें बढ़ गई है.

अग्निशमन और आपदा प्रबंधन एजेंसी ने सोमवार को बताया कि गुरुवार से ओफुनाटो शहर के पास लगी आग ने करीब 2,100 हेक्टेयर (4,450 एकड़) क्षेत्र को जलाकर राख कर दिया है. टोक्यो की इकाइयों सहित 14 जापानी क्षेत्रों के अग्निशामक अब आग से निपट रहे हैं, 16 हेलीकॉप्टरों के साथ (इनमें सेना के हेलीकॉप्टर भी शामिल हैं) आग बुझाने की कोशिश कर रहे हैं.

एजेंसी ने कहा कि रविवार तक 84 इमारतों को नुकसान पहुंचने का अनुमान है, हालांकि विवरण का अभी भी आकलन किया जा रहा है. अधिकारियों के अनुसार, लगभग 2,000 लोग दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ रहने के लिए क्षेत्र छोड़ चुके हैं, जबकि 1,200 से अधिक लोगों को आश्रय स्थलों में ले जाया गया है.

राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके पर ओफुनाटो से सुबह-सुबह फुटेज में इमारतों के पास नारंगी लपटें और हवा में सफेद धुआं उठता हुआ दिखाई दिया. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 1970 के दशक में चरम पर पहुंचने के बाद से जापान में जंगल की आग की संख्या में कमी आई है.

लेकिन 2023 में देश भर में लगभग 1,300 जंगल की आग होंगी, जो फरवरी से अप्रैल की अवधि में केंद्रित होंगी जब हवा सूख जाती है और हवाएं तेज हो जाती हैं. फरवरी में ओफुनाटो में केवल 2.5 मिलीमीटर (0.1 इंच) बारिश हुई, जिसने 1967 में महीने के लिए 4.4 मिलीमीटर के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया और सामान्य

औसत 41 मिलीमीटर से कम रही.

अधिकारियों ने बताया कि रविवार को उत्तरी जापान के कई हिस्सों से हजारों लोगों को निकाला गया. जापान में तीन दशकों में लगी सबसे बड़ी जंगल की आग ने कम से कम एक व्यक्ति की जान ले ली है. अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी जापान के शहर ओफुनाटो के आस-पास के इलाकों से लगभग 2,000 लोग अपने दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ रहने के लिए भाग गए, जबकि 1,200 से ज्यादा लोगों को आश्रय स्थलों पर ले जाया गया.

आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि हम अभी भी प्रभावित क्षेत्र के आकार की जांच कर रहे है, लेकिन यह कुशिरो, होक्काइडो में 1992 की जंगल की आग के बाद सबसे बड़ी आग है. कुछ रिपोर्टों का अनुमान है कि आग 1,800 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैल गई है. NHK द्वारा हवाई फुटेज में आग लगने के चार दिन बाद भी सफेद धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसे बुझाने के लिए सैन्य हेलीकॉप्टरों की मदद ली जा रही है. अधिकारी ने बताया कि अब तक एक जला हुआ शव मिला है, 80 से ज्यादा इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और देश भर से लगभग 1,700 अग्निशमन कर्मियों को बुलाया गया है.

यूक्रेन अभी भी अमेरिका के साथ खनिज सौदा करने को तैयार: जेलेंस्की

लंदन, एजेंसी। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा है कि वह बिना किसी समझौते के जाने के बावजूद अमेरिका के साथ खनिज सौदे पर हस्ताक्षर करने के लिए अभी भी तैयार हैं. लंदन में पत्रकारों से बात करते हुए, जेलेंस्की ने स्वीकार किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात कठिन रही. हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ रचनात्मक बातचीत के लिए तैयार है, उन्होंने कहा कि मैं बस इतना चाहता हूं कि यूक्रेनी स्थिति को सुना जाए. खनिज सौदे को मूल रूप से दोनों देशों के बीच सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा गया था. हालांकि, इस बीच अमेरिका और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ गया है. खासकर रूस के साथ शांति वार्ता को कैसे संभाला जा रहा है. ओवल ऑफिस में जेलेंस्की, ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच तीखी नोकझोंक के बाद स्थिति और खराब हो गई, जहां यूक्रेनी नेता समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना चले गए. अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने सीबीएस न्यूज को बताया कि शांति समझौते के बिना आर्थिक समझौता करना असंभव है. उन्होंने बातचीत को निजी रखने के बजाय सार्वजनिक रूप से चर्चाओं को पुनः शुरू करने के लिए जेलेंस्की की आलोचना की. असहमति के बावजूद, जेलेंस्की ने कहा कि अगर उन्हें आमंत्रित किया जाता है तो वे व्हाइट हाउस जरूर जायेंगे.

उड़ान के दौरान पाकिस्तानी लड़ाकू विमान का ईंधन टैंक गिरा, भारी नुकसान का दावा

इस्लामाबाद , एजेंसी। पाकिस्तान एयरफोर्स के एक फाइटर जेट का ईंधन टैंक उड़ान के दौरान गिर गया, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। यह घटना पंजाब के सरगोधा जिले के ग्रामीण इलाके में हुई, जहां तीन लड़ाकू विमान एक साथ उड़ान भर रहे थे। अचानक, एक विमान का फ्यूल टैंक अलग होकर जमीन पर गिर गया। पाकिस्तान एयरफोर्स का सरगोधा एयरबेस बेहद अहम है, लेकिन यहां पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अप्रैल 2023 में, एक फाइटर जेट का फ्यूल टैंक रावलपिंडी रोड पर एक पहाड़ी इलाके में गिरा था, जिससे जोरदार धमाका हुआ और स्थानीय लोग डर गए थे। 1997 में कराची के एक रिहायशी इलाके में गिरा फ्यूल टैंक 6 लोगों की जान ले चुका है।

इस बार भी गिरा हुआ फ्यूल टैंक कई मवेशियों के लिए घातक साबित हुआ है। हालांकि, किसी इंसानी नुकसान की खबर नहीं आई है, लेकिन स्थानीय लोग इस तरह की घटनाओं से भयभीत हैं। फाइटर जेट्स में बाहरी ईंधन टैंक (ड्रॉप टैंक) लगाए जाते हैं ताकि उनकी उड़ान क्षमता बढ़ सके। ये टैंक सिगार के आकार के होते हैं और विमान के धड़ या पंखों के नीचे फिट किए जाते हैं। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पहली बार स्पेनिश गृहयुद्ध (1936-1939) में इनका उपयोग शुरू हुआ था।

फाइटर जेट्स के लिए फ्यूल टैंक गिराना कोई नई बात नहीं है। जब पायलट को लगता है कि विमान या खुद की जान खतरे में है, तो वे वजन कम करने के लिए इन्हें गिरा देते हैं। ऐसा करने से विमान की गति और गतिशीलता में सुधार होता है, जिससे पायलट को उड़ान के दौरान ज्यादा नियंत्रण मिलता है। पाकिस्तान एयरफोर्स के विमानों की तकनीकी स्थिति पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। आए दिन घट रही इस तरह की घटनाएं संकेत देती हैं कि पाकिस्तान के जेट्स तकनीकी रूप से कमजोर होते जा रहे हैं। पाकिस्तान के पुराने विमानों के कारण वायुसेना को कई बार मुसीबतों का सामना करना पड़ा है। अब देखना होगा कि पाकिस्तान सरकार इस मामले पर क्या कदम उठाती है।

लंदन शिखर सम्मेलन में जेलेंस्की ने की यूरोप के मजबूत समर्थन की प्रशंसा

लंदन, एजेंसी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार (स्थानीय समय) को लंदन में यूरोपीय नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान यूक्रेन को मिले समर्थन के लिए गहरी प्रशंसा व्यक्त की. एक्स पर एक पोस्ट में, उन्होंने यूक्रेन की स्वतंत्रता और सुरक्षा का समर्थन करने में यूरोप द्वारा अपनाए गए एकजुट रुख पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि लंदन में शिखर सम्मेलन यूक्रेन और हमारे साझा यूरोपीय भविष्य को समर्पित था.

उन्होंने एक्स पर लिखा कि हम यूक्रेन, हमारे लोगों - सैनिकों और नागरिकों दोनों के लिए और हमारी स्वतंत्रता के लिए मजबूत समर्थन महसूस करते हैं. जेलेंस्की ने यूरोप के भीतर उच्च स्तर की एकता पर भी प्रकाश डाला, यह देखते हुए कि यह लंबे समय से नहीं देखा गया था.

उन्होंने लिखा कि हम यूरोप में मिलकर सच्ची शांति और गारंटीकृत सुरक्षा की खोज में अमेरिका के साथ सहयोग के लिए एक ठोस आधार स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं. यूरोप की एकता असाधारण रूप से उच्च स्तर पर है, जो लंबे समय से नहीं देखी गई है.

उन्होंने कहा कि हम अपने भागीदारों के साथ सुरक्षा गारंटी और यूक्रेन के लिए न्यायपूर्ण शांति की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं. जेलेंस्की ने कहा कि निकट भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें और निर्णय तैयार किए जा रहे हैं. उन्होंने यूक्रेन के लिए एक स्थिर और गारंटीकृत शांति का समर्थन करने के लिए वैश्विक समुदाय के प्रयासों के लिए आभार

व्यक्त किया.

उन्होंने कहा कि मैं यूक्रेन में एक स्थिर और गारंटीकृत शांति लाने के लिए अपने सभी मित्रों और भागीदारों के प्रयासों के लिए उनका आभारी हूं. उन्होंने कहा कि संयुक्त ताकत हमारे भविष्य की रक्षा कर सकती है. सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शिखर सम्मेलन के दौरान, यूके के प्रधान मंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि यह अधिक बातचीत का समय नहीं है. यह कार्रवाई करने का समय है. जिसमें महाद्वीप के नेताओं ने यूक्रेन में युद्धविराम की दिशा में एक रास्ता बनाने का प्रयास किया. लंदन के भव्य लैंकेस्टर हाउस में शिखर सम्मेलन की तात्कालिकता तब और बढ़ गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओवल ऑफिस में जेलेंस्की को फटकार लगाई, जिससे पश्चिमी देशों में हड़कंप मच गया और मॉस्को खुश हो गया. संघर्ष में गहन चिंता के समय जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं का एक समूह उपस्थित था. सीएनएन के अनुसार, स्टारमर ने संवाददाताओं से कहा कि वह फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ मिलकर लड़ाई को रोकने के लिए एक योजना तैयार कर रहे हैं, जिसे बाद में अमेरिका के सामने पेश किया जाएगा.

जॉर्डन के सैनिक की गोली से भारतीय नागरिक की मौत

अम्मान, एजेंसी। इजराइल-जॉर्डन सीमा पर एक भारतीय नागरिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। उसकी पहचान केरल के थुंबा निवासी एनी थॉमस गेब्रियल (47) के तौर

पर हुई है। गेब्रियल चोरी से इजराइल की सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। तभी उसे जॉर्डन के सैनिक ने गोली मार दी। जॉर्डन में स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना के बारे में जानकारी साझा की है। दूतावास ने कहा कि वे मृतक के परिवार के संपर्क में हैं और उसके शव को लाने की कोशिश में जुटे हैं। मृतक गेब्रियल के परिवार ने बताया है कि उन्हें बीते 1 मार्च को भारतीय दूतावास की ओर से एक ईमेल मिला जिसमें एनी थॉमस गेब्रियल की मौत की पुष्टि की गई। इसमें बताया गया कि घटना 10 फरवरी की है। रिश्तेदार के मुताबिक, गेब्रियल 5 फरवरी को तमिलनाडु में ईसाई धार्मिक स्थल वेलंकन्नी जाने की बात कह कर निकला था। लेकिन वह चार लोगों के साथ एक एजेंट की मदद से जॉर्डन पहुंच गया। चारों लोग 3 महीने के पर्यटन वीजा पर जॉर्डन पहुंचे थे। यहां से वे इजराइल की सीमा में घुसने की कोशिश कर रहा था। जॉर्डन की सेना ने उन्हें सीमा पर रोक लिया, लेकिन जब वे भागने की कोशिश कर रहे थे, तो सैनिकों ने उन पर गोलियां चला दीं।

इजराइल ने गाजा में मानवीय मदद की एंट्री रोकी

दूसरे फेज के सीजफायर पर सहमति न बनने के चलते लिया फैसला

गाजा, एजेंसी। इजराइल ने रविवार को गाजा में जानी वाली मदद पर एंट्री बैन कर दी है। शनिवार को इजराइल और गाजा के बीच पहले फेज का सीजफायर खत्म हो गया। अगले फेज के लिए कोई सहमति न बनने के चलते इजराइल इससे पीछे हट गया है। इजराइली पीएम के ऑफिस ने इस फैसले को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी है लेकिन ये चेतावनी दी है कि अगर हमास सीजफायर जारी रखने के अमेरिकी प्रस्ताव को नहीं मानेगा तो उसे इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। दरअसल, इजराइल ने अमेरिका समर्थित एक प्रस्ताव को अपनाने की बात कही थी, जिसके तहत रमजान और पासओवर के दौरान सीजफायर जारी रखने की योजना थी। इसके बदले, गाजा में बचे हुए आधे बंधकों को रिहा करने की शर्त रखी गई थी।

दुनिया पर राज कर रही भारत की व्हिस्की, टॉप 5 में भारतीय ब्रांड्स ने बनाई जगह

लंदन/वाशिंगटन , एजेंसी। भारत की व्हिस्की ने दुनिया में अपनी बादशाहत साबित कर दी है, जहां पहले भारत सिर्फ मसालों और चाय के लिए जाना जाता था, अब भारतीय व्हिस्की ग्लोबल मार्केट पर राज कर रही है। भारतीय ब्रांड्स ने दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली व्हिस्कियों की लिस्ट में 5 स्थान हासिल किए हैं, जबकि चीन का कोई भी ब्रांड इस सूची में नहीं है। यह केवल एक संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा और व्हिस्की की बेहतरीन क्वालिटी का प्रतीक है। हर घूंट के साथ भारतीय व्हिस्की दुनिया को अपना स्वाद चखा रही है और यह कहानी आने वाले सालों में और बेहतर होने वाली है।

भारत का ग्लोबल व्हिस्की मार्केट में दबदबा: द स्पिरिट्स बिजनेस ब्रांड चैंपियंस 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की व्हिस्की ने दुनियाभर में अपनी ताकत साबित

की है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि 2023 में सबसे ज्यादा बिकने वाली व्हिस्की भारतीय ब्रांड्स की रही। रिपोर्ट में भारतीय ब्रांड्स ने टॉप 10 में 5 स्थान प्राप्त किए हैं। जबकि चीन का कोई भी ब्रांड इस लिस्ट में नहीं है। यह भारत के व्हिस्की बाजार की बढ़ती ताकत और उसकी बेहतरीन क्वालिटी का एक स्पष्ट प्रमाण है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में भारत के ब्रांड्स ने सबसे ज्यादा बिक्री की। मैकडॉवेल्स 31.4 मिलियन केस के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं रॉयल स्टैग 27.9 मिलियन केस के साथ दूसरे स्थान पर था।

ऑफिसर्स चॉइस (23.4 मिलियन केस) और इम्पीरियल ब्लू (22.8 मिलियन केस) ने भी टॉप 4 में अपनी जगह बनाई। पांचवे स्थान पर स्कॉटलैंड का जॉनी वॉकर थी, जिसने 22.1 मिलियन केस बेचे। भारत की 8 पीएम व्हिस्की भी टॉप 10 में जगह बनाने में सफल रही, जिसने 12.2 मिलियन केस बेचे। इसके अलावा भारत के अन्य ब्रांड्स जैसे ब्लेंडर्स प्राइड (9.6 मिलियन केस), रॉयल चैलेंज (8.6 मिलियन केस) और स्टर्लिंग रिजर्व (5.1 मिलियन केस) ने भी टॉप 20 में अपनी जगह बनाई।

भारत में बढ़ती व्हिस्की की मांग

भारत में प्रीमियम व्हिस्की की मांग लगातार बढ़ रही है। उपभोक्ताओं का रुझान अब बेहतर गुणवत्ता वाली व्हिस्की की ओर बढ़ता जा रहा है, जिससे विदेशी कंपनियां भी भारतीय बाजार में निवेश करने के लिए उत्साहित हैं। हाल ही में भारत सरकार ने अमेरिका से आने वाली बॉर्बन व्हिस्की पर टैरिफ कम करने की घोषणा की है। इसके अलावा ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया भी भारत में अपने अल्कोहल ब्रांड्स की पहुंच बढ़ाने के लिए टैरिफ कटौती की मांग कर रहे हैं। यह भारत के बढ़ते व्हिस्की बाजार की और बढ़ती पहचान का स्पष्ट संकेत है।

भारत का बढ़ता दबदबा

इस रिपोर्ट से यह साफ हो जाता है कि भारत का व्हिस्की बाजार अब दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना चुका है। भारतीय ब्रांड्स की बढ़ती लोकप्रियता और बेहतरीन क्वालिटी ने उन्हें वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है। चीन जैसे बड़े बाजार का कोई भी ब्रांड टॉप 10 में न होना भारत की बढ़ती साख को और भी मजबूत करता है। आने वाले सालों में भारतीय व्हिस्की ब्रांड्स की मांग और बढ़ने की संभावना है, जिससे भारत का दबदबा और भी मजबूत होगा। यह सिर्फ संख्याओं की जीत नहीं, बल्कि भारत के स्वाद और गुणवत्ता की दुनिया में बढ़ती पहचान का प्रमाण है।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

विराट कोहली ने रोनाल्डो स्टाइल में मनाया जश्न, फैंस हुए क्रेजी



दुबई, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप स्टेज के आखिरी मुकाबले में विराट कोहली दुबई के मैदान पर फील्डिंग करते हुए खूब मजे लेते दिखे। भारतीय टीम जब पहली पारी में 249 रन बनाकर फील्डिंग कर रही थी, तभी विराट मस्ती के मूड में दिखे। उन्हें दर्शकों ने मशहूर फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो की तरह सेलिब्रेशन मनाते हुए देखा गया। कोहली ने न्यूजीलैंड पारी के 8वें ओवर के दौरान यह सेलिब्रेशन मनाया जब रचिन रवींद्र की जल्द विकेट गिरने के बाद विल यंग और केन विलियमसन पारी को संभाल रहे थे। कोहली और रोनाल्डो सोशल मीडिया साइट्स पर सबसे ज्यादा फॉलो होने वाले एथलीट्स में से एक है। रोनाल्डो के इंस्टाग्राम पर जहां 650 मिलियन फॉलोअर्स हैं तो वहीं, विराट के 270 मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह भारत के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले व्यक्ति भी हैं। विराट कोहली जहां इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में सिर्फ सचिन तेंदुलकर और कुमार संगाकारा से ही पीछे हैं तो वहीं, रोनाल्डो के नाम पर सबसे ज्यादा क्लब गोल का रिकॉर्ड है। विराट पहले ही क्रिस्टियानो को अपना फेवरेट फुटबॉलर मानते आए हैं। साल 2019 में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि मैंने रोनाल्डो नाज़ारियो, रोनाल्डिन्हो, ओलिवर काह्न, लुका मोड्रिक, एंड्रेस इनिएस्ता, ज़ावी, लियोनेल मेस्सी और रोनाल्डो के प्रदर्शन का आनंद लिया। मेरे लिए क्रिस्टियानो हर किसी से पहले है। वह दृढ़ निश्चयी हैं और उनका काम किसी से पीछे नहीं है। वह सफलता चाहता है, आप इसे हर खेल में देख सकते हैं।

कोहली ने कहा कि रोनाल्डो। मुझे लगता है कि उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और उन्होंने उन सभी को पार कर लिया है। वह अब तक देखे गए खिलाड़ियों में सबसे पूर्ण हैं और उनकी कार्य नीति, जैसा कि आपने पहले कहा, किसी से पीछे नहीं है। वह बहुत से लोगों को प्रेरित करते हैं। बहुत से लोग ऐसा नहीं करते हैं। वह एक नेता भी हैं और मैं उन्हें पसंद करता हूं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ केएल राहुल की होगी छुट्टी! ऋषभ पंत को मिलेगा मौका?

नई दिल्ली, एजेंसी। भले ही बांग्लादेश के खिलाफ केएल राहुल ने फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता, लेकिन यह विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी फॉर्म को बरकरार नहीं रख सका. न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल से कई गलतियां हुई. केएल राहुल की गलतियों ने कप्तान रोहित शर्मा और टीम मैनेजमेंट की परेशानी बढ़ा दी है. इस टूर्नामेंट के लिए केएल राहुल को फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर के तौर पर चुना गया. जबकि ऋषभ पंत को बैकअप के तौर पर रखा गया है. अब सवाल है कि क्या भारतीय टीम मैनेजमेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में केएल राहुल के साथ उतरेगी या फिर ऋषभ पंत का रूख करेगी?

न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने एक के बाद एक गलतियां की...

न्यूजीलैंड के खिलाफ केएल राहुल ने सबसे पहले केन विलियमसन का कैच छोड़ा. उस समय केन विलियमसन महज 1 रन बनाकर खेल रहे थे. इसके बाद केन विलियमसन 81 रन बनाकर पवैलियन लौटे. न्यूजीलैंड की पारी के 26वें ओवर में केएल राहुल से फिर बड़ी गलती हो गई. कुलदीप यादव की गेंद पर टॉम लेथम की बैट का एज लगा, लेकिन केएल राहुल कैच पकड़ने में नाकाम रहे. वहीं, केएल राहुल के कैच छोड़ने के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का रिएक्शन देखने लायक था. रोहित शर्मा बेहद उदास नजर आए.

तो अब केएल राहुल पर गिरेगी गाज?

केएल राहुल की गलतियों का सिलसिला यहीं नहीं रूका... न्यूजीलैंड की इनिंग के 35वें ओवर में रवींद्र जडेजा की गेंद पर फिर से केन विलियमसन का कैच छोड़ा. दरअसल, भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तो जीत गई, लेकिन अगर इन गलतियों को दुरूस्त नहीं किया गया तो नॉकआउट मैचों में परेशानी का सबब बन सकता है. दरअसल, ऐसा माना जाता है कि इस समय भारतीय सपोर्ट स्टाफ और कप्तान का भरोसा केएल राहुल के साथ है, लेकिन इसके बावजूद अगर ऋषभ पंत जैसे विकल्प बेंच पर बैठे हैं तो विचार किया जा सकता है. बहरहाल, यह देखना मजेदार होगा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में कप्तान और टीम मैनेजमेंट का फैसला क्या होता है?

फीफा वर्ल्ड कप क्वालिफायर

फैंस के लिए खुशखबरी, विश्व कप क्वालिफायर में अर्जेंटीना की कमान मेसी संभालेंगे

ब्यूनस आयर्स, एजेंसी। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जाएगा।

अर्जेंटीना के कोच लियोनेल स्कालोनी ने उरूग्वे और ब्राजील के खिलाफ दक्षिण अमेरिका विश्व कप फुटबॉल क्वालीफाइंग मैचों के लिसे लियोनेल मेसी की अगुआई में 33 खिलाड़ियों की प्रारंभिक टीम चुनी है। टीम में अंडर 21 स्ट्राइकर क्लाउडियो इचेवेरी को भी शामिल किया गया है जो हाल ही में मैनचेस्टर सिटी से जुड़े हैं। इनके अलवा निकोलस पाज, बेंजामिन डोमिनगेज और सैंटियागो कास्ट्रो भी टीम में हैं जो 21 वर्ष से कम उम्र के हैं। अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि उरूग्वे के 20 अंक हैं। पहला मैच मोंटेवीडियो में 21 मार्च को खेला जायेगा ।

वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा मोहम्मद शमी का यह बड़ा रिकॉर्ड, चैंपियंस ट्रॉफी में फाइफर लेने वाले दूसरे उम्रदराज गेंदबाज बने

दुबई, एजेंसी। भारतीय टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आखिरी लीग मैच में मौका दिया गया और उन्होंने क्या गेंदबाजी की। वरुण की गेंदबाजी को कीवी बल्लेबाज समझ ही नहीं पाए और उन्होंने 5 विकेट लेकर भारतीय टीम को 44 रन से जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। वरुण को उनकी इस घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। यही नहीं उन्होंने इस गेंदबाजी के दम पर मोहम्मद शमी के इस रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

वरुण चक्रवर्ती ने तोड़ा शमी का रिकॉर्ड

वरुण चक्रवर्ती ने कीवी टीम के खिलाफ 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए और वो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की तरफ से बेस्ट गेंदबाजी करने वाले दूसरे बॉलर बने। वरुण ने शमी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने इस टूर्नामेंट में भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ 53 रन देकर 5 विकेट लिए थे, लेकिन अब वो तीसरे नंबर पर चले गए जबकि 42 रन देकर 5 विकेट लेने वाले वरुण दूसरे नंबर पर आ गए। इस लिस्ट में रविंद्र जडेजा पहले स्थान पर हैं जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए बेस्ट गेंदबाजी

5/36 - रविंद्र जडेजा बनाम वेस्टइंडीज
5/42 - वरुण चक्रवर्ती बनाम न्यूजीलैंड
5/53 - मोहम्मद शमी बनाम बांग्लादेश
4/38 - सचिन तेंदुलकर बनाम ऑस्ट्रेलिया
4/45 - जहीर खान बनाम जिम्बाब्वे

हॉकी:

सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में तेलंगाना और दिल्ली की जीत

नई दिल्ली, एजेंसी। डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया। तेलंगाना और दिल्ली ने रविवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन डिवीजन बी में जीत दर्ज की जबकि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव ने भी डिवीजन सी के अपने मैच जीते। डिवीजन बी के पूल ए में तेलंगाना ने असम पर 3-1 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। दिन के दूसरे डिवीजन बी मैच में दिल्ली ने हिमाचल को 1-0 से हराया। डिवीजन बी में दिन का आखिरी मैच छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ के बीच 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ।

भारत के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया का स्टार ओपनर चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की टीम चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में है. मगर वहां पहुंचने के बाद उसे एक बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार ओपनर मैथ्यू शॉर्ट को टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा है. शॉर्ट के बाहर होने की वजह उन्हें लगी चोट है. ऑस्ट्रेलिया ने टीम में ऑलराउंडर की भूमिका निभाने वाले मैथ्यू शॉर्ट को युवा कूपर कोनोली से रिप्लेस किया है. शॉन मार्श की तरह बनने का इरादा रखने वाले कूपर भी बल्लेबाज होने के साथ-साथ शॉर्ट की ही तरह गेंद को टर्न कराने में भी माहिर हैं. मैथ्यू शॉर्ट को चोट अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में फील्डिंग करते हुए लगी थी, जिसके चलते उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होना पड़ा है. कप्तान स्टीव स्मिथ ने प्राइम वीडियो को बताया कि शॉर्ट सही से मूव भी नहीं कर पा रहे थे. हमें लगा था कि मुकाबले के बीच में मिले ब्रेक में वो रिकवर कर जाएंगे. मगर ऐसा नहीं हुआ. मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया को इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई थी. उस मैच में उन्होंने 66 गेंदों में 63 रन की पारी खेली थी. उसके अलावा शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में 15 गेंदों में 20 रन बनाए थे. इस तरह उन्होंने टूर्नामेंट के 2 मैचों में 83 रन बनाए.

शॉर्ट को कूपर कोनोली ने किया रिप्लेस

21 साल के कूपर कोनोली की ऑस्ट्रेलियाई टीम में एंट्री पर ICC की टेक्निकल कमेटी की तरफ से मुहर लग चुकी है. कूपर टीम के ट्रेवलिंग रिजर्व का हिस्सा थे. कूपर कोनोली ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था. उन्होंने अब तक सिर्फ 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 10 रन बनाने के अलावा उनका कुछ खास योगदान नहीं है.

सेमीफाइनल में खेल सकते हैं कूपर

कूपर कोनोली सोमवार को यानी सेमीफाइनल मुकाबले से पहले टीम से जुड़ जाएंगे. उनके बतौर ओपनर सेमीफाइनल में खेलने के भी कयास लग रहे हैं. हालांकि टीम के पास जैक फ्रेजर जैसे ओपनर पहले से ही हैं मगर कूपर के खेलने की बड़ी वजह उनकी लेफ्ट आर्म स्पिन होगी, जो की शॉर्ट की ही तरह टीम को गेंदबाजी का एक विकल्प देने का काम करेंगे.

कबड्डी:

6 मार्च से हरिद्वार में शुरू होगा युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप का महासंग्राम

हरिद्वार, एजेंसी। अपनी तरह का पहला कबड्डी टूर्नामेंट युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप 6 मार्च 2025 से वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम हरिद्वार में शुरू होने जा रहा है। इस चैंपियनशिप के दौरान प्रतिदिन चार मुकाबले होंगे जबकि ग्रैंड फिनाले 4 अप्रैल को खेला जाएगा।

युवा प्रतिभाओं को बढ़ावा देने वाले इस मंच के बारे में बताते हुए युवा कबड्डी सीरीज के सीईओ विकास गौतम ने कहा, यह टूर्नामेंट सर्वश्रेष्ठ युवा खिलाड़ियों की टक्कर वाला ऐसा प्रारूप होने वाला है, जैसा कबड्डी के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ।

30 दिनों तक लगातार होने वाले इन रोमांचक मुकाबलों में देश भर के युवा सितारे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते नजर आएंगे।

चर्चा को बढ़ाते हुए उन्होंने आगे कहा कि, युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप हमारे और युवा खिलाड़ियों के लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। यह युवा कबड्डी को एक नए मुकाम तक ले जाने का पहला कदम है और इसमें सम्मिलित होने वाले सभी प्रतिभागियों को मैं उज्जवल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।

12 टीमें भिड़ेंगी खिताब के लिए

इस टूर्नामेंट में 12 टीमें खिताब के लिए एक दूसरे के आमने-सामने नजर आएंगी। दिसंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच खेले गए 11वें युवा कबड्डी सीरीज संस्करण से 6 टीमें इस चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

डिवीजन 1 के विजेता पलानी टस्कर्स इस चुनौती की अगुवाई करेंगे, जबकि सोनीपत स्पार्टन्स (रनर-अप) और कुरुक्षेत्र वॉरियर्स (तीसरा स्थान) भी अपनी दावेदारी पेश करते नजर आएंगे।डिवीजन 2 से यूपी फाल्कन्स (चैंपियन) और चंडीगढ़ चार्जेस (रनर-अप) भी इस लीग का हिस्सा रहेंगे, वहीं डिवीजन 3 के विजेता वास्को वाइपर्स भी इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। इन 6 क्वालीफाई टीमों के अलावा 6 इनविटेशनल यूथ टीमें भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी, जिनके नाम जल्द घोषित किए जाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग 11 में कोई बदलाव न करे टीम इंडिया: शास्त्री

दुबई, एजेंसी। भारतीय सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में बिना किसी बदलाव के विजयी टीम के साथ उतरना चाहिए। उन्होंने इसका कारण यह बताया कि टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 44 रन की जीत के दौरान दुबई की परिस्थितियों का अच्छा अनुभव लिया है। भारत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को 44 रन से हराकर मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाई है। यह मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। खास बात यह है कि 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 50 ओवर के किसी भी आईसीसी नॉकआउट मुकाबले में यह पहली भिड़ंत हो रही है। उस मैच में भारत को अहमदाबाद में हार का सामना करना पड़ा था। शास्त्री ने आईसीसी के इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मुझे लगता है कि टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए क्योंकि अगले मैच के लिए केवल 48 घंटे का समय है। पिच पर खिलाड़ियों के दौड़ने से असर पड़ा है और वही पिच अगले मैच में इस्तेमाल होगी। ऐसे में स्पिनरों की भूमिका फिर से अहम रहेगी।

रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मैच में भारत ने दुबई की धीमी पिच को देखते हुए चार स्पिनरों - रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती - को खिलाया था। इन चारों ने कुल मिलाकर 9 विकेट लिए, जिसमें चक्रवर्ती सबसे सफल रहे। उन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट लिए, जो इस टूर्नामेंट में अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

शास्त्री ने सही समय पर चक्रवर्ती को मौका देने के लिए टीम मैनेजमेंट की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, अगर आप उनकी मौजूदा फॉर्म देखें, तो यह शानदार है। मैं हमेशा मानता हूं कि वर्तमान फॉर्म सबसे महत्वपूर्ण होती है। उनका आत्मविश्वास और बॉडी लैंग्वेज बेहतरीन है। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें इस टूर्नामेंट में बनी हुई हैं, लेकिन इनमें से किसी ने भी चक्रवर्ती को ज्यादा खेला नहीं है और न ही उन पर ज्यादा अध्ययन किया है।

उन्होंने आगे कहा, उनका प्रदर्शन मुझे बहुत प्रभावित कर रहा है। टीम मैनेजमेंट ने सही समय पर उन पर भरोसा दिखाया। वह बीच के ओवरों में विकेट निकालने वाले गेंदबाज हैं और अब जब उन्हें मौका मिला, तो उन्होंने पांच विकेट झटके। मुझे लगता है कि अब वह टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। शास्त्री ने यह भी कहा कि दुबई की पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240-250 का स्कोर बनाना सेमीफाइनल में जीत की कुंजी हो सकता है। उन्होंने कहा, अगर आप पहले बल्लेबाजी करते हैं और 240-250 से ज्यादा रन बना लेते हैं, तो यह इतने बड़े मुकाबले में काफी चुनौतीपूर्ण लक्ष्य होगा।